संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, गुरूवार, 21 मार्च 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 09 अंकः 79 पृष्ठः 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



पप्पू यादव की जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय हो गया है। पार्टी के अध्यक्ष पप्पू यादव ने इसका एलान कर दिया है।

# '45 प्रतिशत स्टार्ट-अप का नेतृत्व महिलाएं कर रही'

= हमारी युवा शक्ति की नवोन्मेषी भावना से संचालित भारत का स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र अभूतपूर्व गति से फल-फूल रहा: पीएम मोदी

**महाकुंभ**

8 आमतौर पर कारोबारी दिमाग सोचता है कि चुनाव नजदीक हैं, जब नई सरकार सत्ता में आएगी तब देखा जाएगा : पीएम

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्टार्टअप महाकुंभ को संबोधित करते हुए कहा कि 45 प्रतिशत से अधिक भारतीय स्टार्टअप का नेतृत्व महिलाएं कर रही हैं। हमारी युवा शक्ति की नवोन्मेषी भावना से संचालित भारत का स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र अभूतपूर्व गति से फल-फूल रहा है। प्रधानमंत्री ने बुधवार को नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि आमतौर पर कारोबारी दिमाग सोचता है कि चुनाव



नजदीक हैं, जब नई सरकार सत्ता में आएगी तब देखा जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव की घोषणा हो चुकी है और उसके बावजूद आपने इतना बड़ा आयोजन किया है। इसका मतलब है कि आप जानते हैं कि अगले पांच साल में क्या होने वाला है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि अपने तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाऊंगा। उन्होंने कहा, मैं यहां भविष्य के उद्यमियों और यूनिकॉर्न को देख रहा हूं। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना तंज कसा कि स्टार्टअप लॉन्च तो बहुत लोग करते हैं, राजनीति में तो ये बहुत ज्यादा होता है और बार-बार लॉन्च करना पड़ता है। आप में और उनमें फर्क ये है कि आप लोग प्रयोगशील होते हैं, एक अगर लॉन्च नहीं हुआ तो तुरंत दूसरे पर चले जाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जब देश 2047 के विकसित भारत के रोडमैप पर काम कर रहा है, ऐसे समय में मुझे लगता है कि इस स्टार्टअप महाकुंभ का बहुत महत्व है। बीते दशकों में हमने देखा है कि भारत ने कैसे आईटी और सॉफ्टवेयर सेक्टर में अपनी छाप छोड़ी है। अब हम भारत में इनोवेशन और स्टार्टअप कल्चर का ट्रेंड लगातार बढ़ता हुआ देख रहे हैं। भारत आज अगर ग्लोबल स्टार्ट-अप स्पेस के लिए नई उम्मीद, नई ताकत के रूप में उभर रहा है तो इसके पीछे एक सोची समझी दृष्टि आ रही है। भारत ने सही समय पर सही निर्णय लिए हैं। सही समय पर स्टार्ट-अप्स को लेकर काम शुरू हुआ। स्टार्टअप इकोसिस्टम की बदलती मानसिकता पर मोदी ने कहा कि भारत के युवाओं ने नौकरी चाहने वाले के बजाय नौकरी निमार्ता बनने का रास्ता चुना है। भारत की युवा शक्ति का सामर्थ्य आज पूरी दुनिया देख रही है। इस सामर्थ्य पर भरोसा करते हुए देश ने स्टार्टअप इकोसिस्टम निर्माण की तरफ अनेक कदम उठाए हैं। भारत ने स्टार्टअप-20 के तहत दुनिया भर के लिए इकोसिस्टम को एक साथ लाने का प्रयास किया है। इसी भारत मंडपम में जी-20 के दिल्ली घोषणापत्र में पहली बार स्टार्टअप को न सिर्फ शामिल किया गया, बल्कि उन्हें विकास का प्राकृतिक इंजन भी माना गया। स्टार्ट-अप को डिजिटल इंडिया द्वारा प्रदान किए गए प्रोत्साहन को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह एक बड़ी प्रेरणा है और सुझाव दिया कि कॉलेज इसे एक केस स्टडी के रूप में लें। उन्होंने उल्लेख किया कि यूपीआई फिन-टेक स्टार्ट-अप के लिए समर्थन का एक स्तंभ बन गया है जो देश में डिजिटल सेवाओं के विस्तार के लिए नवीन उत्पादों और सेवाओं के विकास का नेतृत्व करता है।

## 'कुछ को बार-बार करना पड़ता है लॉन्च'

**टीम एक्शन इंडिया**


**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को स्टार्टअप महाकुंभ का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि कई लोग राजनीति में स्टार्टअप शुरू करने की कोशिश करते हैं और उन्हें बार-बार लॉन्च करना पड़ता है, लेकिन आप लोगों में और उनके बीच नए विचारों का फर्क है। पीएम मोदी ने कहा कि स्टार्टअप लॉन्च तो बहुत लोग करते हैं, राजनीति में तो ये बहुत ज्यादा होता है और बार बार लॉन्च करना पड़ता है। आप में और उनमें फर्क ये है कि आप लोग प्रयोगशील होते हैं, एक अगर लॉन्च नहीं हुआ तो तुरंत दूसरे पर चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि आज जब देश 2047 के विकसित भारत के रोडमैप पर काम कर रहा है, ऐसे समय में मुझे लगता है कि इस स्टार्टअप महाकुंभ का बहुत महत्व है।

**आदर्श विचार**



"सुकून संसार की सबसे महँगी वस्तू है।" भागवद्

**मन की बात**



"सच को कहने के हजारों तरीके हो सकते हैं और फिर भी सच तो वही रहता है।" स्वामी विवेकानंद

**तीसरी आंख**




## 'रोहिंग्याओं को भारत में बसने का हक नहीं'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने कहा है कि अवैध रोहिंग्याओं को भारत में बसने का अधिकार नहीं है। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामा में ये बातें कही हैं। केंद्र सरकार का कहना है कि एक विदेशी नागरिक को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत यहां जीवन जीने और स्वतंत्रता का अधिकार प्राप्त है लेकिन उसे देश में निवास करने और बसने का अधिकार नहीं है। केंद्र सरकार ने कहा है कि रोहिंग्याओं को तिब्बती और श्रीलंकाई शरणार्थियों के समान नहीं मान सकते हैं। केंद्र सरकार ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के अधिकारों की भी एक सीमा है और वो उस हद को पार करके संसद की शक्तियों को कमतर नहीं कर सकता है। याचिका प्रियाली सुर ने दायर की है। याचिका में हिरासत में लिए गए रोहिंग्याओं की रिहाई की मांग की गई है। याचिका में सुर ने तिब्बत और श्रीलंका के शरणार्थियों का हवाला देकर मांग की कि रोहिंग्याओं के साथ भी सरकार वैसा ही व्यवहार करे।

## पीएम मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति से की बात

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की से टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत-यूक्रेन साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, "भारत-यूक्रेन साझेदारी को मजबूत करने पर राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के साथ अच्छी बातचीत हुई। शांति के लिए सभी प्रयासों और चल रहे संघर्ष को शीघ्र समाप्त करने के लिए भारत के निरंतर समर्थन से अवगत कराया। भारत निर्देशित मानवीय सहायता प्रदान करना जारी रखेगा।"

**पुतिन से पीएम मोदी ने की टेलीफोन पर बातचीत :** आपको बता दें कि इस बीच पिछले रविवार को चुनाव में भारी मतों से विजयी हो कर छह और वर्षों के लिए राष्ट्रपति बने ब्लादिमीर पुतिन से पीएम नरेन्द्र मोदी ने बुधवार (20 मार्च) को टेलीफोन पर बात की। पीएम मोदी पहले ही दोनों नेताओं के बीच इस बात की सहमति बनी की वह भारत व रूस के विशेष रणनीतिक रिश्ते को और ज्यादा प्रगाढ़ बनाएंगे। साथ ही दोनो नेताओं ने मौजूदा द्विपक्षीय रिश्तों



**चर्चा**

8 दोनों नेताओं ने भारत-यूक्रेन साझेदारी को और मजबूत करने पर की चर्चा

के विभिन्न आयामों की भी समीक्षा की, क्षेत्रीय व वैश्विक हालातों पर भी चर्चा हुई।

**पीएम मोदी ने भारत के पुराने रूख को दोहरायाः** यूक्रेन-रूस युद्ध पर पीएम मोदी ने भारत के पुराने रूख को दोहराया कि इस विवाद का समाधान कूटनीति व वार्ता से ही हो सकती है। विदेश मंत्रालय ने बताया है कि पीएम मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन को चुनाव में विजयी होने पर बधाई दी और रूस की जनता के लिए शांति, प्रगति व संपन्नता की कामना की।

## प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन से की फोन पर बातचीत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से टेलीफोन पर बातचीत की। प्रधानमंत्री ने उन्हें रूस के राष्ट्रपति के रूप में फिर से चुने जाने पर बधाई दी और रूस के मैत्रीपूर्ण लोगों को शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए शुभकामनाएं दीं।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार दोनों नेता आने वाले वर्षों में भारत और रूस के बीच विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में ठोस प्रयास करने पर सहमत हुए।

## ..तो चोरी करने वालों के हाथ काट दिए जाते: अमित शाह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दावा किया है कि लोकसभा चुनाव में बीजेपी अकेले 370 से ज्यादा सीटें हासिल करने में कामयाब रहेगी। इसके अलावा उन्होंने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लेकर भी बयान दिया। साथ ही उन्होंने विरोधी दलों को आड़े हाथ भी लिया। काशी-मथुरा को लेकर भी बात की गई। उनसे पूछा गया कि पार्टी का नारा था कि मंदिर वहीं बनाएंगे, मंदिर आप लोगों ने बनवाया भी। अब नया नारा है अभी ये तो झांकी है, काशी-मथुरा बाकी है.. क्या अगले पांच सालों में ये देखने को मिलेगा?

**करोड़ो राम भक्त देख रहे थे भव्य मंदिर का सपनाः** इसके जवाब में अमित शाह ने कहा कि सारे मामले कोर्ट में हैं, मेरा कुछ कहना उचित नहीं



होगा। मैं कहना चाहूंगा कि हमारी पालमपुर कार्यकारिणी में ये वादा किया गया था कि हम संवैधानिक रूप से राम का भव्य मंदिर अयोध्या में बनाएंगे। 500 साल से करोड़ों राम भक्त इसकी राह देख रहे थे। वो काम पीएम मोदी ने पांच साल में कर दिया। कोर्ट का फैसला भी आ गया और भूमिपूजन भी हो गया। मैं मानता हूं कि इस क्षण को 10 हजार साल तक दुनिया इसे भुला नहीं पाएगी। राम मंदिर बनना बड़े लोकतंत्र का उदाहरण है। हिंदुओं का बहुमत होने के बावजूद 75 साल तक राम मंदिर की राह देखी। हमने कोर्ट का इंतजार किया और उसके बाद संवैधानिक तरीके से राम मंदिर का निर्माण कार्य हुआ। दुनिया में ऐसे उदाहरण देखने को नहीं मिलते हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत में हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई या बौद्ध सभी को एक कानून के साथ जीना चाहिए. धार्मिक स्वतंत्रता में कोई दखल नहीं होना चाहिए।

## बीजेपी-बीजेडी के गठबंधन पर सस्पेंस बरकरार

**टीम एक्शन इंडिया**

**भुवनेश्वरः** ओडिशा में भाजपा-बीजद गठबंधन को लेकर गृहमंत्री अमित शाह का बड़ा बयान सामने आया है। अमित शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इस चुनाव में अच्छा परिणाम लाएगी। हालांकि, आगामी दिनों में बीजद के साथ गठबंधन होगा या नहीं उसका निर्णय राष्ट्रीय अध्यक्ष लेंगे। कुछ दिनों में यह स्थिति भी स्पष्ट हो जाएगी। अमित शाह दिल्ली में एक निजी टीवी चैनल के कार्यक्रम में भाग लिए थे। इस समय उनसे



पूछा गया कि ओडिशा में भाजपा और बीजद के बीच चुनावी गठबंधन हो रहा है या नहीं, इस सवाल के जवाब में अमित शाह ने कहा कि ओडिशा में भारतीय जनता पार्टी की ताकत बढ़ रही है। पहले की तुलना में पार्टी की शक्ति में काफी इजाफा हुआ है। ओडिशा में अगर हम अकेले चुनाव लड़ते हैं तो हम सरकार बनाने के लिए चुनाव लड़ेंगे।

उन्होंने आगे यह भी कहा कि ओडिशा में पार्टी लोकसभा एवं विधानसभा में दोनों में अच्छा प्रदर्शन करेगी। हालांकि, गठबंधन होता या नहीं वह निर्णय हो जाए। इसके बाद यदि गठबंधन होता है तो उसका निर्णय हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष लेंगे।

**नियुक्ति...** केंद्र ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति मामले पर सुप्रीम कोर्ट में दिया जवाब

## 'राजनीतिक विवाद खड़ा करना है याचिका का मकसद'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति मामले पर सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर दिया है। चुनाव आयुक्तों के चयन में मुख्य न्यायाधीश को शामिल न करने के चलते नियुक्ति रद्द करने की मांग का केंद्र सरकार ने विरोध किया है।

**नियुक्ति रद्द करने की मांग का केंद्र ने किया विरोधः** केंद्र ने अधिनियम पर रोक लगाने की मांग करने वाले आवेदनों का विरोध करते हुए कहा है कि चुनाव आयोग या किसी अन्य संगठन या प्राधिकरण की स्वतंत्रता का सवाल ही नहीं उठता और यह चयन



समिति में न्यायिक सदस्य की उपस्थिति के कारण नहीं है।


**हलफनामे में क्या कहाः** हलफनामे में कहा गया है कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य

**सुनवाई**

8 चुनाव आयुक्त की नियुक्ती के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है

निर्वाचन आयुक्त अधिनियम, 2023 चुनाव आयोग की उच्च संवैधानिक संस्था की रक्षा करता है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले में निर्धारित सिद्धांतों का पालन करते हुए आयोग के कामकाज के लिए और भी अधिक लोकतांत्रिक और सहभागी वैधानिक तंत्र का निर्माण करता है।

**'चुनाव आयुक्तों की योग्यता पर सवाल नहीं': सुप्रीम कोर्ट** में दाखिल जवाब में केंद्र ने कहा कि यह दलील गलत है कि आयोग तभी स्वतंत्र होगा, जब चयन समिति में जज हों। चुनाव आयुक्तों की योग्यता पर सवाल नहीं है। इस याचिका का मकसद सिर्फ राजनीतिक विवाद को खड़ा करना है। बता दें कि मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ती के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। इस याचिका में सीईसी अधिनियम, 2023 के प्रावधानों को चुनौती दी गई है।



# जेजेपी का शक्ति प्रदर्शन

### कांग्रेस के पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह पार्टी में शामिल, लोकसभा चुनाव में संगठन की ताकत दिखाएगी जेजेपी

**मान-सम्मान**

**8 दुष्यंत चौटाला ने राव बहादुर का जेजेपी में स्वागत किया और कहा कि उन्हें जेजेपी में पूरा मान-सम्मान मिलेगा**



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** लोकसभा चुनाव में भाजपा का साथ न मिलने पर अपने बूते लड़ने की तैयारी में जुटी जननायक जनता पार्टी ने बुधवार को कांग्रेस छोड़कर आए पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह को शामिल कर शक्ति प्रदर्शन किया हैं। चंडीगढ़ स्थित जेजेपी प्रदेश कार्यालय पर पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला ने राव बहादुर का जेजेपी में स्वागत किया और कहा कि उन्हें जेजेपी में पूरा मान-सम्मान मिलेगा। दुष्यंत चौटाला ने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव तक और भी कई मजबूत साथी जेजेपी में आ सकते हैं। राव बहादुर सिंह जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला की जन आक्रोश यात्रा के दौरान साथी रहे हैं। वे नांगल चौधरी से विधायक रहे हैं। राव बहादुर सिंह भिवानी-महेन्द्रगढ़ लोकसभा से चुनाव भी लड़ चुके हैं। जेजेपी में शामिल होने के बाद पूर्व विधायक राव बहादुर ने दुष्यंत चौटाला को साफ-सुथरी कार्यशैली और छवि वाला नेता बताया। उन्होंने कहा कि अजय सिंह चौटाला आम कार्यकर्ता को भी विधायक बनने का अवसर देते है।

राव बहादुर ने कहा कि कांग्रेस में मेहनती कार्यकताओं की अनदेखी होती है, जबकि जेजेपी में कार्यकताओं को परिवार का सदस्य माना जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में कार्यकताओं को झूठा दिलासा देकर ठगा जाता है। इस अवसर पर जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह, वरिष्ठ नेता डॉ केसी बांगड़, बृज शर्मा, प्रदेश कार्यालय सचिव रणधीर सिंह सहित कई अन्य जेजेपी नेता आदि मौजूद रहे।

## फसल खरीद प्रबंधन में विफल नई सरकार - दुष्यंत चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं जेजेपी के वरिष्ठ नेता दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि मौजूदा हरियाणा सरकार किसानों को लेकर गंभीर दिखाई नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि न तो सरकार किसानों को चुनाव आचार संहिता लगने से पहले फसल खराबे का मुआवजा दे पाई और न ही रबी फसल की खरीद प्रबंधन बारे कोई फैसला ले रही। वे बुधवार को चंडीगढ़ में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आचार संहिता लगने के चलते अब किसानों को फसल खराबे के मुआवजे के लिए 90 दिन तक इंतजार करना पड़ेगा क्योंकि जेजेपी की मांग के बावजूद भी नई हरियाणा सरकार ने समय पर मुआवजा देने बारे फैसला नहीं लिया। इतना ही नहीं प्रदेश सरकार अब तक मंडियों में किसानों की फसलें आने के बावजूद खरीद का प्रबंध भी नहीं कर पाई है। यहां तक कि सरसों को एमएसपी पर खरीदा जाएगा या भावांतर भरपाई योजना से, कौन सी एजेंसी कैसे खरीद करेगी, यह भी तय नहीं हो पाया है। दुष्यंत चौटाला ने मुख्यमंत्री से भ्रमण करने की बजाय किसानों के हित में फसल खरीद बारे जल्द प्रबंधन करने की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व गठबंधन सरकार के दौरान साढ़े चार साल में किसानों को यह चिंता नहीं करनी पड़ी। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि समय पर फसलों को खरीदा गया और करीब एक लाख करोड़ रुपए का सीधा किसानों के खाते में भुगतान हुआ। लोकसभा चुनाव के संदर्भ में दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी लोकसभा चुनाव मैदान में पूरे हौसले और मजबूती के साथ उतरेगी।

## रामपाल माजरा की इनेलो में वापसी, बनाए गए प्रदेश अध्यक्ष

**घर वापसी**

**8 वर्ष 2019 में इनेलो छोड़कर भाजपा में गए थे रामपाल माजरा, दस सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेगी**



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के पूर्व मुख्य संसदीय सचिव रामपाल माजरा बुधवार को फिर से इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) पार्टी में शामिल हो गए हैं। इनेलो में आते ही पार्टी ने उन्हें नफे सिंह राठी की जगह प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया है। रामपाल माजरा वर्ष 2019 में इनेलो छोडकर भाजपा में शामिल हो गए थे। कुछ ही समय बाद कृषि कानूनों को लेकर उन्होंने भाजपा को अलविदा कह दिया था। रामपाल माजरा ने इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व वाली पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर अभय सिंह चौटाला ने चंडीगढ़ स्थित इनेलो मुख्यालय में पत्रकारों बताया कि रामपाल माजरा को इनेलो का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि जब इनेलो पार्टी की स्थापना की गई थी, तब से ही रामपाल माजरा ने जननायक चौधरी देवीलाल और चौधरी ओम प्रकाश चौटाला के साथ मिलकर पूरी लगन और निष्ठा से पार्टी को मजबूत करने का काम किया था। इनेलो के प्रति रामपाल माजरा का हमेशा लगाव रहा है। रामपाल माजरा कुछ समय के लिए निष्क्रिय हुए थे, लेकिन अब फिर से पार्टी को मजबूत करने के लिए इनेलो के साथ आए हैं। पार्टी के सारे कार्यकताओं की और इनेलो सुप्रीमो ओम प्रकाश चौटाला की यह इच्छा थी कि पार्टी की कमान रामपाल माजरा को सौंपी जाए। आज से हम सभी इनके नेतृत्व में काम करेंगे।

भाजपा के मुख्यमंत्री बदलने पर अभय चौटाला ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया था कि वो 14 फसलें एमएसपी पर खरीद कर रहे हैं।

## भाजपा के लिए रोहतक लोकसभा सीट नहीं है कोई चुनौती: सीएम



**टीम एक्शन इंडिया**

**रोहतक:** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भाजपा के लिए कोई भी सीट चुनौती नहीं है और दस की दस सीटों पर भाजपा प्रत्याशी भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों में जनता को पूरा विश्वास है और आज लोगों को घर बैठे सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। वे बुधवार को रोहतक पहुंचे और कई कार्यक्रमों में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश चुनाव प्रचार समिति की बैठक में नेताओं के साथ चुनाव को लेकर चर्चा की।

उन्होंने कहा कि 2019 में पूर्व सीएम हुड्डा कहते थे कि रोहतक की सीट जीतकर हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनाएंगे, लेकिन चुनाव परिणामों से पिता-पुत्र को पता चल गया कि अब कांग्रेस से लोगों का विश्वास उठ चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस के शासन को नहीं भूली है कि किस प्रकार भ्रष्टाचार हुआ करता था। पत्रकारों से बातचीत करते हुए सीएम ने कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री बनाया गया है और उनका लक्ष्य मोदी सरकार व मनोहर लाल सरकार के दौरान जो काम किए गए हैं उनको आगे बढ़ना है। प्रदेश चुनाव प्रचार समिति की बैठक में मंथन किया गया कि किस तरह से लोकसभा की 10 की 10 सीटों पर जीत दर्ज की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कार्यकताओं को एक-एक वोटर तक पहुंचना है। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई व्यक्ति छूटना नहीं चाहिए जिससे भाजपा के कार्यकर्ता ने संपर्क न किया हो।

**जीत दर्ज करेंगे**

**8 पूर्व सीएम हुड्डा कहते थे कि रोहतक की सीट जीतकर हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनाएंगे**

## लोकसभा चुनाव की रणनीति के मद्देनजर नायब मंत्रिमंडल का गठन

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा में मुख्यमंत्री बदलने के बाद नए मंत्रिमंडल के गठन में भी भाजपा ने लोकसभा चुनाव में जीत की रणनीति को लागू किया है और जातीय व क्षेत्रीय समीकरणों का ध्यान रखा है। मुख्यमंत्री का चेहरा ओबीसी वर्ग से लेकर विभिन्न जातियों में बटे इस बड़े जातीय समूह को साधने की कोशिश की गई है।

मंत्रिमंडल विस्तार में प्रदेश के आठ लोकसभा क्षेत्रों में कम से कम एक विधायक को मंत्री या राज्य मंत्री के रूप में प्रतिनिधित्व दिया गया है। जहां भाजपा मजबूत है, वहीं नए चेहरों को मंत्री पद का तोहफा दिया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के गढ़ रोहतक और सोनीपत लोकसभा क्षेत्र में जहां भाजपा कमजोर है, वहां किसी नेता को मौका नहीं दिया गया है। अब संतुलन बनाने के लिए रोहतक से पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर या सोनीपत से मोहन लाल बड़ौली को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनाया जा सकता है।



नए मंत्रिमंडल में खुद मुख्यमंत्री नायब सैनी ओबीसी चेहरा हैं, जबकि मंत्री पद देने में जाटों, वैश्य और पंजाबियों को साधने की कोशिश की गई है। अनुसूचित जाति और राजपूत को भी मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व दिया है। मनोहर कैबिनेट के मुकाबले मंत्रिमंडल में जाटों की संख्या कम है, लेकिन इस बार वैश्य कोटे को अधिक तवज्जो मिली है।

वैश्य कोटे से पंचकूला विधायक ज्ञानचंद गुप्ता को पहले ही विधानसभा स्पीकर बनाया हुआ है। वहीं हिसार विधायक डॉ. कमल गुप्ता को फिर से कैबिनेट मंत्री के तौर पर सरकार में शामिल होने का मौका मिला है।

तीसरे वैश्य के रूप में अंबाला सिटी विधायक असीम गोयल की राज्य मंत्री के रूप में नियुक्ति मिली है। मंत्रिमंडल में जाट समाज से 3, वैश्य समाज, पंजाबी और अनुसूचित जाति से 2-2, यादव समाज, राजपूत, गुर्जर और ब्राह्मण समाज से 1-1 विधायक को मौका दिया गया है।

अंबाला लोकसभा क्षेत्र को सबसे अधिक प्रतिनिधित्व मिला है। मुख्यमंत्री नायब सैनी खुद अंबाला से ताल्लुक रखते हैं। अंबाला शहर से विधायक असीम गोयल को राज्यमंत्री पद मिला है। यमुनानगर से कंवरपाल गुर्जर को कैबिनेट मंत्री पद मिला है। पंचकूला से विधायक ज्ञानचंद गुप्ता विधानसभा अध्यक्ष हैं। पंचकूला भी अंबाला लोकसभा क्षेत्र ही हिस्सा है।

## पुलिस में एसआई लगवाने का झांसा दे हड़पे पांच लाख

**टीम एक्शन इंडिया**

जींद: जुलाना थाना पुलिस ने हरियाणा पुलिस में एसआई लगवाने का झांसा देकर पांच लाख रुपये हड़पने तथा रिटर्न तौर पर दिए गए चेक बाउंस हो गए। बुधवार को पुलिस ने इस मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी ,धमकी देने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। गांव शामलो कलां निवासी प्रेम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव लखमीरवाला हाल आबाद सेक्टर छह निवासी जगमेंद्र मलिक के साथ पुरानी जान पहचान रही है।

## इनेलो नेता अभय चौटाला को मिलेगी वाई प्लस सुरक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार इनेलो नेता अभय चौटाला को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा उपलब्ध कराएगी। बुधवार को पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट में इस केस की सुनवाई के दौरान सरकार ने यह जानकारी दी है। इनेलो नेता अभय चौटाला ने जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा की मांग करते हुए याचिका दाखिल की थी। याचिका में कहा गया था कि बीते कुछ समय से धमकियां मिल रही हैं। चौटाला ने अपनी याचिका में बताया कि पदयात्रा के दौरान 17 जुलाई, 2023 को कॉल और



वॉइस मैसेज भेजकर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। उस समय उनके निजी सहायक रमेश गोदारा की शिकायत पर हरियाणा पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज की थी। फिर उन्होंने 7 मार्च को अपने और परिवार के सदस्यों के लिए 24 घंटे जेड-प्लस श्रेणी की सुरक्षा के लिए राज्य सरकार को एक ज्ञापन सौंपा था। याचिका दाखिल करते हुए अभय चौटाला ने बताया था कि 25 फरवरी को कुछ गैंगस्टरों ने इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी की बेरहमी से हत्या कर दी थी। राठी की गाड़ी पर अंधाधुंध फायरिंग की गई थी और राठी को 11 गोलियां लगी थीं। वारदात के बाद लंदन में मौजूद गैंगस्टरों ने हत्या की जिम्मेदारी ली थी। हाईकोर्ट ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए 18 मार्च को हरियाणा सरकार को नोटिस जारी किया था। इस नोटिस के बाद सरकार ने रिपोर्ट दाखिल करने के लिए दो दिन का समय मांगा था। बुधवार को हाईकोर्ट में बताया गया कि सरकार

**जवाब दाखिल**

**8 इनेलो नेता अभय चौटाला ने जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा की मांग करते हुए याचिका दाखिल की थी**

## बीजेपी सरकार की नीतियों से जनता निराश: कुमारी सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस की महासचिव, पूर्व मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा है कि युवा जो रोजगार की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, पिछड़े और वंचित वर्ग जो अपने अधिकारों की तलाश में हैं, महंगाई की मार से जूझती महिलाएं, और अपनी फसलों के उचित मूल्य की मांग करते किसान; ये सभी वर्तमान सरकार की नीतियों से निराश हैं। इस निराशा के बीच, वर्तमान की भाजपा सरकार के अन्याय से जूझ रही जनता के लिए कांग्रेस न्याय की 5 गारंटी लेकर आयी है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें रोजगार प्रदान करने का वादा करती है, कांग्रेस सभी वर्गों की समान भागीदारी सुनिश्चित करेगी और श्रमिकों के अधिकारों और कल्याण के लिए समर्पित रहेगी। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा की गारंटी देती है, कांग्रेस किसानों को न्याय देगी और



**साधा निशाना**

**8 कांग्रेस का वादा है कि वह इस देश के हर नागरिक और वर्ग के लिए न्याय की गारंटी लेकर आएगी**

किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य दिलाने का आश्वासन देती है। कांग्रेस का वादा है कि वह इस देश के हर नागरिक और वर्ग के लिए न्याय की गारंटी लेकर आएगी, जो वंचितों और पिछड़ों को उनके अधिकार दिलाने, युवाओं और महिलाओं को रोजगार प्रदान करने, और किसानों को उनकी फसलों का सही दाम देने में सहायक होगी।

## हरियाणा पुलिस मुख्यालय पर इलेक्शन सेल स्थापित

**स्थापित**

**8 इस सेल के माध्यम से प्रदेश में आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करवाई जाएगी**



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से लोकसभा चुनाव 2024 करवाने के लिए हरियाणा पुलिस द्वारा पंचकूला स्थित पुलिस मुख्यालय पर इलेक्शन सेल स्थापित किया गया है। इस सेल के माध्यम से प्रदेश में आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करवाई जाएगी ताकि लोग भय मुक्त होकर निष्पक्ष ढंग से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि इलेक्शन सेल द्वारा प्रदेश में कानून व्यवस्था सुचारू रखने के साथ-साथ चुनाव संबंधी कई अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों पर निगरानी रखी जाएगी। सेल के संचालन के लिए स्टेट नोडल ऑफिसर के रूप में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था संजय कुमार को तैनात किया गया है जबकि नोडल अधिकारी डीएसपी, कानून एवं व्यवस्था, ममता सौदा को लगाया गया है। इसके अलावा, प्रदेश के सभी जिलों में डीएसपी तथा एएसपी स्तर के अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है जो पुलिस मुख्यालय में स्थापित किए गए इलेक्शन सेल को निर्धारित बिंदुओं के आधार पर रोजाना अपने जिलों की रिपोर्ट भेजेंगे। इलेक्शन सेल की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी देते हुए कपूर ने बताया कि पुलिस मुख्यालय में बनाए गए इलेक्शन सेल के माध्यम से प्रदेश में आदर्श आचार संहिता के तहत जारी दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इलेक्शन सेल द्वारा पुलिस बल की उपलब्धता तथा उसकी तैनाती एवं इससे संबंधित मुद्दो को लेकर जिलों से तालमेल स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही, प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर क्रिटिकल (जटिल) क्षेत्रों की पहचान करते हुए वहां पर पुलिसकर्मियों की तैनाती का निर्णय भी लिया जाएगा।

## गुरुग्राम: सीएम नायब सैनी के बारे में अपशब्द बोलने पर सीपी से की शिकायत

**टीम एक्शन इंडिया**

गुरुग्राम: यूट्यूब पर एक व्यक्ति द्वारा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को और सैनी समाज पर आपत्तिजनक शब्द कहे जाने पर रोष प्रकट किया है। इसके विरोध में सूर्यवंशी क्षत्रिय महासभा ने पुलिस आयुक्त से शिकायत करते हुए इस मामले में कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। सूर्यवंशी क्षत्रिय महासभा के संस्थापक नन्द किशोर सैनी ने जानकारी दी है कि किसी भी समाज पर टिप्पणी करने से पहले उनके इतिहास को जानना चाहिए। सैनी समाज एक सूर्यवंशी क्षत्रिय समाज है, जिसमें भगवान श्री रामचन्द्र जी और भगवान गौतम बुद्ध जी, महावीर जी, देश के प्रथम चक्रवर्ती सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य जैसे वीर हुए ह

## जींद: लोकसभा चुनाव में 10 लाख 1499 मतदाता करेंगे मत का प्रयोग

**टीम एक्शन इंडिया**

जींद: भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 की घोषणा कर दी गई है। इस घोषणा के साथ ही जिला में आचार संहिता लागू हो गई है। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार कोई भी राजनीतिक दल, उम्मीदवार या पार्टी समर्थक चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए बिना अनुमति के लाउड स्पीकर का प्रयोग नहीं कर सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बुधवार को बताया कि बताया कि अधिक ध्वनि पर लाउडस्पीकर का अंधाधुंध और निर्बाध उपयोग करने से लोगों को परेशानी के साथ-साथ शांति भंग होने का खतरा रहता है।

इसलिए संबंधित राजनीतिक दल या उम्मीदवार चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए अधिक ध्वनि में लाउडस्पीकर का प्रयोग न करें। प्रशासन की अनुमति के साथ ही सुबह छह बजे से रात 10 बजे तक लाउड स्पीकर का प्रयोग किया जा सकता है।

**जिला के 10 लाख 1499 मतदाता करेंगे मत का प्रयोग:** जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनावों की घोषणा कर दी गई है। हरियाणा की सभी दस सीटों पर आगामी 25 मई को मतदान होगा। जिसमें जिले के पांच विधानसभा क्षेत्रों में 10 लाख एक हजार 499 मतदाता 1032 बूथों पर अपने मत का प्रयोग करेंगे। इसके अलावा जिला में पांच सखी बूथ भी बनाए जाएगें। वहीं युवा मतदाताओं में भी लोकसभा चुनाव को लेकर काफी जोश और उत्साह देखने को मिल रहा है। जिले की बात करें तो 19 हजार 903 युवा पहली बार मतदान करेंगे। युवा मतदाताओं में 9915 पुरुष और 9987 महिला मतदाता शामिल हैं।

## हिसार: मोटरसाइकिल चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**हिसार:** जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में बुधवार को दो युवकों को गिरफ्तार किया है। उनसे चोरीशुदा 11 मोटरसाइकिल बरामद हुई हैं। पुलिस के अनुसार पाबड़ा निवासी ललित उर्फ लालू व खेदड़ निवासी सुशील उर्फ शीलू ने इस वर्ष 22 जनवरी की रात को सेक्टर 1-4 कम्युनिटी सेंटर के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी की थी। मुख्य सिपाही जयबीर ने बुधवार को बताया कि थाना एचटीएम में योग नगर निवासी सुरजीत ने सेक्टर 1-4 कम्युनिटी सेंटर के सामने से मोटरसाइकिल चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी।

## सुशील गुप्ता ने गांवों में लोगों के बीच पहुंचकर जीत का आशीर्वाद लिया, 'इंडिया' गठबंधन को जिताने की अपील की

### 'किसान का बेटा कहने वाले मुख्यमंत्री नायब सैनी सांसद रहते कभी किसानों से मिलने क्यों नहीं आए'

**टीम एक्शन इंडिया**

**कलायत/कैथल:** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने बुधवार को प्रेसवार्ता कर कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के कलायत विधानसभा के गांव एवं वार्ड में चुनावी यात्रा शुरू की। उनके साथ कांग्रेस नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश जेपी के पुत्र विकास सहारण, सुखबीर सिंह, लीलाराम, राम मोहन, जस्सी राणा, जगबीर मौन और कर्मबीर मौजूद रहे। उन्होंने अपनी चुनावी यात्रा गांव हरिपुरा से शुरू की। इसके बाद वे गांव सिनंद में लोगों से मिले। वहां से दुब्बल में ग्रामीणों से रूबरू हुए। इसके बाद कुराड़ गांव में पहुंचे। यहां से गांव खेड़ी लांबा, डूंडवा, कोलेखा और पिंजूपुरा पहुंचकर लोगों को संबोधित किया और आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों और महिलाओं का आशीर्वाद लिया और



"इंडिया" गठबंधन को भारी बहुमत से जिताने की अपील की। कलायत के वार्ड नंबर 12 में ग्रामीणों के सामने भाजपा की तानाशाही नीतियों की पोल खोली। यात्रा का समापन देर शाम कलायत की रविदास कॉलोनी वार्ड 1 में हुआ। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन कुरुक्षेत्र लोकसभा में पूरी मजबूती के साथ तैयारी कर रहा है। इंडिया गठबंधन को जन जन का समर्थन मिल रहा है और हर व्यक्ति कह रहा है कि हरियाणा के लोग भाजपा सरकार से परेशान है। उन्होंने कहा कि कलायत क्षेत्र किसान बहुल क्षेत्र है और भाजपा किसान विरोधी सरकार है। किसानों को आजतक बारिश से खराब फसल का मुआवजा नहीं मिला। सरकार झूठी हामी तो भरती है लेकिन मुआवजा नहीं देती। भाजपा सरकार किसानों के साथ पोर्टल पोर्टल का खेल खेलती रहती है। किसानों की लगभग सात लाख एकड़ फसल खराब हुई लेकिन सरकार ने केवल 93 हजार एकड़ फसल खराब मानी और हरियाणा के लिए अब तक केवल 60 करोड़ रुपए जारी किए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने 2022 तक किसानों को आय दोगुनी करने का वादा किया था लेकिन आय तो दोगुनी नहीं हुई कर्जा डबल हो गया है। कृषि मंत्री के गृह जिले भिवानी में किसानों पर तीन गुना कर्जा हो गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार मेरी फसल मेरा ब्यौरा के नाम पर किसानों के करोड़ों रुपए खा गई। फर्जी रजिस्ट्रेशन करवाए गए और उनके खातों में पैसे गए। परंतु आज तक उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। किसान फसल मंडी में लेकर जाता है तो एमएसपी नहीं मिलती और मंडियों में अनाज डालने के लिए व्यवस्था नहीं होती। किसान दिन रात सड़कों पर पड़ा रहता है। उन्होंने कहा कि अनाज के साथ साथ सब्जियों के साथ भी ऐसा ही होता है, किसानों को दाम सही नहीं मिलते।

# श्याम फाल्गुन महोत्सवः भव्य निशान यात्रा निकाली गई

## हजारों की संख्या में महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे हाथ में खाटूश्याम की ध्वजा लिए नाचते गाते शहर में विभिन्न बाजारों से होते हुए सोनीपत धाम तक पंहुची

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** श्याम फाल्गुन महोत्सव के उपलक्ष में बाबा धाम से सोनीपत धाम तक भव्य निशान यात्रा निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे हाथ में खाटूश्याम की ध्वजा लिए नाचते गाते शहर में विभिन्न बाजारों से होते हुए सोनीपत धाम तक पंहुची।

मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने बाबा धाम पंहुचकर खाटूश्याम के दरबार में माथा टेका एवं निशान यात्रा का शुभारम्भ किया। श्रधालुओं के साथ राजीव जैन भी हाथ में ध्वजा लिए साथ चल रहे थे। उन्होंने महोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि खाटू नरेश त्याग, तपस्या एवं समर्पण की मिसाल थे जो हमें भगवान के प्रति निःस्वार्थ श्रद्धा



रखने की प्रेरणा देते हैं।

भाजपा नेता ने कहा है कि खाटूश्याम का गुणगान तीन बाणधारी, कलयुग के अवतारी, हारे का सहारा के रूप में किया जाता है और जो भक्त दरबार में पंहुचता है उसकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। उन्होंने आगे कहा कि श्रधालुओं का राजस्थान में रींगस तथा चुलकाना धाम की तरफ सैलाब सनातन धर्म



को मजबूत कर रहा है। राजीव जैन को पगड़ी एवं शाल देकर सम्मानित किया गया।

यात्रा में राजीव गोयल, राकेश मित्तल, अनुज मंगला, नीरज सैनी, संजीत दहिया, पवन दहिया, प्रवीण मित्तल, आनंद सरोहा, राहुल वर्मा, मोहित गोयल, दीपक जैन, अभी दहिया, प्रवीण दहिया सहित हजारों श्याम बाबा के श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# नगर निगम नोडल अधिकारी को जमा करवाये खंडित लगभग 3000 राष्ट्र ध्वज

**तिरंगा का सम्मान**

8 तिरंगा लगाकर भूलना नही है । तिरँगा फटा हो या मैला हो गया हो तो उसे किसी भी समय उतारा कर बदले

**टीम एक्शन इंडिया**

**तिरंगा** सम्मान संकल्प टीम सोनीपत लगातार बदहाल राष्ट्रीय ध्वजो को संभालने का देश हित कार्य कर रही है । आज संस्था ने नगर निगम नोडल अधिकारी साहब सिंह को लगभग 3000 खण्डित राष्ट्रीय ध्वजों को निष्पादन हेतु सोंपा । संस्था माँ भारती रक्तवाहिनी के संस्थापक रायपुर निवासी प्रेम गौतम ने ऑटो रिक्शा से खण्डित ध्वज उतार कर लोगो को जागरूक करना प्रारंभ किया जिसके बाद 15 जून 2022 से तिरँगा सम्मान संकल्प नाम से मुहिम की सुरुआत हुई । अब इस मुहिम से 250 से ज्यादा तिरंगा वीर जुड़ चुके है



जिन्होंने अब तक दिल्ली सहित 5 जिलों में इस मुहिम के तहत लोगो की छतों पर दुकानों पर संस्थानों पर फैक्ट्रियों पर लगे कटे फटे ,मैले बदहाल राष्ट्रीय ध्वजों को उतारा जा चुका है जिसकी सँख्या 8 हजार से ज्यादा हो चुकी है । जिसके लिए मुहिम का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी नाम दर्ज हो चुका है । संस्था हर देश वासी से अपिल करती है कि राष्ट्र ध्वज के लिए हमारे कितने ही देश के नागरिकों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया है तब जाकर राष्ट्र ध्वज हम बड़ी शान से फहराते है। तिरंगा लगाकर भूलना नही है । तिरँगा फटा हो या मैला हो गया हो तो उसे किसी भी समय उतारा कर बदले ओर खंडित ध्वज को नगर निगम में जमा करवाये या हमारी टीम को सोंप दे । तिरंगे जमा करवाने के लिए तिरंगा वीर रामबीर शर्मा व तिरंगा वीर अंकित त्यागी मौजूद रहे ।

# जीएमएन कॉलेज में सामाजिक बुराइयों के प्रति निकाली रैली



**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में प्राचार्य डॉ रोहित दत्त की अध्यक्षता में, राजनीतिक विज्ञान विभाग एवं ड्रॉप्स ऑफ चेंज के संयुक्त तत्वाधान में सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूकता रैली का सफल आयोजन किया गया । जिसका मुख्य उद्देश्य समाज को सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक करना रहा रैली की शुरूआत प्राचार्य डॉ.रोहित दत्त द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई। डॉ दत्त ने कहा कि है यह रैली एक महत्वपूर्ण कदम है जो हमारे समाज में व्याप्त समस्याओं को सामने लाने और उनका समाधान करने की दिशा में महत्वपूर्ण है ।उन्होंने कहा कि जी.एम.एन कॉलेज सदैव आम जनता को बेहतर और समृद्ध समाज की दिशा में प्रेरित करने के लिए प्रयासरत रहता है। उन्होंने कहा कि इस रैली के माध्यम से

**जागरूक किया**

8 राजनीतिक विज्ञान विभाग एवं ड्रॉप्स ऑफ चेंज के संयुक्त तत्वाधान में बुराइयों के प्रति जागरूकता रैली निकाली

हमारा उद्देश्य समाज को समृद्ध, संबलित और समानता की भावना से युक्त बनाना है।

रैली के संयोजक डॉ राकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस रैली में हमने विभिन्न सामाजिक मुद्दों के बारे में जानकारी दी है, जैसे कि जातिवाद, लिंग भेदभाव ,अशिक्षा और अन्य समस्याएं। इस रैली में राजनीतिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष.एस.एस नैन, डॉ.राकेश कुमार ,डॉ तृप्ति शर्मा, श्री लवप्रीत सिंह एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण मौजूद रहे।

# विजय हिंदुस्तानी ने उपायुक्त के नाम दिया ज्ञापन

## लघु सचिवालय में विजय हिंदुस्तानी को देखने के लिए उमड़ी भीड़-सेल्फी लेते नजर आए लोग

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** विजय हिंदुस्तानी पर भगत सिंह को शहीद का दर्जा दिलाने और देशभक्ति का ऐसा जुनून सवार है कि इसके लिए वह देश भर में भ्रमण पर निकल पड़ा है। विजय हिंदुस्तानी ने अपनी पीठ पर 250 से ज्यादा शहीद सैनिकों के नाम गुदवा रखे हैं। यही नहीं वह 342 तिरंगे अपनी छाती पर लोहे की रंगा पिन गड़वाकर एक घंटा 40 मिनट का विश्व रिकॉर्ड भी अपने नाम कर चुका है। विजय हिंदुस्तानी (26) शामली जिले के गांव भारसी का रहने वाला है। बुधवार को वह लघु सचिवालय में पहुंचा तो उसे देखने वालों की भीड़



जुट गई। हर कोई उसका परिचय और यात्रा पर निकलने की वजह पूछते नजर आया। विजय ने बताया कि वह एक यात्रा पर निकले हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य भगत सिंह को शहीद का दर्जा दिलाना है। इसके लिए वह हर जिले में जाकर अधिकारियों से मिलकर राष्ट्रपति के नाम मांग पत्र सौंप रहे हैं। उन्होंने सोनीपत के लघु सचिवालय में उपायुक्त के नाम अपना ज्ञापन एसडीएम सोनीपत अमित खोखर

**शहीद का दर्जा**

8 विजय हिंदुस्तानी ने अपनी पीठ पर 250 से ज्यादा शहीद सैनिकों के नाम गुदवा रखे हैं

को सौंपा।

विजय ने बताया कि जब हमारा कोई फौजी भाई सीमा पर शहीद होता है तो राजनीति करने के लिए नेता उनके घर पहुंच जाते हैं मगर कुछ फौजी ऐसे होते हैं जिनके घर कोई नहीं जाता लेकिन वहां हमारी टीम जाती है।

# यक्तित्व विकास विषय पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद।** चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में केरियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में व्यक्तित्व विकास विषय पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या लखबीर कौर ने छात्राओं को व्यक्तित्व के विकास का महत्व समझाते हुए कहा कि औपचारिक शिक्षा एक संपूर्ण व्यक्तित्व के बिना अधूरी है।इस व्याख्यान के वक्ता डीएन कॉलेज के पूर्व प्राचार्य सुभाष शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि विद्यालय व महाविद्यालय शिक्षा के मंदिर हैं तथा शिक्षार्थी देश का भविष्य होते हैं। शिक्षा जिससे ज्ञान का निर्माण होता है ही व्यक्तित्व विकास का मूल बिंदु है। उन्होंने छात्राओं को व्यक्तित्व विकास की दिशा में आगे बढ? हेतु कुछ बिंदु चिह्नित कराए। उन्होंने कहा कि यदि मनुष्य के पास ज्ञान है तो किस बात की कमी है और यदि ज्ञान की कमी है तो उसके पास कुछ भी नहीं है। इसके पश्चात उन्होंने छात्राओं से साहस के साथ अपनी बात रखने का आह्वान किया। उन्होंने लॉर्ड मैकाले के भारत की शिक्षा के बारे में कहे गए कथन को उद्धृत करते हुए समझाया कि भारत की प्राचीन शिक्षा का लोहा सभी मानते थे।

# छात्र नेता भारत बराड़ बने आप छात्र विंग से प्रदेश उपाध्यक्ष

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** छात्र नेता भारत बराड़ लंबे समय से हरियाणा के सभी विश्वविद्यालय और कॉलेज में छात्रों और युवाओं की आवाज उठाते आ रहे हैं, चाहे वो किसी भी विश्वविद्यालय या कॉलेज में बढाई हुई फीस का मामला हो या फिर विद्यार्थियों की रुकी हुई स्कॉलरशिप का मामला हो और चाहे हरियाणा सरकार द्वारा नौकरियों में किए गए घोटालों को लेकर हो, सीईटी के पेपर में हुई धंधाली को लेकर हो, इन्होंने युवाओं की हर लड़ाई लड़ी है और इस सरकार को झुकाया है और युवाओं के हित में फैंसले



करवाए हैं। अगर हम भारत बराड़ की राजनीतिक यात्रा के बारे में चर्चा करें तो भारत बराड़ 2018 में भगवान परशुराम कॉलेज के अध्यक्ष रहे, उसके बाद आम आदमी पार्टी की युवा विंग से शाहाबाद के अध्यक्ष रहे। उरर से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के अध्यक्ष बने। अभी हाल ही में लोकसभा चुनाव में शाहाबाद से इनको सर्कल प्रभारी की जिम्मेदारी भी मिली है। युवाओं में अच्छी पकड़ होने की वजह से आम आदमी पार्टी में और हरियाणा में इनका अपना वजूद है, अच्छा नाम है। शाहाबाद विधानसभा में भी ये काफी सालों से सक्रिय है, वहां के हर गांव और हर वार्ड में जाकर इन्होंने आम आदमी पार्टी का प्रचार किया है। इसी को देखते हुए विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी से शाहबाद विधानसभा से प्रत्याशी हो सकते है।

# नशे के विरुद्ध 73वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अपील**

8 नशे को समूल नष्ट करने के लिए एनसीबी हरियाणा प्रत्येक बिन्दु पर कार्य कर रही है - अशोक



**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओ.पी. सिंह के दिशानिर्देशों और पुलिस अधीक्षक नितिका गहलोत एवं पुलिस अधीक्षक पंखुड़ी कुमार के आदेशानुसार हरियाणा के सभी जिलों में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। उच्चाधिकारियों के निदेशों से ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा प्रतिदिन हरियाणा के अलग अलग शहरों और गाँव में जाकर नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते हैं। इस कड़ी में वे अम्बाला शहर में स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में पहुंचे हुए थे। यहाँ पर प्राचार्य भूपेंद्र सिंह सांगवान के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 73 वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रतिबंधित नशे पर प्रतिबंध लगाया गया है तो यह नशा कहाँ से, क्यों, कैसे और किसके लिए आ रहा है। यह विचार योग्य है। इस प्रश्न का उत्तर देते हुए डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने स्वतंत्रता से पूर्व के भारत और स्वतंत्रता के पश्चात के भारत पर चर्चा करते हुए बताया कि भारत सदियों से विदेशियों के आकर्षण का केंद्र बिन्दु रहा है। यही कारण है कि स्वतंत्रता के पश्चात भी भारत पर उनके बार आक्रमण हुए हैं। आज भारत की युवा पीढ़ी को नशे की लत में डालकर उन्हें शिकार बनाया जा रहा है जो कदापि स्वीकार नहीं है। हरियाणा सरकार द्वारा नशा मुक्त हरियाणा के आशय से 25 अगस्त 2020 को हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो का गठन किया गया है। हरियाणा पुलिस और ब्यूरो द्वारा पिछले वर्ष नशा तस्करों के विरुद्ध 3823 अभियोग अंकित कर 5460 अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जा चुका है। इतना ही नहीं 86 नशा तस्करों की संपत्तियां जब्त कर उन्हें सलाखों के पीछे भेजा गया है। इसके साथ ही भारत सरकार और हरियाणा सरकार नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रमों से युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक कर रही है। उन्होंने कविताओं के माध्यम से भी युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से परिचित कराया और बताया कि यह किस प्रकार परिवार और समाज के साथ साथ राष्ट्र के लिए घातक है। उन्होंने युवाओं से ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर निर्भीक होकर नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों की गुप्त सूचनाएं देने के लिए प्रोत्साहित किया।

# 'सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों को सरकार दे रही है बेहतरीन सुविधाएं'

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** राजकीय उच्च विद्यालय कल्याण में एस एमसी के सदस्यों की मीटिंग हुई। जिसमें प्रधान गुरमीत व सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया ।मूख्याध्यापक ज्ञानचंद सैनी ने सभी सदस्यों को एसएमसी के सदस्यों के कर्तव्य के बारे में बखूबी से बताया। स्कूल में पारदर्शिता लाने के लिए विभाग के द्वारा कमेटी का गठन किया हुआ है ।जो स्कूल में चल रहे कार्यों की देखरेख करती है ।मुख्य अध्यापक ने सदस्यों को स्कूल में हो रहे सभी कार्य के बारे में बताया। उन्होंने साथ-साथ यह भी निवेदन किया की गांव के बच्चों को सरकारी स्कूल में भेजना सुनिश्चित करें ।अब सरकारी



स्कूलों में प्राइवेट स्कूल से ज्यादा सुविधा मिलती है। मुख्याध्यापक ने बताया कि केवल सरकारी स्कूल के बच्चे बुनियाद और टॉप 100 में भाग ले सकते हैं ।इस वर्ष बुनियाद में आठवीं कक्षा के दो बच्चों का दाखिला भी हुआ है। जिनको फ्री में कोचिंग दी जाएगी। बाहर से कोचिंग लेने के लिए लगभग 2 लाख रुपए देना पड़ता है ।साथ में यह भी आह्वान किया की एक अप्रैल से अपने बच्चों को स्कूल में भेजना सुनिश्चित करें ।30 मार्च को बच्चों का रिजल्ट घोषित किया जाएगा । ज्ञानचंद सैनी ने सरकारी स्कूलों में

**चर्चा**

8 विद्यालय कल्याण में एस एमसी के सदस्यों की मीटिंग हुई। जिसमें सदस्यों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया

मिल रही सुविधाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी । इस मौके पर एसएमसी के प्रभारी संदीप ने भी सदस्यों को अपने कर्तव्य के बारे में बताया । हर इकबाल ,अनिल खन्ना गुरिंदर कौर ,यादविंदर सिंह ,मोहित , सिंदर पाल, पवन कुमार,सपना, एबीआरसी आशा उपस्थित रहे।

# खैरी के सरकारी स्कूल में 7 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ शुभारंभ

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खैरी में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया ।विद्यालय के प्रधानाचार्य दया सिंह स्वामी ने अपने संदेश में स्वमसेवकों को राष्ट्र की धरोहर बताया ।उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर स्वयंसेवक न केवल अपना विकास करते है बल्कि राष्ट्र की उन्नति में भी योगदान करते है ।उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे मन से इस शिविर से जुड़े ।कार्यक्रम अधिकारी सुभाष चौहान ने एनएसएस के



महत्व और इसकी उपयोगिता की जानकारी दी। शिविर में जो गतिविधियाँ आयोजित की जाएगी उन पर भी चर्चा की । इस अवसर पर विद्यालय की कक्षा बारहवीं के छात्र छात्रायें शामिल हुई ।अनिल चुग ,जसविंदर सिंह ,मोनिका ,डिम्पल ,पूनम ,वंदना ,संगीता भूपिन्दर आदि स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे ।

# हम घटनाओं को नहीं, मगर उनके प्रति अपने दृष्टिकोण को बदल सकते हैंः बीके

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय के डी.डी. कॉलोनी स्थित सेवाकेंद्र की ओर से सेक्टर-7 के शिव मंदिर मे आयोजित खुशियां आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे दिन माउंट आबू से पधारे विख्यात मोटिवेशनल वक्ता प्रो. बीके ओंकार चंद भाई ने सभी को तनाव मुक्त रहने के तरीके बताए। वे 'अलविदा तनाव' विषय पर अपने विचार रख रहे थे। उन्होंने कहा कि हम घटनाओं को नहीं बदल सकते, लेकिन घटनाओं के प्रति अपने दृष्टिकोण को तो बदल ही सकते हैं। अपने को बेहतर बनाने के लिए इतना समय दें कि दूसरों की आलोचना करने के लिए आपके पास समय ही न हो। हर दिन को उत्सव बनाने का प्रयास करें। उन्होंने



कहा कि उत्साह के साथ हर दिन का प्रारंभ करें और प्रेम, प्रसन्नता के साथ समापन। कैसी भी परिस्थिति आ जाए, लेकिन हम अपने मन की स्थिरता नहीं बिगाड़ें। हर परिस्थिति में मन को शान्त रखने की कला सीख लें। जैसे आकाश में बादलों का आना जाना लगा रहता है, वैसे ही परिस्थितियां भी आती जाती रहती हैं। परिस्थितियों से घबराने की बजाए उन्हें परीक्षाएं समझ कर पार करें। अपने मन को मजबूत बनाने के लिए प्रतिदिन सवेरे अच्छे विचारों का भोजन मन को दें। मन के शान्त न होने से उसका दुष्प्रभाव हमारे शरीर पर भी पड़ता है। उन्होंने कहा कि हम आज जीवन में इतना दौड़ रहे हैं कि हमारे पास पीछे रुक कर देखने का भी समय नहीं है कि मैं कहां दौड़ रहा हूं और क्यों दौड़ रहा हूं। क्या बाहरी प्रगति करना ही मेरा लक्ष्य है, ये हमें अपने भीतर देखने का समय ही नहीं है। उन्होंने बताया कि आध्यत्मिकता हमें अपने अन्दर झांकने के लिए प्रेरित करती है। जीवन में भरपूरता, संतुष्टता और खुशी केवल आध्यत्मिकता से ही

**विचार**

8 सभी को तनाव मुक्त रहने के तरीके बताए। वे 'अलविदा तनाव' विषय पर अपने विचार रख रहे थे

आ सकती है। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन और म्यूजिकल एक्सरसाइज के साथ किया गया ।रोहतक कंज्यूमर फॉर्म के चेयरमैन भूपेंद्र नाथ शर्मा बतौर मुख्यतिथि कार्यक्रम मे पधारे। ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र की संचालिका बीके शकुंतला बहन ने कहा कि आज हमारा मन सारा दिन दूसरों को सुधारने के कार्य में ही लगा रहता है।

## न्यूज फ्लैश

### बैंक आडिट पर सेमिनार आयोजित




**चंडीगढ़:** चार्टेड अकाउंटेंड्स (सीए) समुदाय के राष्टीय व्यापी सर्वोच्च संध – दी इंस्टीच्यूट आफ चार्टेड अकाउंटेंड्स आफ इंडिया (आईसीएआई) की चंडीगढ़ शाखा ने होटल शिवालिकव्यू में बैंक सेमिनार पर आडिट की मेजबानी की। इस सैमिनार में चंडीगढ़ ट्राईसिटी के लगभग 200 सीए ने भाग लिया । नई दिल्ली स्थित आईसीएआई की आडिटिंग एंड ऐश्योरेंस स्टैंडड्र्स बोर्ड ने इस सेमिनार का आयोजन किया। आईसीएआई चंडीगढ़ के चेयरमेन सीए अभिषेक सिंह चौहान के अनुसार अपने साथी सीए सदस्यों को सरकार द्वारा समय समय पर बैंकिंग परिदृश्य में लाये जा रहे संशोधनों के बारे में सरल तरीके से समझाना आईसीएआई की एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। सेमिनार का उद्देश्य सीए सदस्यों को ओर अधिक सशक्त बनाना था ताकि वे समाज और व्यापार को बेहतरीन तरीके से सेवा प्रदान कर सके। यूनियन बैंक आफ इंडिया के जनरल मैनेजर अरुण कुमार इस अवसर पर मुख्यातिथि थे जबकि पूर्व चेयरमेन –सीए बृज भूषण शर्मा और सीए मस्तान सिंह चंबियाल गेस्ट आफ आनर के रुप आमंत्रित हुये जिन्होनें प्रतिनिधियों को संबंधित विषय पर गहनता से परिचित करवाया।

गेस्ट स्पीकर्स – सीए आस्था गुप्ता, सी परवीन कुमार और सीए लोकेश गुप्ता आडिट आफ लोन्स एंड एड्वांसिस, प्लानिंग आफ बैंक आडिट एंड डाक्यूमेंटेशन, आईआरएसी नार्म और लोंग फार्म ओडिट रिपोर्ट आदि विषयों पर प्रकाश डाला। सेमिनार का अंत सदस्यों द्वारा पूछे गये प्रश्नों के उत्तर देकर हुआ जिसमें सभी ने अपने भ्रम मिटाये।

### क्रोमा पेश कर रहा है गर्मियों की सेल 2024 के तहत शानदार ऑफर!

**गाजियाबाद ।** क्रोमा ने अपने गर्मियों की सेल अभियान की घोषणा की है जो मई 2024 तक जारी रहेगा। गर्मी की शुरूआत के साथ, यह बहुप्रतीक्षित गर्मियों की सेल ग्राहकों के लिए अपने घरों को बढ़ते तापमान से बचाने और शानदार डील तथा भुगतान में आसानी के साथ ताजातरीन उपकरणों से लैस करने का सही अवसर प्रदान करती है। उपभोक्ताओं को स्टोर और क्रोमा.कॉम पर 1.5 टन स्प्लिट एसी की कीमत बस 1,500 रुपये से शुरू होगी। ग्राहक कोई भी इलेक्ट्रॉनिक्स का सामान ला सकते हैं और नया एसी घर ले जा सकते हैं। ग्राहक आकर्षक एक्सचेंज और अपग्रेड विकल्प, कैशबैक ऑफर और 24 महीने तक की लचीली ईएमआई योजनाओं के साथ 250+ एयर कंडीशनर, 300+ रेफ्रिजरेटर, रूम कूलर और पंखों की व्यापक रेंज पर 45,000 रुपये तक के लाभ और अन्य फायदों का आनंद ले सकते हैं। इस ऑफर में इन्वर्टर स्प्लिट एसी शामिल हैं जिनकी कीमत केवल 24,990 रुपये से शुरू होती है, जो आपके घर को ठंढा और आरामदायक रखने का एक किफायती तरीका प्रदान करते हैं, और एसी पर 6500 रुपये तक का एक्सचेंज लाभ भी है। रूम कूलर की कीमत 4,500 रुपये से शुरू होती है, जो कम कीमत पर ठंढक पाने की तलाश करने वालों के लिए आदर्श हैं। प्रीमियम कूलिंग में रुचि रखने वालों के लिए, एलजी आईएनवी/एसी 1.5 टन 5-स्टार एसी, जिसकी मूल कीमत 91,990 रुपये थी, अब केवल 53,490 रुपये में उपलब्ध है, जिससे 45,000 रुपये तक की बचत होगी। इसके अतिरिक्त, बजाज पीएमएच 18 डीएलएक्स रूम कूलर अब 4,500 रुपये में मिलेगा है, जो उच्च गुणवत्ता वाली कूलिंग को अधिक सुलभ, सुविधाजनक और किफायती बनाता है। ग्राहक रेफ्रिजरेटर पर 24 महीने तक की आसान ईएमआई का भी लाभ उठा सकते हैं, जिससे आपके रसोई उपकरणों को अपग्रेड करना पहले से कहीं अधिक आसान हो जाएगा।

# मेयर निखिल मदान ने शहरवासियों को दी फाल्गुन एकादशी की बधाई

## श्याम प्रेमियों द्वारा बाबा धाम कामी रोड से खाटू श्याम सोनीपत धाम तक निकाली गई भव्य निशान यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः नगर निगम** मेयर निखिल मदान ने बुधवार को समस्त श्याम भक्तों को फाल्गुन एकादशी की शुभकामनायें दी । इस पावन अवसर पर उन्होंने श्याम बाबा के चरणों में नमन किया। साथ ही श्री खाटू श्याम मंदिर के श्याम प्रेमियों द्वारा आयोजित फाल्गुन एकादशी निशान यात्रा में हिस्सा लिया और श्याम प्रभु के जयकारे लगाए। बुधवार को श्याम प्रेमियों द्वारा शहर के कामी रोड पर स्तिथ बाबा धाम से लेकर रोहतक रोड स्तिथ खाटू श्याम सोनीपत धाम



तक निशान यात्रा निकाली गई। जिसमे हजारों श्याम प्रेमियों ने निशान ध्वज उठाकर हिस्सा लिया। निशान यात्रा में श्रद्धालुओं द्वारा शिव पार्वती एवं अन्य मनमोहक झांकियां भी निकाली गई। मेयर निखिल मदान ने बताया की श्याम बाबा कलयुग के भगवान है और वो सच्चे मन से पूजने वाले अपने हर भक्त की मनोकामना पूरी करते हैं। खाटू श्याम बाबा को भगवान श्री कृष्ण का वरदान है जिसके चलते वो हर घर में पूजे जा रहे हैं। खाटू श्याम बाबा हारे का सहारा है और हर कमजोर व्यक्ति की रक्षा करते है। कार्यक्रम में अनुज मंगला,, राजीव गोयल,राकेश मित्तल, संजीत दहिया,परवीन मित्तल, आनंद सरोहा,सुमित मित्तल, तरुण गौतम,पवन दहिया,प्रवीण दहिया, प्रेम रोहिल्ला,रमेश मंगला, राहुल वर्मा,नीरज सैनी, गौरव रोहिल्ला,कमल गोयल, सचिन वर्मा ,दीपक जैन,पंकज बंसल,मोहित गोयल ,अनुज मित्तल ,दीपक वर्मा,प्रदीप वर्मा,धर्मवीर भारद्वाज,प्रवीण वर्मा,शिव कुमार वर्मा,आदि लोग मौजूद रहे।

## आर.ई.सी ईस्टर्न चैंपियनशिप में छाए लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी के बॉक्सर

**गुवाहाटी में 11 मार्च** से 18 मार्च, 2024 तक आर.ई.सी ईस्टर्न जॉन ओपेन टैलेंट हंट खेलों इंडिया बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी के 5 बॉक्सरों ने पदक जीते। 54 किलो भार वर्ग में आदित्य पांडे ने रजत पदक, 57 किलो भार वर्ग में सारंग ने कांस्य पदक, 60 किलो भार वर्ग में अभिनव चहल ने रजत पदक, 71 किलो भार वर्ग में हिमांशु दहिया ने रजत पदक व +80 किलो भार वर्ग में प्रिंस ने कांस्य पदक जीतकर लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी, सोनीपत व अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। बॉक्सिंग कोच रोहतास कुमार ने बताया कि आर.ई.सी चैंपियनशिप को पूरे देश में 4 जोन में विभाजित कर कराई गई। इस चैंपियनशिप में पदक विजेता रहे खिलाडियों का आगामी आर.ई.सी कम्बाइंड नेशनल लेवल




टैलेंट हंट प्रोग्राम के लिए चयन किया गया है जो कि 30 मार्च से 15 अप्रैल, 2024 तक रोहतक में आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता के लिए लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी, सोनीपत के 20 बॉक्सरों का चयन हुआ है जो कि लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी के लिए बहुत ही खुशी की बात है।

## विधायक महिपाल डांडा को मंत्री बनाए जाने पर जश्न का माहौल

**कमाल हुसैन**
**पानीपतः** ग्रामीण के विधायक महिपाल डांडा को हरियाणा सरकार में मंत्री पद दिए जाने का समाचार सुनते ही जिला पानीपत के सभी विकास खंडों के ग्रामीण ने जगह-जगह लड्डू बांट कर खुशी मनाई ' उल्लेखनीय है कि बहुत लंबे समय के अंतराल के बाद पानीपत जिला को हरियाणा सरकार में मंत्री का स्थान मिला है ' पानीपत जिला के गांव सिवाह में महिला सरपंच सुनीता आर्या और आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल पानीपत के प्रधान रणदीप आर्य ने गांव में लड्डू बाटकर खुशी मनाई प्रधान रणदीप आर्य ने कहा कि लोकतंत्र में जनता और सरकार के बीच कोई सीमा रेखा नहीं होती' विधायक महिपाल ढांडा ने इसी सिद्धांत पर चलते हुए अपने घर के द्वारा 24 घंटे जनता के लिए खुले रखे हैं' जिसके कारण उनकी लोकप्रियता की चर्चा पूरे हरियाणा में हो



रही है और आज उनकी लोकप्रियता का ही इनाम है कि इन्हें मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है' रणदीप आर्य ने कहा कि अब किसान और कैमरा वर्ग की समस्याओं का समाधान और तेजी से होगा वही विकास कार्यों को भी विशेष गति मिलेगी ।

## बगैर मान्यता के चल रहे छह स्कूलों को नोटिस

**गन्नौर ।** क्षेत्र में चल रहे बगैर मान्यता के चल रहे स्कूलों के खिलाफ शिक्षा विभाग सख्त हो गया है। बिना मान्यता चल रहे स्कूलों को पता लगाने के लिए खंड शिक्षा विभाग की तरफ से कमेटी बनाई गई। जिसके बाद क्षेत्र के 6 स्कूलों को चिह्नित किया गया, जो बिना मान्यता के चल रहे थे। खंड शिक्षा विभाग की तरफ से इन सभी स्कूल संचालकों को नोटिस जारी कर दिया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी सतीश शर्मा ने बताया कि जांच में ऐसे स्कूल सामने आए जिनके पास शिक्षा विभाग से मान्यता ही नहीं थी। मानकों को ताक पर रखकर यह स्कूल काफी समय से संचालित हो रहे थे। इसके अलावा 1 स्कूल के पास मान्यता तो थी लेकिन वह मान्यता से ऊपर की कक्षाएं संचालित कर रहा था।

## सेंट जोसेफ स्कूल में धूमधाम से मनाया स्नातक समारोह

**मनीष कुमार**
**अम्बालाः अंबाला शहर** स्थित सेंट जोसफ स्कूल में यू के जी के बच्चों के लिए स्नातक समारोह का आयोजन किया गया। यू के जी के नन्हे - नन्हे कर्णधारों को विदया के आगामी क्षेत्र में कदम रखते हुए देखने के लिए उनके अभिभावक विद्यालय के प्रांगण में एकत्रित हुए। कार्यक्रम का आगाज डायरेक्टर मैडम श्रीमती किरण बैनर्जी, डिप्टी डायरेक्टर आशिमा किरण बैनर्जी, प्रधानाचार्या महोदया श्रीमती भावना छिब्बर द्वारा पवित्र ज्योति को प्रज्वलित करके किया गया। इसके पश्चात ऐल के जी के नन्हे - नन्हे जोसेफियन ने अपनी अदभुत नृत्य कला द्वारा सबका मन मोह लिया। छोटे छोटे जोसेफियन अपने अनोखे अंदाज व





आत्मविश्वास के साथ स्टेज पर आए और अपनी अपनी डिग्री ग्रहण की। डिप्टी डायरेक्टर मैडम आशिमा किरण बैनर्जी एवं प्रधानाचार्या महोदया भावना छिब्बर के मार्गदर्शन में इन बच्चों में आया आत्मविश्वास व व्यक्तित्व का निखार वाकई प्रशसनीय है। अंत में डायरेक्टर मैडम , डिप्टी डायरेक्टर मैडम व प्रधानाचार्या महोदया ने नन्हे - नन्हे जोसेफियन व उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी तथा उन्हें अपने बच्चों के साथ अधिक से अधिक समय व्यतीत करने व उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने का संदेश दिया।

## पुलिस को मिली सफलता: बाइक चोर गिरफ्तार, चोरी की 3 बाइक बरामद

### एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस की टीम ने फ्लौरा चौक पर एक शातिर बाइक चोर को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया

**कमाल हुसैन**
**पानीपतः एंटी व्हीकल** थेप्ट इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि उनकी टीम को मंगलवार देर शाम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक स्पलेंडर बाइक पर सवार होकर फ्लौरा चौक के पास घूम रहा है। बाइक चोरी की होने की संभावना है। टीम ने मौके पर दबिश देकर युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान खालिद पुत्र राफा निवासी मुंडेठ मुजफ्फरनगर यूपी हाल विद्यानंद कॉलोनी के रूप में बताई। बाइक के कागजात दिखाने के लिए कहा तो युवक बहाने बाजी



करने लगा। टीम द्वारा गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी ने उक्त बाइक 13 मार्च को वीर नगर में फैक्टरी के बाहर से चोरी करने बारे स्वीकारा। बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना चांदनी बाग में संजय पुत्र ताराचंद निवासी गुड़मंडी की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

**कबूला जुर्म**

**8 पूछताछ करने पर आरोपी ने उक्त बाइक 13 मार्च को वीर नगर में फैक्टरी के बाहर से चोरी करने बारे स्वीकारा**

सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि गहनता से पूछताछ में आरोपी ने उक्त वारदात के अतिरिक्त अलग अलग स्थान से और दो स्पलेंडर बाइक चोरी करने बारे स्वीकारा। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरीशुदा उक्त दोनों बाइक आरोपी के घर से बरामद कर, बाइक मालिक की पहचान ना होने पर दोनों बाइक को 102 सीआरपीसी के तहत कब्जा पुलिस लिया गया। सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह नशा करने का आदी है। इसके साथ ही उसको बाइक चलाने का शौक है। नशे की लत व बाइक चलाने का शौक पूरा करने के लिए आरोपी ने बाइक चोरी की उक्त वारदातों को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की तीन बाइक बरामद कर पूछताछ के बाद बुधवार को आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

## गांव जठेड़ी में अफ़्रीकन देशों के 30 नागरिकों का दल पहुंचा



**राई। राई हल्के** के गांव जठेड़ी में भारत सरकार के आईटी विभाग के अधिकारियों का विदेशी करीब 15 अलग- अलग अफ़्रीकन देशों के 30 नागरिकों का दल पहुंचा। दल ने जब गांव जठेड़ी की गलियों में अन्य कार्यों का निरीक्षण किया तो विकास कार्यों से प्रभावित होकर गांव के सरपंच युवा भाजपा नेता योगेश की बहुत ही अच्छा काम बताते हुए सराहना की । सरपंच योगेश ने डेलीगेशन व भारत सरकार के अधिकारियों को पूरे गाँव का भ्रमण करवाया व अलग अलग लोगों से मिलवाया । डेलीगेशन ने गाँव के बड़े बुजर्गों , युवाओं , महिलाओं व स्कूल के बच्चो से विशेष बातचीत की व पंचायत द्वारा की जा रहे डिजिटल भारत मिशन के कार्यों जैसे ई पेमेंट , ई प्लानिंग , ग्राम दर्शन पोर्टल , सीएससी सेंटर , पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई । बुजर्गों ने बुढ़ापा पेंशन के बारे में बताया कि अब सीधा बैंक खातो में आती है , गांव के बुजुर्गों ने पेंशन को लेकर मुख्यमंत्री नायब सैनी व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया । डेलीगेशन ने गाँव की बात ( मासिक ग्रामसभा ) जठेड़ी की भी बहुत सराहना की व अधिकारियों ने इसे डेमोक्रेसी का मूल बताया । पंचायत सचिव सुरेन्द्र व अमित ऑपरेटर ने पंचायत में डिजिटल भारत मिशन के योगदान पर एक प्रेजेंटेशन दी । इस मौके पर सचिव कपिल , मनीष , महेंद्र , जितेंद्र , जतिन ऑपरेटर , धन सिंह व स्कूल स्टाफ मौजूद था।

## महीपाल ढांडा के मंत्री बनाए जाने की घोषणा के बाद शुरू हुआ जश्न का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा

**कमाल हुसैन**
**पानीपतः पानीपत ग्रामीण** विधायक महीपाल ढांडा को राज्यमंत्री बनाए जाने पर पार्टी कार्यकताओं में खुशी की लहर है। मंगलवार को महीपाल ढांडा के मंत्री बनाए जाने की घोषणा के बाद शुरू हुआ जश्न का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस कड़ी में आज नूरवाला की मोती राम कालोनी में श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के प्रधान ईशम कुमार पांचाल ने कालोनी में लड्डू बांटकर खुशी मनाई। भाजपा नेता ईशम पांचाल ने कहा कि विधायक महीपाल ढांडा मिलनसार व ईमानदार छवि के



नेता हैं। यही वजह है कि वह पानीपत ग्रामीण विधानसभा से लगातार दो बार विधायक बन चुके हैं। अब पार्टी ने उन्हें मंत्री बनाकर क्षेत्र में पार्टी का जनाधार ज्यादा बढ़ाने का काम किया है। इस अवसर पर रविंद्र मंडावर, बिजेंद्र पांचाल, बिल्लू सैन, तरुण तावड़ा, लखन, राजेश सैनी, विकास रोड़, सन्नी मारकंडे, नीरज पांचाल, राजीव कुमार, सत्येंद्र कुमार, गुलाब खान, अमित तावड़ा, गौतम, राजपाल, अंकित व सौरव आदि प्रमुख से शामिल रहे।

## 'देश व प्रदेश में फिर से तीसरी बार बीजेपी की सरकार बनेगी'

**कमाल हुसैन**
**पानीपतः पानीपत ग्रामीण** हलके के भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय जैन ने हल्के के गांव गढ़ी सिकंदरपुर व रामपुरा कॉलोनी में जनसभा को संबोधित किया और लोगों को 24 मार्च दिन रविवार को सुबह 11:00 बजे सेक्टर 13 -17 नजदीक हैलीपैड में नवनियुक्त कार्यालय व होली मिलन समारोह का न्योता दिया इस अवसर पर बोलते हुए विजय जैन ने कहा है कि देश व प्रदेश में फिर से तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी



और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा उन्होंने लोगों से अपील की है कि कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर ज्यादा से ज्यादा ज्यादा संख्या में पहुंचकर के कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं और यह कार्यालय लोगों की समस्याओं को सुनने के लिए बनाया गया है। सभी से अपील है कि वह समय पर पहुंच कर-के मेरा हौसला बढ़ाएं इस अवसर पर गांव के पूर्व सरपंच राममेहर कश्यप, ब्लॉक समिति के मेंबर राजू कश्यप ,जय सिंह यादव ,धर्मेंद्र यादव, बलदेव अरोड़ा हनुमान, ब्राह्मण नेता शिव कुमार शर्मा ,जय भगवान नंबरदार, राजेश ठेकेदार, दिनेश अग्रवाल, संजय जैन, पानीपत ग्रामीण विकास मोर्चा के अध्यक्ष सतपाल राणा ,विकास राणा, व गांव के सम्मानित लोग मौजूद रहे।

## नशे से पनपते ही शरीर में भंयकर रोग: डॉ. ललित वर्मा

**कमाल हुसैन**
**पानीपतः जिला स्तरीय** जूनियर रैडक्रास प्रशिक्षण शिविर का आयोजन राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पानीपत के प्रांगण में किया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर में जिला पानीपत के 16 स्कूलों से 121 प्रतिभागी भाग ले रहे है। शिविर के तीसरे दिन की शुरूआत सचिव गौरव रामकरण की अध्यक्षता में रैडक्रास वंदना के साथ की गई। प्रतिभागियों ने बताया कि उन्हें उक्त शिविर में बहुत ही अधिक सीखने को मिल रहा है, जिससे उनकी जिंदगी में सदा अहम रोल रहेगा। स्वास्थ्य विभाग पानीपत की तरफ से मुख्य वक्ता मैंटल हैल्थ, ड्रग एडिक्सन, स्कूल हैल्थ व टी.बी.



रोग के नोडल अधिकरी डा0 ललित वर्मा द्वारा प्रतिभागियों को नशे से दूर रहने बारे जागरूक किया गया। मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ने का मुख्य कारण नशा है और नशा हमारी युवा पीढ़ी को बहुत नुक्सान पंहुचा रहा है। उन्होंनें प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार के नशे बीड़ी, सिंगरेट, तंबाकू, शराब गुटखा, ड्रग, नशीले टीके आदि से होने वाले नुक्सान बारे अवगत करवाते हुये कहा कि हम इच्छा शक्ति से नशे का मात दे सकते है। उन्होनें प्रतिभागियों को संक्रमण रोगों से बचने हेतु विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। उन्होनें कहा कि हमारा लक्ष्य देश को टी.बी. मुक्त बनाना है। उन्होनें प्रतिभागियों को मुहं के कैंसर के प्रति भी जागरूक किया। उन्होनें प्रतिभागियों को नशे से दूर रहने, टी.बी. के बचाव व मुंह के कैंसर के प्रति जागरूकता हेतु शपथ भी दिलवाई। स्वास्थ्य विभाग, पानीपत से डा0 हरिश जुनेजा, दंत चिकित्सक ने बच्चों को दांतो की सफाई व ब्रुश के प्रयोग बारे जानकारी प्रदान की और सभी बच्चों के दांतो का चैक किया। विशेष तौर पर पधारी डा0 मिसका शर्मा, दंत चिकि्सक द्वारा भी दांतो के चैकअप में सहयोग किया गया। मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डा0 मोना ने बच्चों को जानकारी प्रदान करते हुये कहा कि नकारात्क सोच का व्यक्ति कई बार अपना नुक्सान करने बारे भी सोचता है, इसलिये हमें हमेंशा सोच को सकारात्मक रखना है और उसी सोच के साथ आगे बढ़ना है। डा0 पूजा, चमड़ी रोग विशेषज्ञ ने प्रतिभागियों को चमड़ी के रोगों के कारणों व उनसे बवाच के उपायों के बारें में जागरूक किया और कहा कि हमें अपने शरीर की सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिये खासकर लड़कियों/महिलाओं को, ताकि हमें चमड़ी से संबधित किसी भी प्रकार की बीमारी ना हों। सचिव गौरव रामकरण, शिविर निदेशक हरमेंश चन्द व अन्य काउंसलर द्वारा आये हुये अतिथियों को स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## राजेंद्र कौशिक फिर बने भारत विकास परिषद गन्नौर शाखा के अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः भारत विकास** परिषद गन्नौर शाखा द्वारा जीटी रोड पर होली परिवार मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। होली मिलन कार्यक्रम में बच्चों ने नृत्य, चौपाई व कविता प्रस्तुत की। फूलों द्वारा खेली गई होली में महिलाओं, बच्चों, पुरुषों सभी ने होली का मंगल मिलन खुशियों के साथ मनाया। इस दौरान भाविप संपर्क के प्रांतीय उपाध्यक्ष योगेश कौशिक ने चुनाव प्रक्षेपक की भूमिका निभाते चुनाव करवाया। जिसमें दोबारा से अध्यक्ष का दायित्व राजेंद्र कौशिक को सौंपा गया। सचिव का दायित्व एडवोकेट



अंकित त्यागी और कोषाध्यक्ष का दायित्व अमित जिंदल, महिला संयोजिका दायित्व मनीषा जैन को दिया गया। सचिव एडवोकेट अंकित त्यागी ने अपने पूरे साल की बैठको और कार्यक्रमों की रिपोर्ट भी पेश की। प्रांतीय उपाध्यक्ष योगेश कौशिक ने बताया कि रोहतक में हुए भाविप प्रांतीय अधिवेशन में गन्नौर शाखा के सचिव एडवोकेट अंकित त्यागी को उत्कृष्ट सचिव सम्मान से नवाजा गया।

## संपादकीय

# पाक में अंदरूनी हालात खराब

पाकिस्तान में आजकल सिर्फ अंदरूनी हालात ही खराब नहीं हैं, उसके सामने कई गंभीर संकट और भी हैं। उसे उसके दो पड़ोसी देश, जो उसकी तरह से ही इस्लामिक देश हैं, उससे सख्त नाराज हैं। पहले ईरान और अब अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। फिलहाल अफगानिस्तान और पाकिस्तान आमने-सामने हैं। दोनों मुल्कों के बीच सरहद पर झड़प भी हुई है। झड़प की शुरूआत पाकिस्तान की तरफ से विगत सोमवार को हुई। इसके जवाब में अफगान तालिबान ने भी सीमा पर पाकिस्तानी चौकियों पर गोलीबारी की। ऐसे में सवाल है कि क्या दोनों देश युद्ध की ओर बढ़ रहे हैं? पाकिस्तान के हमलों के बाद तालिबान ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि अफगानिस्तान की संप्रभुता पर किसी भी तरह के उल्लंघन के गंभीर परिणाम होंगे। इसके साथ ही तालिबान ने पाकिस्तान की नवगठित सरकार से दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंधों को खतरे में डालने के लिए गैर-जिम्मेदाराना कार्यों की अनुमति नहीं देने का भी आग्रह किया। दरअसल पाकिस्तान में हाल के आतंकवादी हमलों को लेकर दोनों देशों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। पाकिस्तान का आरोप है कि हमले अफगानिस्तान की सरजमीं से किए गए। जबकि, तालिबान ने पाकिस्तान के इस दावे को गलत बताया है। आपको याद होगा कि बीते जनवरी के महीने में पाकिस्तान के आतंकवादियों के ठिकानों पर ईरान ने हमला बोला था। ईरान ने पिछली 16 जनवरी को पाकिस्तान में आतंकवादी समूह जैश अल-अदल के ठिकानों को निशाना बनाकर हमले किए। ईरान के सरकारी मीडिया के हवाले से कहा गया था कि हमले में मिसाइलों और ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। ईरान ने पाकिस्तान में बलूची आतंकी समूह जैश-अल-अदल के दो ठिकानों को मिसाइलों से निशाना बनाया। ईरान ने आठ साल पहले सन 2016 में भी पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पर मोर्टार दागे थे। इसलिए कहा जा सकता है कि ईरान पहले भी पाकिस्तान को निशाना बना चुका है।

पाकिस्तान और ईरान के बीच 900 किलोमीटर की सीमा है। उधर, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच करीब 2400 किलोमीटर लम्बी अन्तरराष्ट्रीय सीमा है। इसका नाम डूरण्ड रेखा है। दरअसल पाकिस्तान और अफगानिस्तान के संबंध तब से लगातार खराब होने लगे जब पाकिस्तान ने पिछले साल अपने देश से अवैध अफगानों को निकालने का सिलसिला शुरू किया। पाकिस्तान से रोज सैकड़ों अफगान अपने देश वापस लौट रहे हैं। पाकिस्तान की इस कार्रवाई पर हजारों अफगानिस्तानियों का कहना है कि वे गुजरे कई दशकों से पाकिस्तान में हैं। वे पाकिस्तान की नागरिकता भी ग्रहण कर चुके हैं। इसके बावजूद उन्हें लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है।

यहां पर बड़ा सवाल यही है अपने को इस्लामिक संसार का नेता कहने वाले पाकिस्तान से इस्लामिक मुल्क ही खफा क्यों है? इस सवाल का सीधा सा उत्तर है कि पाकिस्तान के डीएनए में ही अपने पड़ोसियों के लिए संकट पैदा करना है। उसने भारत के खिलाफ क्या-क्या हथकंडे नहीं अपनाए। पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ 1948, 1965, 1971 में युद्ध छेड़े और बुरी तरह से मार भी खाई। जंग के मैदान में धूल में मिलने के बाद पाकिस्तान ने 1999 में करगिल में घुसपैठ की। तब भी उसका बहुत बुरा हश्र हुआ।

# आस्था के प्रतीक हैं खाटू के श्री श्याम

**रमेश सर्राफ धमोरा**

> “ मंदिर इस समय अपने वर्तमान आकार ले लिया और मूर्ति गर्भगृह में प्रतिष्ठापित किया गया था। मूर्ति दुर्लभ पत्थर से बनी है। पिछले वर्ष अगस्त को खाटू श्याम मंदिर में दर्शन करने जा रही 3 महिलाओं की भगदड़ में मौत होने के बाद प्रशासन यहां की व्यवस्था को लेकर पूरा सख्त हो गया। जिला प्रशासन व मंदिर प्रबंध कमेटी ने मिलकर खाटू श्याम मंदिर परिक्षेत्र में कई नई सुविधाओं को प्रारंभ किया है। यहां के आम रास्तों को 40 फीट तक चौड़ा किया गया है। मंदिर में दर्शन करने की व्यवस्था में भी आमूलचूल परिवर्तन किया गया है। इससे मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा हो रही है ”

**हमारे** देश में बहुत से ऐसे धार्मिक स्थल हैं जो अपने चमत्कारों व वरदानों के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्हीं मंदिरों में से एक है राजस्थान में शेखावाटी क्षेत्र के सीकर जिले का विश्व विख्यात प्रसिद्ध खाटू श्याम मंदिर। यहां फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी को श्याम बाबा का विशाल वार्षिक मेला भरता है। जिसमें देश-विदेशों से आये करीबन 25 से 30 लाख श्रद्धालु शामिल होते हैं। खाटू श्याम का मेला राजस्थान के बड़े मेलों में से एक है। इस मंदिर में भीम के पौत्र और घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक की श्याम यानी कृष्ण के रूप में पूजा की जाती है। इस मंदिर के लिए कहा जाता है कि जो भी इस मंदिर में जाता है उन्हें श्याम बाबा का नित नया रूप देखने को मिलता है। कई लोगों को तो इस विग्रह में कई बदलाव भी नजर आते है। कभी मोटा तो कभी दुबला। कभी हंसता हुआ तो कभी ऐसा तेज भरा कि नजरें भी नहीं टिक पातीं। श्याम बाबा का धड़ से अलग शीष और धनुष पर तीन वाण की छवि वाली मूर्ति यहां स्थापित की गईं। कहते हैं कि मन्दिर की स्थापना महाभारत युद्ध की समाप्ति के बाद स्वयं भगवान कृष्ण ने अपने हाथों की थी। श्याम बाबा की कहानी महाभारत काल से आरम्भ होती है। वे पहले बर्बरीक के नाम से जाने जाते थे तथा भीम के पुत्र घटोतकच और नाग कन्या अहिलवती के पुत्र थे। बाल्यकाल से ही वे बहुत वीर और महान योद्धा थे। उन्होने युद्ध कला अपनी मां से सीखी। भगवान शिव की घोर तपस्या करके उन्हें प्रसन्न किया और उनसे तीन अभेध्य बाण प्राप्त कर तीन बाणधारी के नाम से प्रसिद्ध हुये। अग्नि देव ने प्रसन्न होकर उन्हें धनुष प्रदान किया जो उन्हें तीनो लोकों में विजयी बनाने में समर्थ थे। कौरवों और पाण्डवों के मध्य महाभारत युद्ध का समाचार बर्बरीक को प्राप्त हआ तो उनकी भी युद्ध में सम्मिलित होने की इच्छा जागृत हुयी। जब वे अपनी मां से आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे तब मां को हारे हुये पक्ष का साथ देने का वचन दिया। महाभारत के युद्ध में भाग लेने के लिये वे अपने नीले रंग के घोडे पर सवार होकर धनुष व तीन बाणों के साथ कुरूक्षेत्र की रणभूमि की और अग्रसर हुये। भगवान कृष्ण ने ब्राह्मण वेश धारण कर बर्बरीक से परिचित होने के लिये उसे रोका और यह जानकर उनकी हंसी भी उड़ायी कि वह मात्र तीन बाण से युद्ध में सम्मिलित होने आया है। ऐसा सुनने पर बर्बरीक ने उत्तर दिया कि मात्र एक बाण शत्रु सेना को ध्वस्त करने के लिये पर्याप्त है और ऐसा करने के बाद बाण वापिस तरकस में ही आयेगा। यदि उन्होने तीनो बाणों को प्रयोग में ले लिया गया तो तीनो लोकों में हाहाकार मच जायेगा। इस पर कृष्ण ने उन्हें चुनौती दी की इस पीपल के पेड के सभी पत्रों को छेद कर दिखलाओ। जिसके नीचे दोनो खड़े थे। बर्बरीक ने चुनौती स्वीकार की और अपने तुणीर से एक बाण निकाला और ईश्वर को स्मरण कर बाण पेड़ के पत्तो की और चलाया।



तीर ने क्षण भर में पेड के सभी पत्तों को भेद दिया और कृष्ण के पैर के इर्द-गिर्द चक्कर लगाने लगा। क्योंकि एक पत्ता उन्होनें अपने पैर के नीचे छुपा लिया था। तब बर्बरीक ने कृष्ण से कहा कि आप अपने पैर को हटा लीजिये वर्ना ये आपके पैर को चोट पहुंचा देगा। कृष्ण ने बालक बर्बरीक से पूछा कि वह युद्ध में किस और से सम्मिलित होगा तो बर्बरीक ने अपनी मां को दिये वचन दोहराते हुये कहा कि वह युद्ध में निर्बल और हार की और अग्रसर पक्ष की तरफ से भाग लेगा। कृष्ण जानते थे कि युद्ध में हार तो कौरवों की ही निश्चित है। अगर बर्बरीक ने उनका साथ दिया तो परिणाम उनके पक्ष में ही होगा। ब्राह्मण बने कृष्ण ने बालक बर्बरीक से दान की अभिलाषा व्यक्त की। इस पर वीर बर्बरीक ने उन्हें वचन दिया कि अगर वो उनकी अभिलाषा पूर्ण करने में समर्थ होगा तो अवश्य करेगा। कृष्ण ने उनसे शीश का दान मांगा। बालक बर्बरीक क्षण भर के लिये चकरा गया परन्तु उसने अपने वचन की दृढ़ता जतायी। बालक बर्बरीक ने ब्राह्मण से अपने वास्तिवक रूप में आने की प्रार्थना की और कृष्ण के बारे में सुन कर बालक ने उनके विराट रूप के दर्शन की अभिलाषा व्यक्त की। तब कृष्ण ने उन्हें अपना विराट रूप दिखाया।

उन्होने बर्बरीक को समझाया कि युद्ध आरम्भ होने से पहले युद्धभूमि की पूजा के लिये एक वीर क्षत्रिय के शीश के दान की आवश्यक्ता होती है। उन्होनें बर्बरीक को युद्ध में सबसे बड़े वीर की उपाधि से अलंकृत कर उनका शीश दान में मांगा। बर्बरीक ने उनसे प्रार्थना की कि वह अंत तक युद्ध देखना चाहता है। श्री कृष्ण ने उनकी यह बात स्वीकार कर ली। फाल्गुन माह की द्वादशी को उन्होनें अपने शीश का दान दिया। उनका सिर युद्धभूमि के समीप ही एक पहाड़ी पर सुशोभित किया गया जहां से बर्बरीक सम्पूर्ण युद्ध का जायजा ले सकते थे। युद्ध की समाप्ति पर पांडवों में ही आपसी खींचाव हुआ कि युद्ध में विजय का श्रेय किसको जाता है। इस पर कृष्ण ने उन्हें सुझाव दिया कि बर्बरीक का शीश सम्पूर्ण युद्ध का साक्षी है। उससे बेहतर निर्णायक भला कौन हो सकता है। सभी इस बात से सहमत हो गये। बर्बरीक के शीश ने उत्तर दिया कि कृष्ण ही युद्ध मे विजय प्राप्त कराने में सबसे महान पात्र हैं। उनकी शिक्षा, उनकी उपस्थिति, उनकी युद्धनीति ही निर्णायक थी। उन्हें युद्धभूमि में सिर्फ उनका सुदर्शन चक्र घूमता हुआ दिखायी दे रहा था जो कि शत्रु सेना को काट रहा था। महाकाली दुर्गा कृष्ण के आदेश पर शत्रु सेना के रक्त से भरे प्यालों का सेवन कर रही थी। कृष्ण वीर बर्बरीक के महान बलिदान से काफी प्रसन्न हुये और वरदान दिया कि कलियुग में तुम श्याम नाम से जाने जाओगे, क्योंकि कलियुग में हारे हुये का साथ देने वाला ही श्याम नाम धारण करने में समर्थ होगा। ऐसा माना जाता है कि एक बार एक गाय उस स्थान पर आकर अपने स्तनों से दुग्ध की धारा स्वतरू ही बहा रही थी बाद में खुदायी के बाद वह शीश प्रकट हुआ। एक बार खाटू के राजा को स्वप्न में मन्दिर निर्माण के लिये और वह शीश मन्दिर में सुशोभित करने के लिये प्रेरित किया गया। तदन्तर उस स्थान पर मन्दिर का निर्माण किया गया और कार्तिक माह की एकादशी को शीश मन्दिर में सुशोभित किया गया, जिसे बाबा श्याम के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। मूल मंदिर 1027 ई. में रूपसिंह चैहान और उनकी पत्नी नर्मदा कंवर द्वारा बनाया गया था। मारवाड़ के शासक ठाकुर के दीवान अभय सिंह ने ठाकुर के निर्देश पर 1720 ई0 में मंदिर का जीर्णोद्धार कराया।

मंदिर इस समय अपने वर्तमान आकार ले लिया और मूर्ति गर्भगृह में प्रतिष्ठापित किया गया था। मूर्ति दुर्लभ पत्थर से बनी है। पिछले वर्ष अगस्त को खाटू श्याम मंदिर में दर्शन करने जा रही 3 महिलाओं की भगदड़ में मौत होने के बाद प्रशासन यहां की व्यवस्था को लेकर पूरा सख्त हो गया। जिला प्रशासन व मंदिर प्रबंध कमेटी ने मिलकर खाटू श्याम मंदिर परिक्षेत्र में कई नई सुविधाओं को प्रारंभ किया है। यहां के आम रास्तों को 40 फीट तक चौड़ा किया गया है। मंदिर में दर्शन करने की व्यवस्था में भी आमूलचूल परिवर्तन किया गया है। इससे मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा हो रही है। यदि आने वाले समय में सरकार यहां के मंदिर परिसर का विस्तार कर एक सार्वजनिक ट्रस्ट का गठन करें तो राजस्थान के इस प्रसिद्ध मंदिर का भी आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर की तरह व्यवस्थित ढंग से विकास हो सकता है। जिसका लाभ श्रद्धालुओं को ही मिलेगा।

## कविता

सूखे सरोवर परिंदे छोड़कर जाने लगे है'

दरख्तो से पुराने घरोंदे वो उठाने लगे
सूखे सरोवर परिंदे छोड़कर जाने लगे है'

नहि अंदेशा है उन्हें अपनी उडान की दूरी का,
कंधे पर रख जीन्दगी का कर्ज.चुकाने लगें हैं'

दरख्तों के ठुठ होने का अफसोस नही है,
नन्हे चूजों के नये घोसले बनाने चले है'

कितने दरख़्त,सरोवर सूख गए संजीव
हौसलों से परिंदे नई ऊंचाई नापने चले है।

चूजे भी पुराने दरख्तों के छोटे तिनके,उठाकर,
आदम को दुनिया का आकाश दिखाने चले है।

भूल जाओ पुराने लम्हों ,पलों ,को चलो साथ साथ,
अब परिन्दें भी दुनिया को नई रौशनी दिखाने चले हैं।

संजीव ठाकुर

## कब फांसी चढ़ेंगे नकली दवा के असली सौदागर?

**ऋतुपर्ण दवे**

**इसे** व्यवस्थाओं की नाकामियाबी कहें या भ्रष्टाचार का खेल, लेकिन सच्चाई यही है कि इंसान की जान से बेपरवाह लोग, पैसों की हवस के आगे दरिन्दे बन मौत के सौदागर तक बन जाते हैं। कैंसर की नकली दवा बनाने वाले गिरोह के राष्ट्रीय राजधानी में पकड़े जाने के बाद लोग हैरान-परेशान हैं। यूं तो भारत में नकली दवाओं के खेल का सिलसिला लंबे वक्त से जारी है, जो रुकने का नाम नहीं ले रहा। इसका दूसरा पहलू यह भी कि इसे रोकने खातिर लंबे-चौड़े अमले पर भारी भरकम खर्च और सख्त कानूनों के बावजूद जारी रहना खुद में बड़ा सवाल है। नकली दवाओं के बेखौफ दरिन्दे दिल्ली जैसी जगह में बैठकर सबको धता बता धोखेबाजी को अंजाम दें और शासन-प्रशासन के नुमाइन्दे नक्कालों से सावधान धोखेबाजों से सावधान का राग अलापतें रहें तो अटपटा जरूर लगता है।

दिल्ली पुलिस ने तमाम सबूतों के साथ कैंसर की नकली दवा बनाने वाले जिस गिरोह का पदार्फाश किया उसमें 12 लोग शामिल हैं, हो सकता है कई और पुलिस की रडार पर हों जो बाद में शिकंजे में आएं। दुखद यह कि आरोपियों में दो जाने-माने कैंसर अस्पताल के कर्मचारी थे। निश्चित रूप से पूरा गैंग, सारी तैयारियों से इस काम में जुटा था जिसकी कई पर्तें खुलना बांकी हैं। आगे और खुलासों से संभव है कि ऐसे कई और गैंग बेनकाब होंगे जो देश-विदेश में जहां-तहां जड़ें जमाए हों। पिछले साल विश्व स्वास्थ्य संगठन(डब्ल्यू.एच.ओ.) ने भारत मे बिक रही कैंसर और लिवर की नकली दवाओं को लेकर चेताया था। कैंसर और लिवर की नकली दवाओं को नाम सहित उजागर कर जानकारी भी दी थी। नकली दवाओं के असली निमार्ताओं ने भी दावा किया था कि उनके नाम व ब्रान्ड पर भारत में नकली दवाओं का असली खेल चल रहा है। तब तरह-तरह के सवाल लोगों के जेहन में आए कि क्या बाहर से नकली दवाओं की खेप आ रही है? कहीं किसी बड़े अंतर्राष्ट्रीय गिरोह की साजिश तो नहीं? लेकिन कुछ ठोस कार्रवाई होती दिखी नहीं।

शर्मनाक यह भी कि भारत के औषधि महानियंत्रक यानी ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डी.सी.जी.आई.) तक बेसुध रहे कि कैंसर तथा लिवर के नकली इंजेक्शन धड़ल्ले से और खुले आम कैसे बिक रहे हैं। डब्ल्यू.एच.ओ. ने तो चेताया लेकिन यहां किसे होश आया? यह तो ठीक वैसा ही हुआ जैसे कोरोना का नकली रेमेडिसविर इंजेक्शन ने न जाने कितनों की जान ले ली और जिम्मेदार बेसुध रहे? डब्ल्यू.एच.ओ. की चेतावनी के बाद डी.सी.जी.आई. ने भी माना था कि देश में कैंसर में इस्तेमाल होने वाला इंजेक्शन एडसेट्रिस के आठ अलग-अलग नाम व प्रकार के नकली उत्पाद सहित लिवर की नकली दवा डिफिटेलियो भारतीय बाजार में मौजूद हैं। सवाल यही कि जानकर भी महकमे ने क्या किया?

यकीनन दिल्ली पुलिस ने काबिल-ए-तारीफ काम किया।

## विचार

## वायु प्रदूषण को कम किया जा सकता है

**डा मनमोहन प्रकाश**

**स्विस** एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग रिपोर्ट ने 2024 में एक बार फिर भारतीयों को प्रदूषण फैलाने वाली आदतों में सुधार करने पर सोचने-विचारने के लिए मजबूर किया है, वहीं केन्द्र और राज्य सरकारों को और कारगर नीतियां बनाने तथा उन्हें शक्ति से लागू करने पर ध्यान देने की ओर संकेत दिया है।रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार तो विश्व के 50 सबसे वायु प्रदूषित शहरों में से 42 शहर भारत के हैं तथा भारत की राजधानी दिल्ली वायु प्रदूषण की दृष्टि से दुनियां की सबसे प्रदूषित राजधानी है। इतना ही नहीं इस रिपोर्ट के आधार पर भारत की 96 प्रति-शत आबादी 'खराब एयर क्वालिटी वाले शहरों' में रह रही है। इस रिपोर्ट में प्रदूषित शहर उन्हें माना गया है जहां 2.5 पीएम का औसत वार्षिक स्तर 5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से ज्यादा हैं।

भारत में वायु प्रदूषण के लिए जो प्रमुख कारण दिखाई देते हैं उनमें सम्मिलित हैं -(1) भारतीयों द्वारा पेट्रोल तथा डीजल से चलने वाले वाहनों का अधिक संख्या में इस्तेमाल करना, इसमें भी पुराने वाहनों की संख्या अच्छी खासी है। भारत सरकार ने इस समस्या से निपटने के लिए पिछले कुछ वर्षों में कई प्रयास किये हैं जैसे नयी स्क्रेप नीति लागू की है, ई- वाहनों के निमार्ण तथा उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है, सीएनजी आधारित चार पहिया वाहनों का चलन बढ़ा है, ओड- ईवन नंबर वाले फामूर्ला भी विकल्प के रूप में उपयोग में लाया जाता है (दिल्ली)। वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जो नियम-कानून देश में मौजूद हैं उनका पालन भी सक्षम ऐजेन्सियों के माध्यम से सुनिश्चित किया जा रहा है। वायु प्रदूषण को कम करने वाली स्वदेशी तकनीक पर शोध निरंतर जारी है।आने वाले कुछ वर्षों में इसका अच्छा असर दिखना तय है। (2) विकासशील राष्ट्र होने के कारण भारत में निमार्ण कार्य तीव्र गति से चल रहा हैं। इससे भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि इंफ्रास्ट्रक्चर निमार्ण से निकलने वाले धूल के कणों की अधिक मात्रा वायु में प्रवेश कर 'परक्यूलेट मैटर' को बढ़ा रही है, वायु प्रदूषण का कारण बन रही है। किन्तु यह भी ध्यान रखना होगा कि भारत के अधिकांश शहर अपने यहां जनसंख्या के अनुपात में आधारभूत सुविधाओं में विकास करने के लिए सड़क,पुल, मेट्रो को विकसित करने , बढ़ाने में लगे हुए हैं, मल-जल निकासी में सुधार कर रहे हैं, पेयजल व्यवस्था को घर-घर तक पहुंचा रहे हैं, आवासीय एवं औद्योगिक भवन, कारखाने, रहवासी तथा औद्योगिक क्षेत्र में वृद्धि आदि करने के लिए संकल्पित हैं । जबकि वायु प्रदूषण के संबंध में भारत की तुलना की जाती है उन देशों से जहां इस तरह का विकास चरम पर पहुंच चुका है । (3) शहरों में कचरे के निष्पादन हेतु चोरी छुपे उसे जलाना जारी है (यद्यपि नगरी प्रशासन द्वारा इस पर प्रतिबंध है , पुर्नचक्रीकरण पर बल दिया जा रहा है , कचरे से ईंधन गैस बनाने पर जोर है , व्यवस्था भी है और तकनीक भी भारत के पास है। इंदौर शहर इसका एक अच्छा उदाहरण है) , किसानों द्वारा पराली का जलाना ( पराली जलाना नहीं पड़े इसके लिए अल्टरनेटिव व्यवस्था उपलब्ध है, पर ऐसा लगता है वह किसान फ्रेंडली नहीं है , इसीलिए शायद सभी भारतीय किसानों द्वारा उस तकनीक को उपयोग में नहीं लाया जा रहा है ) भी वायु प्रदूषण को बढ़ा रहा है ।(4) लकड़ी के लिए जंगल से पेड़ पौधों को चोरी-छुपे काटना जारी है। साथ ही जिस अनुपात में जंगलों से पेड़-पौधों की कटाई की जाती है, उस अनुपात में पेड़-पौधों लगाने की व्यवस्था माकूल दिखाई नहीं देती है । अभी भी जितना जंगल/वन क्षेत्र भारत के पास (कुल क्षेत्रफल के आधार पर) होना चाहिए , उपलब्ध नहीं है। यद्यपि प्रति- वर्ष करोड़ों पेड़-पौधों को लगाया जा रहा है।(5) कोयले से विधुत उत्पादन, उद्योगों का संचालन और रेल परिवहन की निर्भरता धीरे-धीरे कम की जा रही है। बिजली उत्पादन के लिए भारत में सौर और पवन ऊर्जा का विस्तार बहुत तेजी से हुआ है, आगामी कुछ वर्षों में इसका असर दिखना शुरू हो सकता है ।(6) भारतीय लोग दैनिक जीवन मे आवश्यक कुछ किलोमीटर की दूरी भी साइकिल से, पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम से तय करना पसंद नहीं करते हैं , जबकि विकसित देशों में साइकिल का प्रयोग बढ़ रहा है , और पब्लिक वाहनों का उपयोग भी।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : **actionindiaharyana@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

## जनसमस्याओं से ध्यान भटकाने का 'कुटिल प्रयास'

**निर्मल रानी**

**लोकसभा** चुनाव की घोषणा के साथ ही सत्ता व विपक्षी दलों के नेताओं ने एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप शुरू कर दिये हैं। राजनीति के स्वयंभू 'चाणक्यों ' द्वारा बड़ी ही चतुराई से मतदाताओं को ध्यान वास्तविक मुद्दों से भटका कर गैर जरूरी मुद्दों की तरफ खींचा जा रहा है। विश्लेषकों का मानना है कि इस बार होने जा रहे 18 वीं लोकसभा के आम चुनाव संभवतः पूर्व में अब तक हुये सभी चुनावों की तुलना में कुछ ज्यादा ही कटु वातावरण में होने की संभावना है। इसके लक्षण भी अभी से दिखाई भी देने लगे हैं। देश के समक्ष इस समय ताजातरीन मुद्दा इलेक्टोरल बांड सम्बन्धी घोटाले का है। मंहगाई इस समय अभूतपूर्व रूप में अपने चरम पर है। विपक्षी दल वर्तमान केंद्र सरकार को चंद गिने चुने उद्योगपतियों के हितों का संरक्षण करने तथा किसानों, मजदूरों,कामगारों व गरीबों के विरुद्ध काम करने वाली सरकार बता रहे हैं। सत्ता पर कई प्रमुख केंद्रीय जांच एजेन्सीज के दुरूपयोग का आरोप है। विपक्षी दल अग्निवीर योजना का विरोध कर इसे सैनिकों के जोश व उत्साह को खत्म करने वाली देश विरोधी योजना बता रहे हैं। विपक्षी दल पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग भी कर रहे हैं। बेरोजगारी देश की ज्वलंत समस्या है।

परन्तु इन जरूरी विषयों से इतर बड़ी ही चतुराई से चुनाव का रुख 'धर्म' की तरफ मोड़ा जा रहा है। पिछले दिनों इण्डिया गठबंधन दलों की एक विशाल सभा जो कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा की समापन सभा के रूप में मुंबई के शिवाजी पार्क में आयोजित की गयी थी इस सभा में राहुल गांधी ने कहा था कि ह्यह्यहिन्दू धर्म में शक्ति शब्द होता है। हम एक शक्ति से लड़ रहे हैं। अब सवाल उठता है कि वह शक्ति क्या है ? बस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राहुल गांधी द्वारा प्रयुक्त 'शक्ति ' शब्द इतना 'अनुकूल ' लगा कि वे अपनी विशेष शैली के अनुसार इसी 'शक्ति शब्द ' को लेकर 'उड़ पड़े'। मुंबई की इस सभा के अगले ही दिन प्रधानमंत्री ने तेलंगाना के जगतियाल में एक जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि -मुंबई में इंडी गठबंधन की पहली रैली हुई और उन्होंने अपना घोषणा पत्र जारी किया।

## फिल्मी फॉर्मूले

**डॉ. सुरेश कुमार**

**हमारे एक लेखक** मित्र हैं। वे आजकल की हिंदी फिल्में देखने का बड़ा शौक रखते हैं। उन्हें लगता है कि जब कभी गाली-गलौज करना हो या फिर भड़ास निकालनी हो तो आजकल की हिंदी फिल्मों से बढ़कर कोई दूसरा बहाना नहीं हो सकता है। एक दिन वे इसी के बारे में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहने लगे- आजकल की फिल्में देखकर मुझे बनाने वालों और उसमें अभिनय करने वालों पर तरस आता है। फिल्में वे करते हैं और मरना हमें पड़ता है। मारने का इतना ही शौक है तो अपने परिवार वालों को मारें। आम जनता ने उनका क्या बिगाड़ा है। उनका अभिनय देखकर पचा-पचाया भोजन गड़बड़ाने लगता है। आज के जमाने में इन फिल्मों को देखने वालों के लिए इक्कीस तोपों की सलामी बनती ही है। फिल्म के नाम पर ह्यनचनिया की दुकनियाह्ल चला रहे हैं। हाँ कभी कभार कुछ ऐसी फिल्में आ जाती हैं जो वाह-वाह करने अथवा दस्ती से आँख पोंछने पर मजबूर कर देती हैं। वरना हम तो वो हैं जो इसका इस्तेमाल सिर्फ शर्म से बहती नाक और प्रदूषण के दुर्गंध से बचने के लिए करते हैं। मैंने उत्सुकता के साथ पूछा झ्र इसका मतलब आजकल की फिल्में फिल्म देखने लायक है? मेरा इतना पूछना भर था कि उन्होंने तुरंत पलटकर जवाब दिया झ्र मैंने कब कहा कि फिल्में देखने लायक है? यदि सच्चाई दिखाने से फिल्में पैसा बटोर लेती तो कल्पना और झूठ के बल पर करोड़ों का व्यापार करने वाली फिल्में देखने कुत्ता भी नहीं जाता। भैया ये भी कोई फिल्में हैं? शुरू से लेकर आखिरी तक रोना ही रोना। मार-धाड़। आइटम सांग। इसमें हमारे रोने के अलावा कुछ है ही नहीं। और जब रोना ही है तो इन्हीं फिल्मों को देखने की क्या जरूरत है? क्या दुनिया में दुखों की कमी है? एक ढूँढ़ों हजार मिल जायेंगे। अरे मैं तो कहता हूँ धरती पर जितना ऑक्सीजन नहीं है उससे ज्यादा तो दुख है। इन फिल्मों में मनोरंजन के मसाले की कमी साफ झलकती है। बिना मसाले की सब्जी और फिल्म दोनों फीकी होती है।

मैं कुछ पूछता उससे पहले ही वे मुझे भांप गए। कहने लगे झ्र मसाले का मतलब समझते भी हो। इस फिल्म में न ढंग के गाने हैं, न रोमांस।

## न्यूज फ्लैश

### चुनाव प्रकिया से जुड़े नोडल अधिकारी आपसी तालमेल व गंभीरता से निभाएं अपना दायित्व निभाएं : उत्तम सिंह

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं जिला** निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने में चुनाव प्रक्रिया से जुड़े कर्मचारियों एवं अधिकारियों की अहम भूमिका होती है। लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा के उप चुनाव से जुड़े सभी कर्मचारी एवं अधिकारी अपने कर्तव्य का पूरी ईमानदारी व निष्ठा से पालन करें तथा आर्दश आचार संहिता का उल्घन ना होने दें। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व पारदर्शी चुनाव करवाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेवारी है, इसलिए चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी आपसी तालमेल, योजनाबद्ध व गंभीरता से अपना दायित्व निभाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि समय रहते सभी आवश्यक प्रबंधों को पूरा करें ताकि मौके पर किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उपायुक्त ने कहा कि चुनाव एक महत्वपूर्ण कार्य है, इसलिए संबंधित अधिकारी व कर्मचारी अपनी चुनाव ड्यूटी का निर्वहन पूरी तरह से सजग व सतर्क रहते हुए करें। प्रत्येक नोडल अधिकारी को उसकी ड्यूटी को समझाते हुए कहा कि चुनाव कार्य में मतदान से लेकर चुनाव सामग्री देने व जमा करने सहित सभी कार्यों को निष्ठा पूर्वक करें। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निदेशों के अनुसार सभी सुविधा सुनिश्चित की जाए।

### लेन चेंज ड्राईविंग के नियमों की उल्लघंना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चलाया अभियान



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पुलिस महानिरीक्षक** हाईवे एंव यातायात हरियाणा हरदीप सिंह दून के आदेशानुसार व पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा आज लेन चेंज ड्राईविंग के नियमों की उल्लघंना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ स्पैशल अभियान चलाया गया। सडक सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू रूप से चलाने के लिए जिला पुलिस ने डीएसपी ट्रैफिक गुरमेल सिंह के निर्देशन में और एसएचओ थाना हाईवे सुरेश कुमार की अध्यक्षता में लेन चेंज ड्राईविंग (बॉई लेन) के नियमों की उल्लघंना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आदेश देते हुए कहा कि सडक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढ़ता से करवाई जाए। मोटर वाहन अधिनियम-2017 के तहत बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लंघना करने पर बुधवार को 198 वाहन चालकों के चालान किये गये। वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में जागरुक भी किया जा रहा है । जिला ट्रैफिक पुलिस द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है। अलग-अलग स्थानों पर पुलिसकर्मी आमजन के बीच रहकर यातायात नियमों की जानकारी दे रहें हैं।

### निरोगी रहने को मुंह की सफाई बेहद जरूरी

**गुरुग्राम। स्वास्थ्य विभाग** द्वारा वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे के अवसर पर प्राथमिक चिकित्सा केंद्र (पीएचसी) गुरुग्राम गांव तथा उप-केंद्र डूंडाहेड़ा में दांतों की देखभाल व मतदाता जागरुकता को लेकर विशेष कैंप आयोजित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में आयोजित इन कैंप में लोगों को दांतों की देखभाल करने व मताधिकार के महत्व करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। डेंटल सर्जन डा. पुष्पा धनवाल ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन शैली में मुंह की स्वच्छता व दांतों की अच्छी प्रकार से देखभाल करने का विशेष महत्व है। प्रतिदिन दो बार हमें दांतों की अच्छी प्रकार से ब्रश करनी चाहिए। साथ ही धूम्रपान या ऐसी किसी वस्तु का सेवन नहीं करना चाहिए जिससे दांतों को नुकसान पहुंचे। उन्होंने कहा कि बचपन से ही दांतों की देखभाल करने की आदत विकसित करनी चाहिए।

# सरसों-गेहूं की आवक जल्द होगी शुरू, मंडियों में करें पर्याप्त प्रबंध-उपायुक्त डा. मनोज कुमार

## मेरी फसल मेरा ब्यौरा में पंजीकृत किसानों की फसलों की होगी मंडियों में खरीद



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः**

**पहले सरसों फिर** गेहूं की आवक के दृष्टिगत उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने निर्देश दिए कि मंडियों तथा खरीद केंद्रों में फसल खरीद के पर्याप्त बंदोबस्त किये जायें। उन्होंने कहा कि मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल में पंजीकृत किसानों की फसलों की ही मंडियों में खरीद की जाएगी। साथ ही उन्होंने राजस्व अधिकारियों-कर्मचारियों को भी निर्देश दिए कि वे समयबद्धता के साथ अपने हर कार्य को पूर्ण करें।

उपायुक्त डा. मनोज कुमार की अध्यक्षता में लघु सचिवालय में सायंकाल राजस्व अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ फसल आवक के दृष्टिद्गत डीएफएससी व मार्केट कमेटी के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने पहले फसल आवक को लेकर बैठक ली, जिसमें उन्होंने सभी बड़ी मंडियों व खरीद केंद्रों में फसल खरीद की तैयारियों की समीक्षा की। उपायुक्त ने कहा कि सभी मंडियों व खरीद केंद्रों में सफाई के साथ-साथ पेयजल, शौचालय, बिजली तथा गेट इत्यादि की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करें। गेट पास की व्यवस्था करते हुए मंडियों में ऑप्रेटर व मॉस्चर मीटर का प्रबंध रखें। उन्होंने निर्देश दिए कि फसल आवक के साथ खरीद के तुरंत बाद उठान सुनिश्चित करें, जिसके लिए ट्रांसपोर्टर को विशेष निर्देश दें। उन्होंने सरसों व गेहूं की संभावित आवक को लेकर खरीद एजेंसियों को भी विशेष निर्देश दिए।

तदोपरांत उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने राजस्व अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक लेते हुए इंतकाल, पार्टिशन, नक्शा-ख, पैरोल केसों की रिकवरी, 47-ए के तहत रिकवरी, सरफेसी एक्ट, स्टांप ड्यूटी, रिकॉर्ड रूम का मॉडनाईजेशन, स्वामित्व, सीएम विंडो इत्यादि की विस्तृत समीक्षा की।

लंबित मामलों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर करें। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, एसडीएम विवेक आर्य, एसडीएम निर्मल नागर, एसडीएम श्वेता सुहाग, एसडीएम अमित कुमार, नगराधीश पूजा कुमारी, जिला राजस्व अधिकारी हरिओम अत्री, डीडीपीओ जितेंद्र कुमार, डीएफएससी बिंशल सहरावत आदि अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## करनाल में खट्टर ने लिया नया घर, पूर्व सीएम ने नारियल तोड़ किया गृह प्रवेश



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पूर्व सीएम और** भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल खट्टर ने करनाल के सेक्टर-6 में किराये का मकान लिया है। नारियल तोडकर लोकसभा प्रत्याशी ने गृह प्रवेश किया। 9 साल बाद पूर्व सीएम करनाल में शिफ्ट हुए है और वह भी किराये के घर में। आज उन्होंने नारियल तोडकर नए घर में एंट्री की है। गृह प्रवेश के बाद पूर्व सीएम रोहतक के लिए रवाना हो गए। मंगलवार को घरौंडा की नई अनाज मंडी में विजय शंखनाद रैली के साथ ही लोकसभा चुनावों का बिगुल बीजेपी ने फूंक दिया है। अब लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल अपना चुनाव प्रचार अभियान शुरू करेंगे और मतदाताओं तक पहुंचने का प्रयास करेंगे। लोकसभा चुनाव 25 मई को है और 4 जून को नतीजे सामने आ जाएंगे। आज मनोहर लाल मकान नंबर 167 में शिफ्ट हो चुके हैं।

### धर्मनगरी बड़ौदा पहुंचे उत्तर भारतीय प्रवर्तक सुभद्र मुनि महाराज

**जींद। बड़ौदी गांव** से विहार करके धर्मनगरी बड़ौदा गांव पहुंचे उत्तर भारतीय प्रवर्तक गुरूदेव सुभद्र मुनि महाराज का बुधवार को भव्य स्वागत धर्म प्रेमियों, ग्रामीणों ने किया। यहां पर गांव के प्रवेश द्वार से लेकर जैन स्थानक तक महिलाओं ने कलश यात्रा गांव में सुभद्र मुनि महाराज के आगमन पर निकाली। बीते पांच महीनों से प्रवचन को छोड़ कर मौन साधना पर सुभद्र मुनि महाराज है। बड़ौदा जैन स्थानक में अमित मुनि सहित अन्य जैन मुनि विराजमान हैं। आस-पास के क्षेत्र से श्रद्धालु सुभद्र मुनि महाराज के बड़ौदा पहुंचने की जानकारी मिलने के बाद दर्शन करने पहुंचे।

## आचार संहिता: 'विभिन्न टीमों की रहेगी पैनी नजर'



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा के उप चुनाव को लेकर प्रशासन द्वारा नियुक्त की गई फ्लाईंग स्क्वॉड टीम (एफएसटी) व स्टेटिस्टिक सर्विलांस टीम (एस.एस.टी) और सेक्टर सुपरवाइजर आदि सभी टीमें चुनाव के दौरान सम्पूर्ण प्रक्रिया के दौरान आर्दश आचार संहिता की अनुपालना को लेकर हर गतिविधि पर पैनी नजर रखेंगी और रोजाना संबंधित अधिकारी को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी।

उन्होंने कहा कि सभी टीमों को चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करनी है और एस.एस.टी. टीमें निर्धारित स्थानों पर नाके लगाकर वाहनों आदि की जांच पड़ताल करेंगी, जबकि एफएसटी टीमें सम्पूर्ण आचार संहिता की अनुपालना पर अपनी निगरानी रखेंगी। अगर कोई व्यक्ति निर्धारित रकम से ज्यादा की नकदी लेकर घूम रहा है तो अवैध पाए जाने पर उसे जांच के दौरान जब्त किया जा सकता है। जब्त किए गए सामान की रिपोर्ट अनुबंध 57 में देनी होगी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों व कर्मचारियों को भारतीय दंड संहिता व जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 171 सहित विभिन्न धाराओं का पूरा ज्ञान होना चाहिए ताकि वे चुनाव के दौरान अधिनियम में निहित धाराओं के तहत कार्रवाई कर सके। वीडियो रिकॉर्डिंग करते समय ध्यान रखा जाए कि सर्वप्रथम उनकी टीम के इंचार्ज द्वारा यह संक्षिप्त विवरण दिया जाएगा कि वे कौन से स्थान व किस कार्यक्रम की रिकार्डिंग कर रहे हैं। रिकार्डिंग में तिथि व समय का होना अति आवश्यक है। टीम को भी रोजाना अपनी रिपोर्ट व सीडी संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के यहां जमा करवानी होगी। उन्होंने बताया कि अगर कोई राजनीतिक दल अथवा व्यक्ति डिफे समेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट का उल्लंघन करता है तो उसे तुरंत नोटिस जारी कर पोस्टर बैनर आदि प्रचार सामग्री हटवाना सुनिश्चित किया जायेगा। नियमों की अवहेलना होने पर दोषी के खिलाफ पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार में प्रयोग किए जाने वाले वाहनों पर स्वीकृत का स्टीकर लगा होना जरूरी है।

### नशे के विरुद्ध जागरूकता के साथ पर्यावरण संरक्षण का दे रहे सन्देश



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा** राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पंव्द्धनर्वास प्रभारी/पुलिस उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम के लिए पिछले 3 वर्ष से अधिक अवधि से नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। वे अधिकतर साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए हरियाणा के प्रत्येक जिले में जाकर नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक कर रहे हैं। आज सायं वे करनाल में साइकिल की सवारी से लोगों को जागरूक कर रहे थे। करनाल के सेक्टर-13 से एनडीआरआई शामगढ़, तरावड़ी, नीलोखेड़ी के मार्ग से लोगों को जागरूक करते हंव्द्धए कुरुक्षेत्र की ओर बढ़ गए। मार्ग में अनेक स्थानों पर लोगों को हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंटोल ब्यूरो के उद्देश्य के बारे जागरूक किया।

## छात्राओं को महिला विरूध होने वाले अपराधों के प्रति किया जागरूक



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। आज जिला** पुलिस की महिला कांउसलिंग सेल की ओर से आरपीआईआईटी कालेज बसताड़ा में जाकर कालेज की छात्राओं को महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। महिला निरीक्षक राजेश लता ने बताया कि आज के समय इस समय में महिलाओं के विरूद्ध काफी ज्यादा अपराध बढ़ रहे हैं, जिन्हें रोकने के लिए महिलाओं को अपने अधिकारों और महिलाओं के हित में बनाए गए कानूनों के विषय में ज्ञान होना बहुत जरूरी है। महिलाओं की जागरूकता से ही महिला विरूद्ध अपराधों में कमी लाई जा सकती है।

## किरायेदार ने मकान मालकिन के साथ की मारपीट

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। आरके पुरम** क्षेत्र में किरायेदार ने मकान मालकिन के साथ मारपीट की। आरोपी किरायेदार महिला का एग्रीमेंट खत्म होने के बावजूद मकान में रह रही थी। मकान में शराब की बोतले बिखरी पड़ी थी और सीसीटीवी कैमरों की तारें भी टूटी हुई मिली। इसके साथ ही डीवीआर भी गायब मिला। मारपीट के दौरान आरोपियों ने मकान मालकिन का सिर दीवार में दे मारा, जिससे वह घायल हो गई। आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने मकान मालिकन के गले से सोने की चेन तोड़ी। पीड़िता ने मामले की शिकायत सेक्टर 32-33 थाना पुलिस को की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। करनाल निवासी क्षमा वर्मा पत्नी प्रदीप कुमार ने आरोपी महिला को नीचे का पोरशन किराये पर दिया हुआ है। इसका एग्रीमेंट भी 29 फरवरी को खत्म हो चुका है।

## छात्राओं को ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा का प्रयोग कर यात्रा को सुरक्षित बनाने का सिखाया तरीका



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नवनियंव्द्धक्त** पंव्द्धलिस अधीक्षक दीपक सहारन के आदेशों और निर्देशानुसार

उप पुलिस अधीक्षक महिला संव्द्धरक्षा, निलोखेड़ी विजय कंव्द्धमार द्वारा एक टीम का गठन कर हरियाणा पंव्द्धलिस द्वारा शंव्द्धरू की गई ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा के संबंध में महिलाओं को जागरूक करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया है। इस टीम ने उप निरीक्षक चंदेश्वर इंचार्ज महिला संव्द्धरक्षा व सामाजिक न्याय शाखा, करनाल की अध्यक्षता में आज राजकीय महिला महाविघालय रेलवे रोड़ करनाल में पहंव्द्धंचकर वहां पर उपस्थित छात्राओं को बताया कि कैसे वे हरियाणा की डायल 112 से जोडकर अपनी यात्रा को सुरक्षित बना सकती हैं। टीम इन्चार्ज ने राजकीय महिला महाविघालय रेलवे रोड़ के प्रिंसिपल संव्द्धभाष शर्मा की अध्यक्षता में छात्राओं को बताया कि इस सेवा का लाभ उठाने के लिए महिलाएं 112 पर कॉल करें और वेब आधारित फॉर्म का लिंक आवेदक को एसएमएस के माध्यम से प्राप्त होगा, आवेदक को पंजीकरण फॉर्म में यात्रा विवरण के साथ-साथ आपातकालीन नंबर भी भरना होगा।

### कॉटन फैक्टरी में लगी आग, लाखों की कॉटन जली

**जींद। जींद के औद्योगिक** क्षेत्र स्थित कॉटन फैक्टरी में बुधवार को आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद स्थानीय कर्मियों की मदद से आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक लाखों रुपये की कॉटन जल कर राख हो चुकी थी। आशंका जताई जा रही है कि शॉट सर्किट के कारण आग लगी है। औद्योगिक क्षेत्र स्थित जींद सर्जिकल फैक्टरी में बुधवार अल सुबह अचानक से आग लग गई। फैक्टरी से धुआं उठता देख कर्मियों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग लगातार फैलती चली गई।

## 'नियमित योग से बरसों पुरानी बीमारियों से भी मिलता है छुटकारा'



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पतंजलि योग** समिति द्वारा संचालित दिव्य योग कक्षा सेवा समिति आश्रम अर्जुन गेट में योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिक्षक शमशेर सिंह नैन ने साधकों को कहा कि प्रतिदिन योग के लिए समय जरूर निकालें। उन्होंने कहा कि महंगी दवाओं के बजाय यदि नियमित रूप से योगासन किया जाए, तो न केवल बरसों पुरानी बीमारियां ठीक हो सकती है, बल्कि फिटनेस के लिए भी यह मील का पत्थर साबित हो सकता है। रोजमर्रा की जिंदगी में स्ट्रेस को दूर करने में भी योग महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। योगा करने के बाद शरीर लचीला बनता है और अच्छी नींद आती है। उमा नरूला ने कहा कि प्रतिदिन योग करने से सकारात्मक विचार भी आते हैं। इससे मानसिक रूप से स्वस्थ रहने में मदद मिलती है। रिंपी खरबंदा ने कहा कि अनुलोम विलोम से शरीर के अंदर नसों की ब्लाकेज को खुलने में सहायता मिलती है और कपालभाती फेफड़ों के लिए काफी लाभदायक है और फेफड़ों की कार्यकुशलता बढ़ती है। इसके साथ सांसों को तेज और धीमी गति से भत्रसिका भी शरीर के लिए काफी लाभदायक है। पूजा मदान ने कहा कि अगर हर रोज योग को अपने जीवन में शामिल करेंगे तो बीमार नहीं होंगे और खुद को हमेशा स्वस्थ और निरोग महसूस करेंगे। इस अवसर पर योग शिक्षक सुरिन्द्र नारंग, राम लाल गोयल,, जितेन्द्र गुप्ता, नरेश निझावन, योग शिक्षिका लक्ष्मी चोपड़ा, रेनू गोयल, रिम्पी खरबंदा, उमा नरूला, पुनम निझावन, सोनिया भाटिया, दविन्द्र चौधरी, सीता मनोचा, वंशिका भारती ललिता, अशोक नारंग, गुरविन्द्र सिंह, सविता नारंग, पुष्पा सरदाना, रजनी अरोड़ा, पूर्ण चन्द पांथरी, संतोष कथूरिया आदि मौजूद रहे।

## गौरक्षकों ने पकड़ी मांस से भरी पिकअप, जमकर हुआ हंगामा, गाड़ी में की तोडफोड़

### ोभक्तों का आरोप है कि पहले भी इस तरह से गाडियां भरकर ले जाई गई हैं, लेकिन इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मधुबन थाना** के सामने जीटी रोड पर गौवंश मांस से भरी एक पिकअप गाड़ी पकड़ी गई है। गौवंश मांस को भरा देख गोभक्तों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने जमकर हंगामा किया और पिकअप के साथ भी तोडफोड़ की। गोभक्तों का आरोप है कि पहले भी इस तरह से गाडियां भरकर ले जाई गई हैं, लेकिन इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती। फिलहाल पुलिस ने पिकअप गाड़ी को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस की मानें तो शिकायत के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। गौ रक्षक दल की टीम ने बताया कि गाड़ी दिल्ली की तरफ से आ रही थी, जिसमें से रक्त की बूंदे टपक रही थी। इसके बाद शक हुआ और गाड़ी का पीछा शुरू कर दिया। मधुबन थाना के सामने आकर गाड़ी को गौरक्षकों ने पकड़ लिया। जब गाड़ी से काले रंग की पॉलिथिन हटाकर देखी गई तो उसके अंदर गौमांस भरा हुआ था। इसके बाद मौके पर अन्य लोग भी एकत्रित हो गए। गौरक्षकों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। गौरक्षकों ने बताया कि गाड़ी दिल्ली की बताई जा रही है और जब गाड़ी का नंबर चेक किया गया तो वह उतराखंड का नंबर मिला है। आरोपी को पकड़ा गया तो उसने बताया कि वह दिल्ली की गाड़ी लेकर आया है और टेंपरेरी नंबर लगाया हुआ है। आरोपी को पकड़ा गया और फोन चेक किया गया तो उसमें एक नंबर से बार-बार कॉल की गई है। आरोपी ने खुद माना है कि वह दिल्ली से मांस लेकर आ रहा था। गौरक्षकों ने गाड़ी को पकड़ लिया और गाड़ी के विंड शील्ड विंडो, लाइटें तोड़ दी। बोनट पर भी ईंटों से वार किया गया। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और आक्रोशित युवकों को गाड़ी से दूर किया गया। वही गोरक्षकों का कहना है कि वे इस मांस को जमीन में दबाएंगें और गाड़ी को आग लगाएंगें। गौरक्षकों का आरोप है कि प्रशासन की मिलीभगत है और मिलीभगत से ही गौवंश तस्करी होती है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती। मधुबन थाना के प्रभारी मुनीष कुमार ने बताया कि पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में ले लिया है। वहीं आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से पूछताछ जारी है।

**हंगामा**

**8 गौ रक्षक दल की टीम ने बताया कि गाड़ी दिल्ली की तरफ से आ रही थी, जिसमें से रक्त की बूंदे टपक रही थी।**

## लापता युवक का शव बरामद, नहर किनारे मिली बाइक



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के कुडक** गांव से दो दिन पहले संदिग्ध हालात लापता हुए युवक का शव नहर से बरामद हुआ है। परिवार को बुधवार की दोपहर बाद युवक की बाइक व चप्पल जट्टपुरा गांव की नहर के पास बरामद हुई थी। इसके बाद पुलिस व गौताखोरों ने सर्च अभियान चलाया और शव को नहर से बाहर निकाला। तरावड़ी थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव कुडक निवासी ईशम ने बताया कि उसका 24 साल का बेटा सचिन 18 मार्च की सुबह करीब 10 बजे घर से निकाला था। उसे कोई परेशानी नहीं थी। परिवार में सबसे अच्छे से बोलकर गया था कि वह काम पर जा रहा है, लेकिन उसके बाद वह वापस घर नहीं आया। 18 मार्च की देर रात तब जब वह घर नहीं आया तो उन्होंने सचिन के नंबर पर फोन भी किया। लेकिन उसका फोन बंद आ रहा था। उसके बाद उसकी सभी जगह पर तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

# केजरीवाल को हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

## कोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब; समन के खिलाफ सीएम ने दी थी अर्जी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ईडी द्वारा भेजे के समन को हाईकोर्ट में चुनौती दी। सीएम अरविंद केजरीवाल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। केजरीवाल की याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। उन्होंने ईडी के समन को गैरकानूनी बताया है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा एजेंसी द्वारा उन्हें जारी किए गए कई समन को चुनौती देने वाली याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा है। कोर्ट ने सुनवाई की तारीख 22 अप्रैल 2024 तय की है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने केजरीवाल के वकील वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी से पूछा कि सीएम पूछताछ के लिए एजेंसी के






सामने क्यों नहीं पेश हो रहे हैं। सिंघवी ने जवाब दिया कि उन्हें आशंका है कि ईडी उन्हें गिरफ्तार कर लेगी और अगर उन्हें सुरक्षा दी जाए तो मुख्यमंत्री पेश होने के लिए तैयार हैं। पीठ ने पूछा आप देश के नागरिक हैं, समन केवल नाम के लिए है। आप पेश क्यों नहीं होते। पीठ ने वरिष्ठ वकील से पूछा ईडी द्वारा सामान्य प्रथा क्या है और क्या यह पहले समन पर ही लोगों को गिरफ्तार कर लेती है। सिंघवी ने कहा कि आप नेता मनीष सिसौदिया और संजय सिंह को भी एजेंसी ने इसी तरह गिरफ्तार किया था। यह नई शैली है। मंगलवार को याचिका में केजरीवाल ने तर्क रखा कि सभी समन गैरकानूनी है और निचली अदालत की ओर से उनके खिलाफ नोटिस जारी किए जाने के बावजूद ईडी व सीबीआई बार-बार समन जारी कर रही है। यह मात्र राजनीतिक रूप से जारी किए गए है। ईडी ने निचली अदालत में कहा था कि केजरीवाल को आठ बार समन जारी किया गया, लेकिन वे इसका अनुपालन नहीं करते हुए एक बार भी पेश नहीं हुए हैं। इसको लेकर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। उस मामले में केजरीवाल अदालत में पेश होकर जमानत ले चुके हैं। केजरीवाल के खिलाफ नौवां समन हाल ही में जारी किया गया है। मजिस्ट्रेट की अदालत ने ईडी की दो शिकायतों पर समन जारी किया था। पहली

**जवाब तलब**

8 कई समन को चुनौती देने वाली याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा है

शिकायत पर सुनवाई के दौरान अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मलहोत्रा ने टिप्पणी करते हुए कहा था कि केजरीवाल ईडी के समन का सम्मान करने के लिए बाध्य हैं। धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत समन जारी होने के बावजूद जांच में शामिल होने में बार-बार विफल रहने के बाद ईडी ने केजरीवाल के खिलाफ अदालत से शिकायत की है।

# एल्विश के खास दोस्त समेत दो को किया गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली/नोएडा:** रेव पार्टी में सांपों के जहर की सप्लाई के मामले में जेल में बंद एल्विश यादव के ग्रुप और साथियों पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इस मामले में मंगलवार देर रात एल्विश से जुड़े ईश्वर व एक अन्य से नोएडा पुलिस ने कोतवाली सेक्टर-20 में पूछताछ की। देर रात तक पूछताछ जारी। जिसके बाद बुधवार को पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। विनय यादव एल्विश का खास दोस्त है। दोनों ज्यादातर साथ ही रहते हैं। विनय यादव का गुरुग्राम में खोपचा नाम से एक रेस्तरां भी है, जहां एल्विश अक्सर जाता था। वहीं, इस मामले में हरियाणवी सिंगर फाजिलपुरिया के भी नोएडा पुलिस के सामने आने की चर्चा रही। हालांकि नोएडा पुलिस के अधिकारियों ने इससे इनकार किया। बिग बॉस विजेता और यूट्यूबर एल्विश को सांपों के जहर की सप्लाई करने के मामले में नोएडा पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वह जेल में बंद है। अब मंगलवार रात एल्विस से जुड़े ईश्वर और विनय से पूछताछ की गई। बताया जाता है कि इस प्रकरण की जांच में ईश्वर का जिक्र बार-बार आया है और सीडीआर में भी ईश्वर से बातचीत की बात सामने आई थी। बताया

**कसा शिकंजा**

8 विनय यादव एल्विश का खास दोस्त है। विनय यादव का गुरुग्राम में खोपचा नाम से एक रेस्तरां भी है

जाता है कि रेव पार्टी में सांपों के जहर की सप्लाई करने का बड़ा नेक्सस है।

**ये सबूत बने एल्विश के गले की फांस:** आपको बता दें कि रेव पार्टी में सांपों के जहर सप्लाई करने के मामले में घिरे यूट्यूबर एल्विश यादव पर सांपों के साथ का वायरल वीडियो भारी पड़ गया। इसके साथ ही सपेरों से जुड़े कई लोगों के साथ ऑडियो व सपेरों से बरामद विष की एफएसएल रिपोर्ट एल्विश की गिरफ्तारी और जेल जाने का कारण बन गया। ऑडियो, वीडियो व एफएसएल रिपोर्ट जब पुलिस ने कोर्ट में रखा तब कोर्ट ने एल्विश को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बहुचर्चित यूट्यूबर एल्विश यादव पुलिस की नोटिस पर रविवार को नोएडा आया था। उसे यह अहसास नहीं था कि पुलिस उसे गिरफ्तार कर सकती है। इस कारण वह केवल दो लोगों के साथ आया। पिछले बार की तरह इस बार उसके साथ वकीलों की फौज नहीं थी।

# मोबाइल नेटवर्क पर डाका: टावरों से गायब किए करोड़ों के उपकरण

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने मोबाइल टावर उपकरणों की खरीद-फरोख्त व चोरी की वारदातों में शामिल एक गिरोह का पर्दाफाश कर दो सरगनाओं समेत 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनकी गिरफ्तारी से दिल्ली एनसीआर में मोबाइल टावर उपकरणों की चोरी के 63 मामले सुलझाने का दावा किया है। इनके कब्जे से मोबाइल टावर उपकरण 33 आरआरयू, 20 बीबीयू, 15 पावर बैटरी, 20 बंडल केबल, 2 आरएसपी, रेडियो यूनिट आदि बरामद किया है। इन सभी की कीमत करीब 1.50 करोड़ है। अपराध शाखा के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त संजय भाटिया के अनुसार, एयरटेल के राष्ट्रीय नोडल अधिकारी ने बड़े पैमाने पर देश के विभिन्न हिस्सों में स्थापित मोबाइल टावरों से आरआरयू, बीबीयू और संबंधित सहायक उपकरण चोरी होने की शिकायत दी थी। इसके

**दावा**

8 इनकी गिरफ्तारी से दिल्ली एनसीआर में मोबाइल टावर उपकरणों की चोरी के 63 मामले सुलझाने का दावा किया

परिणामस्वरूप, ग्राहकों को कॉल करने और इंटरनेट सेवाओं का उपयोग करने में परेशानी हो रही थी। शाखा में तैनात इंस्पेक्टर शिवराज सिंह बिष्ट की देखरेख में एसआई रविंदर कुमार, देवेंद्र कुमार और सिमरजीत कौर की टीम ने जांच शुरू की। टीम ने गिरोह के सरगनाओं की पहचान नाजिम और सलमान के रूप में की। पता लगा कि ये विभिन्न राज्यों के विभिन्न व्यक्तियों से चोरी की आरआरयू/बीबीयू खरीदते थे और उन्हें रोहिणी, दिल्ली में स्थित अपने गोदाम में छिपाते थे। इसके बाद वे इन वस्तुओं को अन्य व्यक्तियों को ऊंचे दामों पर बेच देते थे।

# दिल्ली ट्रैफिक उल्लंघन की राजधानी!, तेजी से बढ़ोतरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी में इस साल के पहले तीन महीनों में यातायात नियमों के उल्लंघन में तेजी से बढ़ोतरी देखी गई है। दिल्ली पुलिस ने 1 जनवरी से 15 मार्च के बीच यातायात नियमों के उल्लंघन के मामलों की संख्या पर डेटा जारी किया। आंकड़ों से पता चलता है कि ट्रैफिक सिग्नल पर रेड लाइट जंप करने जैसे यातायात उल्लंघन में 2023 की समान अवधि की तुलना में 200 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। उल्लंघनों को शहर के प्रमुख चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिए पकड़ा गया था। दिल्ली



पुलिस द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक, रेड लाइट जंप करने का यातायात उल्लंघन ज्यादातर शहर के दक्षिणी भाग में देखा गया है। ज्यादातर यातायात उल्लंघन नौरोजी नगर, नारायणा, मूलचंद, भिकाजी कामा प्लेस, मोती बाग, लाजपत नगर और एंड्रयूज गंज जैसे इलाकों में हुए। कुल मिलाकर, दिल्ली पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को 69,296 चालान जारी किए। पिछले साल ऐसे यातायात उल्लंघन की संख्या 21,089 थी। दिल्ली

**डाटा जारी**

8 1 जनवरी से 15 मार्च के बीच यातायात नियमों के उल्लंघन के मामलों की संख्या पर डेटा जारी किया

पुलिस ने ऐसे यातायात उल्लंघन की निगरानी के लिए चौराहों पर 3डी रडार आधारित रेड-लाइट उल्लंघन का पता लगाने वाले (फ्छश्ऊ) कैमरे लगाए हैं। ये कैमरे यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का पता लगाने में मदद करते हैं। और उन सभी वाहनों की डिटेल्स कंट्रोल रूम को भेजते हैं। केंद्रीय टीम ने तब मोटर वाहन अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के तहत इन वाहनों को ई-चालान जारी किए। रेड लाइट जंप करना दिल्ली के साथ-साथ देश के अन्य हिस्सों में भी देखा जाने वाला सबसे आम यातायात उल्लंघन है।

# मिर्गी, ब्रेन ट्यूमर और स्ट्रोक के कारणों की पहचान होगी आसान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** अब मिर्गी, ब्रेन ट्यूमर, स्पाइनल कॉर्ड और स्ट्रोक के सूक्ष्म कारणों की पहचान आसान होगी। एम्स इन बीमारियों की सटीक पकड़ के लिए 7 टेस्ला छवि की दिशा में आगे बढ़ रहा है। फिलहाल एम्स में 3 टेस्ला छवि तक की क्षमता है। इनकी मदद से जांच करने के बाद भी अति सूक्ष्म कारण छिप जाते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि मस्तिष्क में होने वाले सूक्ष्म कारणों की पहचान में 7 टेस्ला एमआरआई स्कैनर मशीन काफी मददगार साबित हो सकती है। एम्स में अभी 1.5 से तीन टेस्ला एमआरआई स्कैनर मशीन की सुविधा है। जो मस्तिष्क रोगियों के मरीजों की सटीक कारणों की पकड़ में कमजोर साबित हो रही है। ऐसे में एम्स जल्द 7 टेस्ला एमआरआई स्कैनर मशीन लगाएगा। इसकी क्षमता मौजूद मशीन से दोगुनी से ज्यादा होगी। इसमें उच्च-शक्ति वाले चुंबकीय क्षेत्र, सूक्ष्म न्यूरोइमेजिंग क्षमताएं होंगी। जो बारिक रोग की पहचान भी आसानी से कर सकेगी। एम्स के न्यूरो साइंस सेंटर के प्रमुख प्रोफेसर डॉ. एसबी गायकवाड़ ने बताया कि एम्स में अभी पांच मशीनें हैं। इनकी क्षमता तीन टेस्ला तक है। इसकी मदद से मस्तिष्क के गंभीर रोगों की पकड़ करना मुश्किल होता है। इस समस्या को देखते हुए एम्स 7 टेस्ला एमआरआई स्कैनर लेने की विचार कर रहा है।

**33 फीसदी में दवा नहीं करती काम:** डॉ. गायकवाड़ ने कहा कि मिर्गी के 33 फीसदी मामलों में दवा काम नहीं करती। ऐसे में सर्जरी ही एक विकल्प रह जाता है। इस सर्जरी के लिए कारणों की पकड़ के लिए सूक्ष्म जांच की जरूरत है।

यदि जांच के दौरान रोग के लिए जिम्मेदार कारणों का पता नहीं चलता तो सर्जरी खराब हो सकती है। इससे मरीज में लकवा भी हो सकता है।

# '2015 से लगातार आ रही प्रदूषण में कमी'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** हाल ही में दुनियाभर में प्रदूषण को लेकर स्विस ग्रुप आईक्यू एयर की एक रिपोर्ट सामने आई। जिसमें भारत की राजधानी दिल्ली सबसे प्रदूषित राजधानी बन गई। बढ़ते प्रदूषण को लेकर दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली एक ऐसा राज्य है, जहां प्रदूषण के स्तर में लगातार कमी आ रही है। साल 2015 से लेकर 2023 तक पीएम 10 और पीएम 2.5 के स्तर में कमी आ रही है। एक दिन पहले ही स्विस ग्रुप आईक्यू एयर की ओर से एक डाटा जारी किया गया था। जिसमें दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों और देशी की राजधानियों के नाम जारी किए गए थे। जिसमें भारत की राजधानी दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी बन गई। रिपोर्ट में बताया गया कि बिहार का बेगुसराय दुनिया के सबसे प्रदूषित शहर की लिस्ट में है।

# एसओएल के छात्र यू-ट्यूब के जरिए करेंगे परीक्षाओं की तैयारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विश्वविद्यालय का स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) स्नातक स्तर के छात्रों की परीक्षाओं की तैयारी अब यू-ट्यूब के माध्यम से कराएगा। एसओएल पीसीपी (पर्सनल कॉन्टेक्ट प्रोग्राम) कक्षाएं समाप्त होने के बाद ऑनलाइन रिवीजन क्लास शुरू करने जा रहा है। इन कक्षाओं में सात में चार कोर पेपर की तैयारी कराई जाएगी। पूरी तरह से ऑनलाइन इन कक्षाओं में शिक्षक भी छात्रों के सवालों के जवाब देने के लिए ऑनलाइन ही उपलब्ध रहेंगे। डीयू में इस तरह का प्रयोग पहली बार शुरू किया जा रहा है। एसओएल की निदेशक प्रो. पायल मागो ने बताया कि छात्रों की पढ़ाई के लिए ऑफलाइन पीसीपी कक्षाएं लगाई जाती हैं। यह



कक्षाएं रविवार को आयोजित होती हैं, जो अप्रैल में समाप्त होने वाली हैं। मई-जून से वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। ऐसा देखा गया है कि पीसीपी कक्षाओं के बाद भी अपने विषयों को लेकर छात्रों में बहुत सी जिज्ञासाएं रह जाती हैं, लेकिन उनका हल नहीं मिलता और न ही उनकी तैयारी ठीक से हो पाती है। ऐसे में यू-ट्यूब से रिवीजन कक्षाएं आयोजित करने का फैसला लिया गया है।

**7 में से 4 पेपरों का ऑनलाइन रिवीजन:** छात्रों के पास सात पेपर हैं, इनमें से जो चार क्रेडिट वाले पेपर हैं उनके लिए ही ऑनलाइन रिवीजन कराई जाएगी। इनके लिए समयावधि पांच-पांच घंटे की होगी। यह एक साथ नहीं होगी लेकिन कुछ कुछ अंतराल पर यह कक्षाएं चलेंगी। यह पूरी प्रक्रिया परीक्षाएं शुरू होने से पहले की जाएगी जिससे कि छात्रों की तैयारी बेहतर तरीके से हो

# युवा मतदाता बनेंगे प्रत्याशियों के भाग्यविधाता

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली** में कुल 1,47,18,119 मतदाता हैं जिनमें से 40 वर्ष से कम आयु के मतदाताओं की संख्या 66,45,299 है। इस तरह से लगभग 45 फीसदी मतदाता युवा हैं। मतदाता सूची के अनुसार, राजधानी में 18 से 30 वर्ष के मतदाताओं की संख्या 17.43 प्रतिशत है। इसके बाद सबसे ज्यादा मतदाता 30 से 39 वर्ष उम्र के हैं। इस उम्र वर्ग के 27.70 प्रतिशत मतदाता हैं। यदि 18 से 39 वर्ष की उम्र के सभी मतदाताओं को एक साथ मिला दें तो 18 से 39 वर्ष के उम्र के मतदाताओं की संख्या 45.15 प्रतिशत है। वहीं, वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान दिल्ली में कुल 1,43,16,453 मतदाता थे, जिनमें 40 वर्ष से कम आयु वाले मतदाताओं की संख्या 75,51,416 थी। इस तरह से लगभग 53 फीसदी मतदाता युवा थे। इस बार 18-19 वर्ष और 20-29 वर्ष के मतदाताओं की संख्या बीते लोकसभा चुनाव से काफी



कम है।

**मैंने वोट किया, गजब फीलिंग देता है: मंयक ने कहा** जब 18 साल का नहीं हुआ था तो वोट देने के लिए बेचैनी थी। जब भी चुनाव होता तो सोचता रहता था कि किसी प्रत्याशी को वोट देने पर कैसी खुशी होती होगी। यूथ की काबिलियत केवल मेट्रो लाइन बदलने तक सीमित नहीं है, वह मताधिकार का इस्तेमाल करके शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास यहां तक की सरकार को भी बदल सकता है। वोट देश में आने वाले अच्छे बदलावों की शुरूआत है। इसके बाद ही नेता से बदलाव की उम्मीद की जा सकती है। मैंने भी वोट दिया है, यह कहना बेहद संतोषजनक होता है। सभी लोग वोट जरूर डालें।

**मुद्दों से जुड़ता है युवा:** युवा मतदाताओं के अपने कई मुद्दे हैं। इनमें शिक्षा, रोजगार, कानून व्यवस्था, कौशल विकास और सुविधाएं आदि शामिल हैं। शिक्षा के लिए व्यवस्था ऐसी हो कि रोजगार मिले, कानून व्यवस्था मजबूत हो खासतौर पर युवतियों के लिए यह महत्वपूर्ण हैं। युवाओं के लिए सुविधाएं भी महत्वपूर्ण हैं। इसमें बिजली, पानी, परिवहन आदि शामिल है। कौशल विकास की बात करें तो यह भी जरूरी है,

**यूथ ब्रिगेड**

8 कल्पनाशील, स्वप्नदर्शी होने के साथ युवा ऊर्जावान होते हैं, नफा-नुकसान करने वाले मुद्दे नहीं भाते

युवाओं को शिक्षा के साथ ही कौशल विकास पर जोर होता है, ताकि शिक्षा पूरी करने के बाद उन्हें कौशल विकास के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े।

**नफा-नुकसान वाले मुद्दे नहीं भाते:** कल्पनाशील, स्वप्नदर्शी होने के साथ युवा ऊर्जावान होते हैं, तभी उन्हें निजी तौर पर नफा-नुकसान करने वाले मुद्दे नहीं भाते। इसकी जगह वह ऐसे मुद्दों के साथ जाना पसंद करते हैं, जो समाज व देश से जुड़े हों। इसकी झलक अन्ना व निर्भया आंदोलन के दौरान दिल्ली की सड़कों पर दिखी थी। युवाओं को सरकार से फ्री सुविधा नहीं चाहिए। इसकी जगह उनकी दृष्टि दीर्घकालिक होती है। युवाओं को आजादी चाहिए।

तेरहवीं



स्व. श्रीमति कैलाश खत्री

(धर्मपत्नी, श्री जगदीश खत्री का

स्वर्गवास रविवार दिनांक 17.03.24 को हो गया था। उनकी

तेरहवीं

वीरवार: 21.03.24, हवन प्रात: 09: 00 बजे

हमारे निवास स्थान जे.के. फार्म हाऊस गौतम कॉलोनी, साफियाबाद रोड़, नरेला, दिल्ली- 40

शोकाकुल

कमल खत्री (पुत्र),

गौतम खत्री (पुत्र)

समस्त खत्री परिवार

# पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर एकजुट हुआ राजपूत समाज

## राजपूत समाज के सैकड़ो लोगों ने पूर्व कमेटी सदस्यों द्वारा महाराणा प्रताप स्कूल में की जा रही मनमानी के खिलाफ रोष व्यक्त किया



**गुहार**

**8 क्षत्रिय संघर्ष समिति सदस्यों पर दर्ज करवाए गए फर्जी मामले की जांच दोबारा करवाने को लेकर भी गुहार लगाई**

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :क्षत्रिय** संघर्ष समिति के बैनर तले राजपूत समाज के लोग पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर इकट्ठा हुए। राजपूत समाज के सैकड़ो लोगों ने पूर्व कमेटी सदस्यों द्वारा महाराणा प्रताप स्कूल में की जा रही मनमानी के खिलाफ जमकर रोष व्यक्त किया। पूर्व कमेटी सदस्यों द्वारा क्षत्रिय संघर्ष समिति सदस्यों पर दर्ज करवाए गए फर्जी मामले की जांच दोबारा करवाने को लेकर भी पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई। पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच का जिम्मा डीएसपी को सौंप दिया। अब दर्ज मामले को लेकर दोबारा से सीसीटीवी फुटेज की जांच की जाएगी और स्कूल रिकॉर्ड में की जा रही छेड़छाड़ को लेकर भी कानूनी पहलुओं के आधार पर जांच की जाएगी। इसके बाद महाराणा प्रताप सभा भवन राजपूत धर्मशाला में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें क्षत्रिय संघर्ष समिति संयोजक मोहन सिंह राणा द्वारा दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए खुलासा किया गया कि महेंद्र सिंह तंवर पूर्व समिति सदस्यों द्वारा प्रिंसिपल के साथ मिलीभक्त करके बड़े पैमाने पर घोटाला किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन लोगों द्वारा स्कूल प्रिंसिपल से महाराणा प्रताप शिक्षा समिति की लेटर पैड पर स्कूल फंड खर्च करने संबंधी प्रस्ताव डलवाया गया है। जिसमें स्कूल प्रधानाचार्य सहित 10 पूर्व समिति सदस्यों के नाम दिए गए हैं। मोहन राणा ने बताया कि जब गवर्निंग बॉडी 1 साल पहले खत्म हो चुकी है। क्षत्रिय सभा का कार्यकाल पूरा होने के बाद चुनाव भी करवाया जा चुका है और मौजूदा समय में क्षत्रिय सभा के ऊपर प्रशासक नियुक्त किया गया है। तो ऐसे में शिक्षा समिति की लेटर पैड का किसी भी रूप में प्रयोग करना गैरकानूनी है। ऐसा करने वालों के खिलाफ सीधे तौर पर 420 का केसे बनता है। इसी प्रस्ताव की प्रति को लेने के लिए समाज के लोग स्कूल में पहुंचे थे। जहां पर स्कूल क्लर्क द्वारा बदतमीजी की गई और उल्टा मामला समाज के लोगों पर ही दर्ज करवा दिया गया। महेंद्र सिंह तोमर द्वारा ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि उन्हें अपनी करगुजारियों का डर हो गया था कि यदि इन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज नहीं करवाया गया तो उनके कारनामों का भंडाफोड़ हो सकता है। मेवा सिंह राणा ने कहा कि व्यक्तिगत तौर पर प्रिंसिपल एनी फिलप की पूरा समाज इज्जत करता है क्योंकि महाराणा प्रताप स्कूल को यहां तक पहुंचने में उनका बहुत बड़ा रोल रहा है।

# 154 ट्रांसफार्मर चोरी मामले में 04 अरेस्ट

## बावरिया गैंग के आरोपियों से भारी मात्रा में चोरीशुदा तार बरामद



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** जिला पुलिस ने ट्रांसफार्मर चोरी मामलो में बड़ी करवाई करते हुए करीब 154 ट्रांसफार्मर चोरी मामलों में शामिल में 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने करीब 154 ट्रांसफार्मर चोरी की वारदातों को सुलझाते हुए ट्रांसफार्मर चोरी के आरोप में निरन्जन पुत्र इन्द्र सिह वासी रैवाना थाना निमराना जिला अलवर राजस्थान, नीरज उर्फ गोदु पुत्र चिरन्जी लाल वासी नाहड थाना कोसली जिला रेवाडी, हरदीप पुत्र प्रभात वासी गांव मामडिया थाना खोल जिला रेवाडी व नरवीर पुत्र रति राम वासी झाल थाना कोसली जिला रेवाडी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसडीओ बिजली विभाग पीपली कार्यालय से प्राप्त शिकायत के माध्यम से बताया गया कि दिनांक 1 फरवरी 2024 गांव पलवल के किसान पूरण सिंह तथा 5 फरवरी 2024 को गांव झिरबडी के किसान कली राम के खेतों से नापता नामालूम चोरो द्वारा ट्रान्सफार्मर चोरी कर लिये गए हैं। जिसकी शिकायत पर थाना सदर थानेसर में मामला दर्ज करके जांच हवलदार कर्म सिंह को सौंपी गई। दिनांक 15 मार्च 2024 को पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भोरिया के मार्ग-निर्देश में अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र, उप निरीक्षक जसबीर सिह, हवलदार भजन सिह, पवन कुमार, संदीप कुमार व प्रवीन कुमार की टीम ने ट्रांसफार्मर चोरी करने के आरोपी निरन्जन पुत्र इन्द्र सिह वासी रैवाना थाना निमराना जिला अलवर राजस्थान, नीरज उर्फ गोदु पुत्र चिरन्जी लाल वासी नाहड थाना कोसली जिला रेवाडी, हरदीप पुत्र प्रभात वासी गांव मामडिया थाना खोल जिला रेवाडी व नरवीर पुत्र रति राम वासी झाल थाना कोसली जिला रेवाडी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से 5 दिन के रिमांड पर लिया गया। रिमांड अवधि के दौरान आरोपियों से नीमराना राजस्थान से 2 क्विंटल 68 किलो 700 ग्राम तांबे व लोहे की तार तथा वारदात में प्रयोग की गई इको कार बरामद की गई।

**न्यूज फ्लैश**

## आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने की विभिन्न स्कॉलरशिप्स की घोषणा

**सोनीपत: परीक्षण** तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने अप्रैल 2024 में शुरू होने वाले अपने नए सत्र की शुरूआत से पहले छात्रों को डॉक्टर और इंजीनियर बनने के सपने को साकार करने में सक्षम बनाने के लिए अलग-अलग स्कॉलरशिप की घोषणा की है। पहली छात्रवृत्ति इंस्टेंट एडमिशन कम स्कॉलरशिप टेस्ट (आईएसीएसटी) है, जो मेडिकल, इंजीनियरिंग और फाउंडेशन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 90% तक छात्रवृत्ति प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त, आकाश शहीदों के बच्चों, रक्षा कर्मियों और आतंकवाद प्रभावित व्यक्तियों को विशेष छूट प्रदान करेगा। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के चीफ बिजनेस ऑफिसर श्री अनूप अग्रवाल ने कहा, "हम भारत भर में छात्रों के लिए सुलभ और प्रभावशाली शैक्षिक अवसर प्रदान करने के लिए समर्पित हैं। आईएसीएसटी और हमारे छात्रवृत्ति कार्यक्रमों जैसी पहल के माध्यम से, हमारा लक्ष्य योग्य छात्रों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धि हासिल करने के लिए सशक्त बनाना है। हमें अपने बहादुर सशस्त्र बल कर्मियों के बच्चों की शिक्षा का समर्थन करने की अपनी परंपरा को जारी रखने पर गर्व है और हम शिक्षा में उत्कृष्टता और समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"

## इंडकल टेक्नोलॉजीज ने एसर एयरकंडीशनर्स की 2024 श्रृंखला की घोषणा की, होम कूलिंग में नए मानक स्थापित किए

**कुरुक्षेत्र** : भारत में एसर होम अप्लायंसेज के आधिकारिक लाईसेंसी, इंडकल टेक्नोलॉजीज प्राईवेट लिमिटेड ने एसर एयरकंडीशनर्स की 2024 श्रृंखला पेश की है। होम कूलिंग का अनुभव बेहतर बनाने के लिए निर्मित ये एयर कंडीशन 1 टन - 3 और 5 स्टार रेटिंग, 1.5 टन - 3 और 5 स्टार रेटिंग और 2 टन - 3 स्टार रेटिंग में उपलब्ध होंगे। इन एयरकंडीशनर्स में आर्कटिकरैप कूलिंग, एआईसेंस, और कूलस्फेयर



एयरफ्लो मैनेजमेंट जैसी अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी हैं। ये नए एयरकंडीशनर ग्राहक-अनुभव को प्राथमिकता देते हुए शुरू में देश में सभी ऑफलाईन रिटेल चैनलों पर उपलब्ध होंगे।एसर एयरकंडीशनर्स में भारत में पहली बार 7-इन-1 कन्वर्टिबल टेक्नोलॉजी के साथ उद्योग की अग्रणी विशेषता दी गई है। इस टेक्नोलॉजी द्वारा यूजर्स कूलिंग को अपनी जरूरत के अनुसार अनुकूलित कर सकते हैं। इसके अलावा, इन एसी में आर्कटिक रैप कूलिंग है, जो 55 डिग्री सेल्सियस की गर्मी में भी शक्तिशाली और भरोसेमंद कूलिंग प्रदान करती है। एसर एसी की इंटेलिजेंट एआईसेंस टेक्नोलॉजी की मदद से ये मशीनें एडैप्टिव कूलिंग इंटेलिजेंस के साथ आती हैं, जिसकी मदद से ये यूजर की पसंद के अनुरूप अनुकूलित हो जाते हैं, और बाहरी तापमान के आधार पर कूलिंग की सैटिंग को भी ऑप्टिमाईज कर देते हैं, ताकि बिजली की खपत कम हो, और बिजली का बिल कम आए। ये एसी बहुत कम नॉईज के साथ काम करते हैं।

एसर एसी में दिए गए कूलस्फेयर एयरफ्लो द्वारा 3डी कूलिंग डाईव की मदद से कमरे में सबसे अच्छा कूलिंग का वातावरण मिलता है, जो पूरा कम्फर्ट प्रदान करता है।ये एसी इनोवेशन और खूबसूरत डिजाईन का बेहतरीन मिश्रण पेश करते हैं, जो स्लीक होने के साथ मिनिमलिस्ट भी है। साथ ही, इसके वन डिजाईन में एक उपयोगी एलईडी डिस्प्ले भी दिया गया है, जो भारतीय बाजार में इस तरह के फीचर का पहला उदाहरण है। इंडकल टेक्नोलॉजीज प्राईवेट लिमिटेड के सीईओ, श्री आनंद दुबे ने कहा, ह्यह्यहम एसर एयरकंडीशनर्स की 2024 श्रृंखला पेश करके बहुत उत्साहित हैं। यह भारत के परिवारों को आधुनिक टेक्नोलॉजी के भरोसेमंद कूलिंग समाधान प्रदान करने के हमारे मिशन की ओर एक बड़ा कदम हैं। इनोवेशन और ग्राहक संतुष्टि की हमारी प्रतिबद्धता हमें लगातार अपनी सीमाएं बढ़ाने और अपेक्षाओं से बढ़कर इनोवेशन लाने के लिए प्रेरित करती है।कंपनी के विजन के बारे में श्री दुबे ने बताया, ह्यह्यइंडकल टेक्नोलॉजीज प्राईवेट लिमिटेड में हम न केवल बेहतरीन उत्पाद पेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, बल्कि एक ऐसा विस्तृत सर्विस नेटवर्क भी स्थापित करना चाहते हैं, जो हमारे ग्राहकों के लिए तुरंत एवं व्यक्तिगत सहायता सुनिश्चित कर सके। हम विश्वसनीयता और मन के सुकून का महत्व समझते हैं, और अपने व्यवसाय के हर पहलू में इनका ख्याल रखते हैं।

# आर्य महाविद्यालय ने हासिल किया प्रथम व द्वितीय स्थान

**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** डीजीएचई हरियाणा द्वारा करवाई गई इन्टर कॉलेज स्टेट टूनार्मेंट मे आर्य महाविद्यालय ने विभिन्न प्रतियोगिताओं मे प्रथम व द्वितीय स्थान हासिल किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत कर बधाई दी एवं उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने इस शानदार अवसर पर कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नरेश सैनी, प्राध्यापिका मामनी सैनी, डॉ. राजेश टूर्ण, कोच राजेंद्र देशवाल, राजा तोमर, सुनील पहल, कोच रजनी व अनूप गुलिया को बधाई दी।



प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि आर्य महाविद्यालय ने डीजीएचई हरियाणा द्वारा करवाई गई इन्टर कॉलेज स्टेट टूनार्मेंट मे विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान हासिल किया।

अरुणा आसफ अली सरकार. पी.जी. कॉलेज, कालका मे 17 से 19 मार्च तक आयोजित बेसबॉल टूनार्मेंट में महाविद्यालय की पुरुष टीम ने प्रथम स्थान हासिल कर ट्रॉफी व 28000 का पुरस्कार अपने नाम किया।

गवर्नमेंट कॉलेज, बेरियन पिहोवा मे 08 से 13 मार्च तक आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट में महाविद्यालय की पुरुष टीम ने द्वितीय स्थान हासिल कर ट्रॉफी व 18000 का पुरस्कार अपने नाम किया।

गवर्नमेंट नेशनल कॉलेज, सिरसा मे 14 से 16 मार्च तक आयोजित वॉलीबॉल टूनार्मेंट में महाविद्यालय की महिला टीम ने द्वितीय स्थान हासिल कर ट्रॉफी व 18000 का पुरस्कार अपने नाम किया।

गवर्नमेंट कॉलेज, इसराना में 1 से 14 मार्च तक आयोजित कुश्ती में महाविद्यालय की पुरुष टीम ने द्वितीय स्थान हासिल कर ट्रॉफी व 11 000 का पुरस्कार व महिला टीम ने 7000 का पुरस्कार अपने नाम किया।

इस अवसर पर सभी कॉलेज स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# मंडियों में व्यवस्था बनाने के लिए दिशा-निर्देश जारी

**आदेश**

**8 मण्डियों में व्यवस्था बनाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों की नियुक्ति के आदेश जारी किए**

**पानीपत**

**कमाल हुसैन:** एक अप्रैल से होने वाली रबी की फसलों की खरीद को लेकर उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने मण्डियों में व्यवस्था बनाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों की नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। आदेशानुसार पानीपत एसडीएम मनदीप कुमार पानीपत और बाबरपुर खरीद केन्द्र, समालखा एसडीएम बापौली और समालखा खरीद केन्द्र, इसराना एसडीएम ज्योति मित्तल नौल्था और इसराना, एमडी शुगर मिल जगदीप सिंह अहर और छिछड़ाना, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त मनी त्यागी बबैल और सनौली एवं निगम के अतिरिक्त आयुक्त नरेन्द्र पाल मलिक उरलाना कलां और मडलौडा खरीद केन्द्र के लिए प्रशासनिक अधिकारी लगाए गए हैं। सभी अधिकारी मण्डियों में हर रोज फसल की खरीद को सरल बनाने के लिए सफाई व्यवस्था दुरुस्त करवाना सुनिश्चित करेंगे।

## सबसे बड़े मानव राष्ट्रीय ध्वज लहराने का नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया

**सोनीपत: आज आयोजित** एक अभूतपूर्व कार्यक्रम में, ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के साथ मिलकर पिछले सारे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स को पीछे छोड़ते हुए सबसे बड़े मानव राष्ट्रीय ध्वज लहराने का एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस आयोजन में प्रमाणिक तौर पर के छात्रों और कर्मचारियों ने भाग लिया, जिसकी पुष्टि गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स संगठन के अधिकारियों द्वारा की गई। वास्तव में यह लम्हा बेहद गौरवपूर्ण था, क्योंकि इस अनोखे अवसर को मनाने के लिए सभी प्रतिभागी पूरे उत्साह के साथ भारतीय ध्वज के रंगों में एकत्रित हुए, जिनमें के सभी स्कूलों एवं संस्थानों के छात्र, कर्मचारी, प्राध्यापक और अन्य अधिकारी शामिल थे। इस आयोजन



को प्रमाणित करने के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के निर्णायक, ऋषि नाथ परिसर में उपस्थित थे और इस अवसर पर उन्होंने कहा, इस बात की घोषणा करते हुए मुझे बेहद खुशी हो रही है कि, ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से उत्साही प्रतिभागियों के साथ सबसे बड़ा मानव झंडा लहराने का रिकॉर्ड बनाने में सफलता प्राप्त की है।

# कैंथला खुर्द में सुभाष सुधा के मंत्री बनने पर सरपंच बलदेव सिंह सैनी व ग्रामवासियों ने लडडू बांट कर जताई खुशी

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : नायब सरकार में थानेसर के विधायक सुभाष सुधा के राज्य मंत्री बनने पर कैंथला खुर्द के सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी व ग्रामवासियों ने लड्डू बांटकर व ढोल की थाप पर नाचकर खुशी का इजहार किया। जैसे ही ग्रामवासियों को पता चला कि विधायक सुभाष सुधा को राज्यमंत्री बनाया गया है तो वैसे ही समर्थक सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी के आवास पर पहुंचना शुरू हो गए और ग्रामवासियों ने विधायक सुभाष सुधा जिंदाबाद व भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए।



कैंथला खुर्द के सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने एक साफ व्यक्तित्व के धनी, मधुरभाषी, वाणी के धनी, सुभाष सुधा को राज्यमंत्री बनाकर दिखा दिया कि पार्टी में जो भी ईमानदारी के साथ कार्य करता है उसे पार्टी आगे लेकर जाती है। उन्होंने कहा कि थानेसर से मंत्री बनना कुरुक्षेत्रवासियों के लिए खुशी की बात है।

## 1950 पर दे सकते हैं आर्दश आचार संहिता के उल्लंघन की सूचना

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भारत निर्वाचन** आयोग के निदेर्शानुसार चुनाव से संबंधित शिकायतों व समस्याओं के निपटारे के लिए जिला न्ि२२२र्वाचन कार्यालय द्वारा कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका टोल फ्री नंबर 1950 है। इस नम्बर पर 24 घंटे सेवाएं उपलब्ध रहेगी। आमजन इस नंबर पर अपनी शिकायत दे सकते हैं तथा अपनी समस्याओं का समाधान करवा सकते हैं। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व होता है।

# राजकीय विद्यालय अमीन में कॉलेज प्राध्यापक से रूबरू हुए विद्यार्थी, विज्ञान में रुचि व रुझान बढ़ने पर हुई चर्चा

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, अमीन में समग्र शिक्षा के ' उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा स्कूलों की निगरानी और मार्गदर्शन' अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें गवर्नमेंट कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर ने भाग लिया। कार्यक्रम में विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु पर विस्तृत चर्चा हुई और विभिन्न विषयों पर विद्यार्थियों की जिज्ञासा का समाधान किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों से मुखातिब राजकीय कन्या महाविद्यालय, पलवल के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.



सुमंत गोयल ने कहा कि यह विज्ञान व तकनीकी का युग है और तकनीक सभी के जीवन का अहम अंग है। यह सुखद है कि विज्ञान व नई प्रोद्योगिकी के प्रति विद्यार्थियों में रुझान लगातार बढ़ रहा है। तकनीकी दक्षताओं के हासिल करने रोजगार व स्वरोजगार के अवसर बढ़ जाते हैं।डॉ. सुमंत गोयल जी ने विद्यार्थियों से विज्ञान के विभिन्न अवधारणाओं पर चर्चा की जिनमें ध्वनि तरंग, विद्युत धारा आदि को प्रयोगों के माध्यम से बताया गया। युवाओं में विज्ञान के प्रति उनकी उत्सुकता को जागृत करने का प्रयास किया। कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियाँ करवाई गई जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। प्रधानाचार्या श्री मती कमल बत्तरा ने डॉ. सुमंत गोयल जी का धन्यवाद किया और बताया कि विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति जागरूक करने के लिए विद्यालय में समय-समय पर अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है।

## सीएम नायब सिंह ने जसविंदर के पिता के निधन पर शोक किया व्यक्त

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: हरियाणा** के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी कुरुक्षेत्र के गांव बहादुरपुरा में भाजपा के जिला महामंत्री जसविंदर सैनी के आवास पर उनके पिता एवं लाडवा के पूर्व विधायक डॉक्टर पवन सैनी के भाई के निधन पर शोक प्रकट करने पहुंचे। सीएम श्री नायब सिंह सैनी के साथ राज्यमंत्री श्री सुभाष सुधा भी बहादुरपुरा पहुंचे। सीएम के दौरे के चलते गांव बहादुरपुरा में भारी पुलिस बल तैनात रहा। सीएम नायब सैनी ने जसविंदर सैनी और पूर्व विधायक डॉक्टर पवन सैनी और पूरे सैनी परिवार को ढांढस बंधाते हुए गहरा शोक प्रकट किया। गौरतलब है की भाजपा के जिला महामंत्री जसविंदर सैनी के पिता अमर सिंह का बीते दिन 18 मार्च को निधन हो गया था। वे पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे और अस्पताल में उपचाराधीन थे। उनके निधन पर शहर के सभी राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने गहरा रोष प्रकट किया है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष रवि बतान, रामपाल पाली, युवा भाजपा नेता प्रतीक सुधा, गुलजार सैनी सहित विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के अलावा भारी संख्या में ग्रामीण, शहरवासी भी मौजूद रहे।

## ओएमआई फाउंडेशन के अध्ययन ने भारतीय प्लेटफॉर्म श्रमिकों के लिए विस्तृत सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में बताया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** अन्तर्राष्ट्रीय मौद्रिक कोष के कार्यकारी निदेशक और भारत सरकार के 17वें मुख्य आर्थिक सलाहकार (2018-21) प्रोफेसर कृष्णमूर्ति वी. सुब्रमण्यन ने आज ओएमआई फाउंडेशन की रिपोर्ट ह्यसोशल प्रोटेक्शन इन इंडियाज प्लेटफॉर्म इकोनॉमीः अनपैकिंग सप्लाई डायनामिक्सह्न का अनावरण किया। 10 माह लंबे अध्ययन द्वारा तैयार की गई इस रिपोर्ट में भारत में प्लेटफॉर्म श्रमिकों को उपलब्ध विभिन्न तरह के सामाजिक सुरक्षा लाभों के बारे में बताया गया है। इसमें 10 प्रमुख प्लेटफॉर्म्स के बारे में विस्तृत परिदृश्य पेश किया गया है, जिनका सामूहिक राजस्व वित्तीय वर्ष 2023 में 56.4 हजार करोड़ रुपये से अधिक रहा। इन 10 प्लेटफॉर्म्स से 45.5 लाख से अधिक श्रमिक जुड़े हैं। इसके अलावा, इस रिपोर्ट में भारत सरकार के श्रम और रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत काम करते हुए श्रमिकों के कल्याण की देखरेख करने वाली दो सरकारी संस्थाओं और दो कार्यबल प्रदाता के इंटरव्यू से मिली महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई है। यह रिपोर्ट राष्ट्रीय संवादः प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था में सामाजिक सुरक्षा और सस्टेनेबल कल्याण में पेश की गई। इस कार्यक्रम में नीति निमार्ताओं, सामाजिक सुरक्षा विशेषज्ञों, बहुपक्षीय संगठनों, श्रमिकों के प्रतिनिधियों और उद्योग व शिक्षा जगत के सदस्यों ने हिस्सा लिया। उन्होंने भारत की प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था में एक सस्टेनेबल सामाजिक सुरक्षा स्थापित करने के अवसरों और चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया।

प्लेटफॉर्म पर काम करने को एक विशिष्ट श्रेणी मानते हुए भारत के सामने सामाजिक सुरक्षा के प्रतिमानों को फिर से परिभाषित करने का अवसर है।इस राष्ट्रीय वार्ता में मौजूद गणमान्य लोगों ने माना कि प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था अभी शुरूआती दौर में है और तेजी से विकसित हो रही है।

# कुण्डली औद्योगिक एसो. ने मनाया होली मिलन समारोह

**टीम एक्शन इंडिया**

**राईः कुण्डली** औद्योगिक एसोसिएशन द्वारा कुण्डली के सभागार में बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आसपास के सभी व्यापारियों ने एक दूसरे से गले मिलकर होली की बधाई दी साथ ही सभी आंगतुकों को चंदन का टीका लगाकर स्वागत किया गया। समारोह में उधोगपतियों ने जम कर लुत्फ उठाया । कुंडली इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान सुभाष गुप्ता ने कहा कि होली भारतीय संस्कृति का एक प्रमुख पर्व है जो खुशी, आनंद, प्रेम और एकता का प्रतीक है। इसे सामाजिक बन्धनों को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर मानना चाहिए। होली एक



आपसी समझ, समरसता और समानता का प्रतीक और पवित्र परंपराओं को जीवित रखने का एक महत्वपूर्ण तरीका है और हमें इसका समर्थन करना चाहिए और इसका आनंद लेना चाहिए। इस अवसर पर कुण्डली उद्योग व्यापार मंडल से अरविन्द चौधरी,नरेश मित्तल, प्रवीण कुमार जैन, संजीव नौलका, संजीव जैन,के के गोयल सहित काफी संख्या में उधोग पति मौजूद रहे।

# महिलाओं ने खेली फूलों की होली

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**तहसील** कैंप के रामनगर में मंगलवार को मां सरस्वती वूमेन वेलफेयर सोसाइटी ने समिति का दसवां वार्षिक महोत्सव व होली का पर्व बड़े ही धूमधाम से उत्साह पूर्वक मनाया। सोसाइटी द्वारा शाम 4 से लेकर 7 तक ठाकुर जी के संग भजन संध्या करके फूलों की होली खेली। भजन संध्या में भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के प्रधान बलविंदर आर्य ने अपनी टीम के साथ ज्योत प्रज्वलित की और ठाकुर जी का आशीर्वाद प्राप्त करके सभी को होली की शुभकामनाएं दी। भजन संध्या पर मुख्य रूप से पूर्व मेयर अवनीत कौर, लोकसभा सांसद संजय भाटिया की पत्नी अंजू भाटिया, शहरी विधायक की पत्नी नीरू विज मुख्य रूप से



मौजूद रहे। भजन संध्या में तहसील कैंप प्रेम मंदिर की पूनम दीदी ने ठाकुर जी के भजन सुना कर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। समिति की प्रधान इंदू कुकरेजा ने बताया कि सोसाइटी सामाजिक कार्यक्रम के साथ-साथ धार्मिक कार्यक्रम भी किया करती रहती है। आज समिति को 10 वर्ष पूरे हो चुके हैं इसके उपलक्ष्य में समिति द्वारा भजन संध्या का आयोजन करवाया गया जिसमें ठाकुर जी के संग फूलों की होली खेली गई।इंदू कुकरेजा ने बताया कि समिति की ओर से महिलाओं को मेहंदी कोर्स,सिलाई के कोर्स, गरीब परिवारों को राशन कपड़े देना, गरीब कन्याओं का विवाह ऐसे कई कार्य हैं जो लगातार किए जा रहे हैं।

# खंडेलवाल के लिए कार्यकर्ताओं ने चलाया अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव के लिए बस अब कुछ ही दिन शेष बचे है, जिसको लेकर सारी ही पार्टियों ने कमर कस ली है।
तो वहीं, सभी पार्टी के कार्यकर्ता अपने-अपने लोकसभा सीट के उम्मीदवारों के लिए लगातार जनसम्पर्क कर चुनावी प्रचार-प्रसार कर रहें है।
इसी कडी में त्रीनगर वार्ड नंबर-63 में भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता व प्रवीण खंडेलवाल की भतीजी पूनम गुप्ता ने त्रीनगर क्षेत्र में चांदनी चौक लोकसभा के प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल के लिए प्रचार-प्रसार किया व इस दौरान डोर-टू-डोर जाकर स्टीकर लगाकर लोगों से संपर्क किया।





**डोर टू डोर किया जनसंपर्क:** इस दौरान उनके साथ वार्ड-63 की पूर्व निगम पार्षद मंजू शर्मा, भाजपा नेता संजय शर्मा, भाजपा नेता अश्विनी शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष जय भगवान गुप्ता, सुनील जैन, छबील दास गर्ग सहित पार्टी के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद रहे।

**भाजपा ने चलाई कई योजनाएं:** इस मौके पर भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता पूनम गुप्ता ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने महिलाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए कई योजनाएं चलाई है, जिससे महिलाओं के प्रति हो रहे हनन पर लगाम लगी है। इसके अतिरिक्त उज्जवला योजना से गैस चूल्हे वितरित किए, आयुष्मान योजना से लाखों का ऑप्रेशन व इलाज मुफ्त में दिया, हर घर नल से पानी पहुंचाया, ऐसी कई योजनाओं से लाभ पहुंचाया है।

## रविन्द्र त्यागी नियुक्त हुए उत्तरी-पूर्वी लोकसभा सोशल मीडिया चेयरमैन




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** रविन्द्र त्यागी को उत्तरी पूर्वी लोकसभा का सोशल मीडिया का चेयरमैन नियुक्त किये जाने पर जिला करावल नगर जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज, कादीपुर ब्लॉक अध्यक्ष खेमचन्द सैनी, कांग्रेस नेता सुखबीर सिंह ने शाल बुक्का व फूलमाला भेंट करके उनका स्वागत किया व कांग्रेस हाईकमान का धन्यवाद किया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष खेमचंद सैनी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का मैं धन्यवाद करता हूं जिन्होंने रविन्द्र त्यागी को उत्तरी-पूर्वी लोकसभा सोशल मीडिया चेयरमैन की जिम्मेवारी सौंपी है। श्री त्यागी बड़े ही अच्छे व्यक्ति है और कांग्रेस के एक मजबूत सिपाही है।

## गांवों की भूमि पर बने स्कूलों में ग्रामीणों के बच्चें दाखिले से वंचित क्यों: थान सिंह यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली पंचायत** संघ ने ईडब्ल्यूएस कैटेगरी में दाखिले की प्रक्रिया को लटकाने पर दिल्ली सरकार की साजिश बताया है। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने दिल्ली सरकार पर गरीबों के बच्चों के दाखिले को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया है।
इसको लेकर उपराज्यपाल से मांग की कि चुनाव को देखते हुए ईडब्ल्यूएस दाखिले की प्रक्रिया को स्कूल प्रशासन अभिभावकों के सामने ड्रा करके कराएं। क्योंकि दिल्ली देहात के गांवों,अनधिकृत कॉलोनी के गरीब बच्चों के



ईडब्ल्यूएस ऑनलाइन दाखिले की प्रक्रिया को लेकर दिल्ली सरकार साजिश कर रही है।
1अप्रैल से स्कूलों में नया सत्र शुरू हो जाएगा, और अभी तक दाखिले की प्रक्रिया भी शुरू नहीं हुई है, वहीं दूसरी ओर दिल्ली में लोकसभा चुनाव होने जा रहे हैं। इसलिए ऑनलाइन ईडब्ल्यूएस सेंट्रलाइज्ड दाखिले की प्रक्रिया को लेकर उपराज्यपाल एक कमेटी गठित करें। जिसमें दिल्ली 360 गांवों की दिल्ली पंचायत संघ व अभिभावक संगठनों के पदाधिकारियों को शामिल करें। सुनील शर्मा व पंच प्रमुख अधिवक्ता यमन यादव ने कहा की ईडब्ल्यूएस ऑनलाइन ड्रा में धांधली रोकने के लिए दाखिले की प्रक्रिया को स्कूलों में अभिभावकों के सामने कराएं। स्कूलों के नजदीक रहने वालों गरीब छात्रों व जिस गांव की जमीन पर स्कूल है।

## अशोक विहार: उपभोक्ता जागरूकता कार्यशाला एवं रैली का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: हर साल** की तरह इस साल भी ज्ञान आधार वेलफेयर सोसाइटी ने विश्व उपभोक्ता दिवस पर कार्यक्रम (कार्यशाला) का आयोजन अशोक विहार में किया गया। कार्यशाला का विषय 'उपभोक्ता जागरूकता अभियान' था। कार्यशाला में पास के वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र/वजीरपुर गांव और अशोक विहार की कई महिलाओं ने भाग लिया। इस विषय पर महिलाओं और बच्चों के साथ एक रैली भी निकाली गई। बच्चों ने उपभोक्ता जागरूकता पर शानदार नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में दिल्ली यूनिवर्सिटी (सत्यवती कॉलेज) के कई छात्र-छात्राओं ने भी हिस्सा लिया। विभिन्न वरिष्ठ वक्ताओं ने भी उपभोक्ता अधिकारों







पर बताया कि उपभोक्ता उस व्यक्ति को कहते हैं, जो विभिन्न वस्तुओं एवं सेवाओं का या तो उपभोग करता है अथवा उनको उपयोग में लाता है। हमें अपने पसंद की वस्तु खरीदने का अधिकार है। दुकानदार हमें बिना हमारी पसंद के कोई वस्तु खरीदने पर मजबूर नहीं कर सकता है। यदि विक्रेता ऐसा करता है तो उपभोक्ता को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत उपभोक्ता न्यायालय में रिपोर्ट करने का अधिकार है। उपभोक्ताओं को उपभोक्ता अधिकार प्रदान किए गए हैं। ज्ञान आधार (एनजीओ) विभिन्न स्लम क्षेत्रों में स्लम स्टडी सेंटर चला रहे हैं। करीब 500 बच्चे इन कक्षाओं का लाभ उठा रहे है।
उन्होंने कहा कि हम समर्पित रूप से वंचित लोगों के लिए काम कर रहे हैं। कार्यक्रम में ज्ञान आधार के कई सदस्य मौजूद थे और उन्होंने इस अवसर की शोभा बढ़ाई उसमें मनोज, खुशाल, चेतना, दिव्या, काजल, कविता, मौसम, अंशिका सिंह, स्वीकृति शर्मा, आयुष झा, शुभम, आदित्य कनौजिया, श्रुति, हिमांशी मोंगिया, अवनि, सानिया गर्ग, संयम भाटिया, नमन, युवराज सिंह, रोनित सिंह, खुशी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# नरेला: होली मिलन समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** होली को लेकर उत्सव का दौर शुरू हो गया है। कहीं फूलों की होली तो कहीं जमकर गुलाल उड़ाया जा रहा है। इसी कड़ी में बाहरी दिल्ली के नरेला में सफियाबाद रोड़ स्थित दयानंद खत्री कुटीर में रामलीला कमेटी द्वारा होली मंगल मिलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।
कार्यक्रम में राधा कृष्ण व होली के गीतों पर लोग झूमते नजर आए। वहीं, कलाकारों ने कृष्ण-राधा और कृष्ण के बाल सखा तथा गोपियों की सुंदर झांकी प्रस्तुत कर लोगों का मनमोह लिया। इस दौरान सभी ने





फूलों से होली खेलकर एक दूसरे को होली की बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, अति विशिष्ट व अतिथियों का आदर्श रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा पटका पहनाकर, माल्यार्पण कर प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक नीलदमन खत्री ने कहा कि मैं सभी को होली की बधाई देता हूं और कार्यक्रम के आयोजको का धन्यवाद करता हूं। जिन्होंने इतने भव्य रूप में कार्यक्रम का आयोजन किया। बांकनेर वार्ड से निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज ने सभी को होली की बधाई दी और कहा कि जिस प्रकार होली के रंग वातावरण को उल्लास और उत्साह से भरने के साथ खुशियां फैलाते हैं। उसी प्रकार हमें भी दूसरो के जीवन में खुशियों के रंग भरने चाहिए। कार्यक्रम में बांकनेर वार्ड से निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज, पूर्व विधायक नीलदमन खत्री, आदर्श रामलीला कमेटी के प्रधान राजेश खत्री, फेडरेशन ऑफ नरेला के अध्यक्ष जोगेंद्र दहिया, प्रदीप ठोलेदार, नरेश, अजीत, रणवीर सिंह, अजय, विकास बंसल, अंकित अरोडा, राहुल प्रजापत, रोहित प्रजापत, कुणाल, ऋतिक मौजूद रहे।

## जेएनयूएसयू पैनल डिबेट में एबीवीपी के प्रत्याशियों ने भरी हुंकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** जेएनयू में चुनाव नजदीक आ गया है। ऐसे में जेएनयू परिसर में चुनावी गतिविधियां भी तेज हो गई हैं। मेस कैंपेन, वॉल पेंटिंग, हॉस्टल कैंपेन, मशाल यात्रा आदि के माध्यम से चुनावी उम्मीदवार विश्वविद्यालय के छात्रों से संपर्क कर रहे हैं। इस क्रम में बुधवार की दोपहर को जेएनयू के झेलम छात्रावास के सामने सेंट्रल पैनल डिबेट का आयोजन हुआ। इस सेंट्रल पैनल डिबेट में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के उम्मीदवारों ने हुंकार भरते हुए जेएनयूएसयू से वामियों के नेतृत्व को बाहर करने के संकल्प को दोहराया। एबीवीपी की तरफ से उपाध्यक्ष पद की उम्मीदवार दीपिका शर्मा ने अपने भाषण में कहा कि एबीवीपी जिस दिन छात्र संघ का चुनाव जीत कर आएगी, सबसे पहले बराक हॉस्टल का ताला खोलेगी। एबीवीपी जब जीत कर आएगी तो इस कैंपस में 10 नए स्कूल और 6 नए हॉस्टल जो पहले से स्वीकृत हो चुके हैं उनकी नींव रखने का काम करेगी। एबीवीपी की तरफ से सचिव पद के उम्मीदवार अर्जुन आनंद ने कहा कि वाम नीत जेएनयूएसयू ने जेएनयू को दुखों के अलावा और कुछ नहीं दिया है। उन्होंने जेएनयू को धोखा दिया है। हमारी लड़ाई देश को विखंडित करने वाले ताकतों के खिलाफ है।

## इस बार पुन: दिल्ली की सातों सीटों पर खिलेगा कमल: राज खुराना

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी के नेतृत्व और भाजपा सरकार के शासन काल में भारत देश ने आज विश्व भर में अपना लौहा मनवाया है। दुनियाभर के तमाम देशों की निगाहें भारत की ओर मित्रता के लिए एकटूक बैठी है। उक्त बातें मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित गुजरांवाला टाउन में रहने वाले व पूर्व निगम पार्षद राज खुराना ने कही। वहीं वार्तालाप के दौरान खुराना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने तेजी के साथ पार्टी का विस्तार कर देश का विकास किया है।



**विकास के लिए प्रतिबद्ध है भाजपा:** राज खुराना ने कहा कि मोदी के पीएम बनने से देश का मान सम्मान और गौरव बढा है। भारत की विश्वभर में जय-जयकार हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि देश का बंटाधार करने में कांग्रेस ने कोई कसर नहीं छोडी थी। कांग्रेस के शासन काल में देशवासी गुलामी व नारकीय जीवन जीने को विवश थे। तो वहीं कांगेस की सरकार में भ्रष्टाचार जातिवाद तथा गुण्डागर्दी अपने चरम सीमा में थी। लेकिन जब से देश में भाजपा की सरकार आई है तभी से गुंडागर्दी पर अंकुश लगा है।

**अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचे सरकारी लाभ:** राज खुराना ने कहा कि हमारी पार्टी इस दायित्व को साथ लेकर चलती है कि समाज में खड़े अंतिम व्यक्ति तक संपर्क साध कर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पहुंचे।

## शालीमार बाग: भाजपा ने किये कई कार्य: सत्यपाल शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: भाजपा ने** एक सोची समझी रणनीति के चलते हरियाणा में नेतृत्व परिवर्तन कर मनोहर लाल खट्र को लोकसभा के चुनावों में टिकट देकर कई निशाने साध दिये है। उक्त विचार जागरूक उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने कहें। उन्होंने आगे बताया कि भाजपा अभी तक टिकट वितरण एवं प्रचार में ही नहीं, बल्कि तमाम सर्वों में भी आगे दिखाई दे रही है। उन्होंने आगे बताया कि कार्यकर्ता आत्मविश्वास से भरे है। मोदी सरकार के अविश्वसनीय एवं अभूत पूर्व कामों के आधार पर ही एक बार फिर मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने जा रही है। इसमें किसी को कोई संशय नहीं होना



चाहिए। उन्होंने बताया कि धारा 370 का हटाया जाना, राम मंदिर का निर्माण, नए-नए एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशनों का पुनर्निर्माण, हाई-वे का जाल, एक्सप्रेस-वे का निर्माण और अभी हाल ही में तीन देशों में प्रताडित अल्प संख्यको को नागरिकता देने संबंधी कार्य प्रत्येक भारतीय का सीना चौड़ा कर देते है।

## सदर बाजार की समस्याओं को लेकर फेस्टा ने की महापौर से मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: सदर बाजार** की समस्याओं को लेकर फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड एसोसिएशन के व्यापारी नेताओं ने विधायक व आप ट्रेड विंग के अध्यक्ष मोहिंदर गोयल की अध्यक्षता में मेयर शैली ओबेरॉय से मुलाकात की, जिसमें फेडरेशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, अध्यक्ष राकेश यादव, वाईस चेयरमैन पवन खंडेलवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव छाबड़ा, महासचिव सतपाल सिंह मांगा, रजिंदर शर्मा, आप ट्रेड विंग लोकसभा अध्यक्ष जसविंदर सिंह, व्यापार संघ ग्रीन मार्केट वाईस प्रेजिडेंट वीरेंद्र अरोड़ा



सहित अनेक व्यापारी उपस्थित थे इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव ने मेयर शैली ओबेरॉय को ज्ञापन देकर बताया दिल्ली नगर निगम द्वारा बारा टूटी चौक पर पुराने शौचालय के स्थान पर एक नया टॉयलेट ब्लॉक बनाने का निर्णय लिया गया है जो की बेहद प्रशंसनीय है और इसके लिए सदर बाजार के समस्त व्यापारी एवम निवासी आपका हार्दिक धन्यवाद करते हैं।

# त्रीनगर: माधवानंद सेवा संस्थान ट्रस्ट ने निकाली भव्य निशान यात्रा









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: त्रीनगर** विधानसभा क्षेत्र में माधवानंद सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में जगतगुरु माधवानंद के सानिध्य में खाटू श्याम की भव्य निशान यात्रा निकाली गई। निशान यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला। यात्रा में ध्वज लिए श्रद्धालु भक्ति की धुनों पर थिरकते चल रहे थे।

**सैंकड़ों लोगों ने उठाया निशान: निशान** यात्रा के दौरान ध्वज लिए श्रद्धालु, ढोल-ताशे की थाप पर नाचते दिखाई दिए। निशान यात्रा में सैंकड़ों श्रद्धालु श्याम ध्वज लेकर शामिल हुए और पदयात्रा की।
इस दौरान निशान यात्रा में बाबा की झलक पाने के लिए राहगीर भी ललायित हो रहे थे। इस निशान यात्रा में नगर की सैकड़ों महिलाओं सहित युवा श्रद्धालु लाल, पीले ध्वज निशान लेकर भक्तगण श्याम गुणगान करते हुए शामिल हुए।

**ये लोग रहे मौजूद:** इस मौके पर त्रीनगर वार्ड नंबर-63 से भाजपा की पूर्व निगम पार्षद मंजू शर्मा, भाजपा नेता संजय शर्मा, भाजपा नेत्री पूनम गुप्ता, राकेश प्रजापति, जय भगवान गुप्ता, अश्वनी, रामानंद पासवान सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**सच्चें ह्दय से करें प्रभु का सिमरन:** इस मौके पर भाजपा नेता संजय शर्मा ने कहा कि श्याम सरकार सभी के हर बिगड़े कार्य बना देते है व भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। इसलिए सभी भक्त श्याम मंदिरों में अपनी मन्नते मांगते हुए निशान चढ़ाते हैं। तो वहीं भाजपा नेत्री व दिल्ली प्रदेश प्रवक्ता पूनम गुप्ता ने कहा कि तीन बाणधारी प्रभु खाटू श्याम प्रत्येक हारे के सहारे है। मन में बस खाटू वाले बाबा का ध्यान करें वह अपने प्रत्येक भक्त के साथ है।

# एक-एक वोटर तक पहुंचेगा भाजपा का कार्यकर्ता: मुख्यमंत्री नायब सैनी

**बैठक**

8 कांग्रेस की सरकारों में भ्रष्टाचार की गति तेज हुई, जबकि मोदी सरकार में विकास की गति बढ़ी : मुख्यमंत्री



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा का फोकस 2019 चुनाव के मुकाबले बड़ी जीत दर्ज करने पर है। इसको लेकर संगठन विभिन्न स्तरों पर विभिन्न प्रकार की बैठकें और कार्यक्रम लगातार कर रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को भाजपा की चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक रोहतक के नए प्रदेश कार्यालय ह्यह्यमंगल कमलह्यह्य में हुई, जिसमें हर वोटर से संपर्क करने का स्पष्ट संदेश दिया गया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कार्यकताओं को एक-एक वोटर तक पहुंचना है। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई व्यक्ति छूटना नहीं चाहिए जिससे भाजपा के कार्यकर्ता ने संपर्क ना किया हो। इस बैठक में मुख्य रूप से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, चुनाव सह प्रभारी सुरेंद्र नागर, चुनाव प्रबंधन समिति हरियाणा के संयोजक सुभाष बराला, संगठनमंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा मौजूद रहे। पूर्व सीएम मनोहर लाल, सुरेंद्र नागर, सुभाष बराला, फणीन्द्रनाथ शर्मा ने भी उपस्थित पदाधिकारियों को चुनाव प्रबंधन के गुर दिए। इन आला नेताओं की उपस्थिति में चुनाव प्रबंधन से जुड़े संगठनात्मक विषयों पर चर्चा हुई, साथ ही लोकसभा, विधानसभा के अलावा बूथ स्तर पर चुनाव जीतने के फामूर्ला पर मंथन हुआ।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता बड़ी मजबूती से लोकसभा चुनाव को ऐतिहासिक बनाते हुए दस की दस सीटें बड़े मार्जिन से जिताने का काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 मई तक दिन-रात काम करना है। कार्यकताओं की निष्ठा और समर्पण भाव व जनता-जनार्दन के आशीर्वाद से सभी सीटों पर जीत निश्चित है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाकर भाजपा भारत को विकसित राष्ट्र बनने के रास्ते पर तेजी से बढ़ेगी।

### भाजपा के लिए रोहतक लोकसभा सीट नहीं है कोई चुनौती: सीएम सैनी

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भाजपा के लिए कोई भी सीट चुनौती नहीं है और दस की दस सीटों पर भाजपा प्रत्याशी भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों में जनता को पूरा विश्वास है और आज लोगों को घर बैठे सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। वे बुधवार को रोहतक पहुंचे और कई कार्यक्रमों में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश चुनाव प्रचार समिति की बैठक में नेताओं के साथ चुनाव को लेकर चर्चा की।उन्होंने कहा कि 2019 में पूर्व सीएम हुड्डा कहते थे कि रोहतक की सीट जीतकर हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनाएंगे, लेकिन चुनाव परिणामों से पिता-पुत्र को पता चल गया कि अब कांग्रेस से लोगों का विश्वास उठ चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस के शासन को नहीं भूली है कि किस प्रकार भ्रष्टाचार हुआ करता था।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश में खुशहाली लाकर एक सकारात्मक वातावरण तैयार किया है, ताकि हरियाणा विकसित होने की राह पर तेजी से आगे बढ़ सके। उन्होंने कहा कि जनता को घर बैठे योजनाबद्ध तरीके से इन 10 सालों में लाभ पहुंचाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की बैठक इन दस सालों में हुए कामों के मैनेजमेंट को लेकर पदाधिकारियों से हुई है।

पत्रकार द्वारा चुनाव को लेकर पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि चुनाव में भाजपा के लिए कोई चुनौती नहीं है। कांग्रेस के कार्यकाल के दौरान हुए भ्रष्टाचार को जनता भूली नहीं है। जनता को मालूम है कि कांग्रेस राज में कैसे तीन-तीन दिनों तक लाइनों में खड़े रहने के बाद गैस का सिलेंडर मिलता था। कांग्रेस ने लंबे समय तक शासन किया, लेकिन गरीब लोगों को गैस सिलेंडर तक नहीं दे पाई। कांग्रेस की सरकारों में भ्रष्टाचार की गति तेज हुई है, जबकि मोदी सरकार में विकास की गति बढ़ी है। मोदी सरकार में गरीब महिलाओं को मुफ्त गैस सिलेंडर मिले हैं और धूआं से मुक्ति मिली है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के समय में वृद्ध व्यक्ति अपनी पेंशन के लिए भटकता रहता था। भ्रष्टाचार के चलते पेंशन बनवाने में काफी दिक्कतें आती थी। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार में अब चक्कर काटने की जरूरत नहीं है। वृद्धावस्था पेंशन घर बैठे बन रही है। लोकसभाओं में टिकटों की घोषणा के सवाल पर सीएम ने कहा कि छह लोकसभाओं में प्रत्याशियों के नाम तय हो चुके हैं और बाकी चार लोकसभाओं के प्रत्याशियों के नामों की घोषणा भी जल्द हो जाएगी। पूर्व गृहमंत्री अनिल विज की नाराजगी के सवाल पर सीएम ने कहा कि अनिल विज हमारे वरिष्ठ नेता हैं और उनकी कोई नाराजगी नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### गुरुग्राम: निरोगी रहने को मुंह की सफाई बेहद जरूरी: डा. पुष्पा धनवाल

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे के अवसर पर प्राथमिक चिकित्सा केंद्र (पीएचसी) गुरुग्राम गांव तथा उप-केंद्र डूंडाहेड़ा में दांतों की देखभाल व मतदाता जागरुकता को लेकर विशेष कैंप आयोजित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में आयोजित इन कैंप में लोगों को दांतों की देखभाल करने व मताधिकार के महत्व करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

डेंटल सर्जन डा. पुष्पा धनवाल ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन शैली में मुंह की स्वच्छता व दांतों की अच्छी प्रकार से देखभाल करने का विशेष महत्व है। प्रतिदिन दो बार हमें दांतों की अच्छी प्रकार से ब्रश करनी चाहिए। साथ ही धूम्रपान या ऐसी किसी वस्तु का सेवन नहीं करना चाहिए जिससे दांतों को नुकसान पहुंचे। उन्होंने कहा कि बचपन से ही दांतों की देखभाल करने की आदत विकसित करनी चाहिए, ताकि स्वस्थ जीवन शैली से हम निरोग रहें। मुंह की देखभाल में लापरवाही करने पर विभिन्न बीमारियां भी होती है। ऐसे में स्वस्थ जीवन शैली के लिए हमें मुंह की सफाई तथा नियमित रूप से विशेषज्ञों से परामर्श लेना चाहिए।

डा. पुष्पा धनवाल ने ओरल हेल्थ के साथ-साथ इन कैंप में उपस्थित लोगों को मताधिकार के महत्व से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मताधिकार का विशेष महत्व है। मताधिकार के इस्तेमाल से हम अपने लोकतंत्र को मजबूत बनाते है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में हम सबको बढ़-चढ़ कर अपने मताधिकार का इस्तेमाल करना चाहिए। आप न केवल स्वयं बल्कि अपने आस-पास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। इस दौरान कैंप में उपस्थित लोगों को ओरल हेल्थ व मतदान करने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर डेंटल सर्जन डा. रोहित, हरविंद्र फार्मासिस्ट, रोशनी एलएचवी, सुमित्रा नर्सिंग ऑफिसर, रागिनी एलटी, शकुंतला व अनिता एएनएम तथा रिचा आदि भी उपस्थित रहे।

### करनाल में लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ेगी जजपा: दुष्यंत चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा में साढ़े चार साल तक भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर सरकार चलाने वाले जननायक पार्टी के दुष्यंत चौटाला ने ऐलान किया है कि वह करनाल में लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव के लिए अपने उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरेंगे। इससे साफ हो गया कि करनाल में जजपा पूर्व और मौजूदा मुख्यमंत्री का मुकाबला करेगी।

बुधवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में दुष्यंत चौटाला ने कहा कि पिछले चुनाव में हमारी चाबी से विधानसभा का ताला खुला था। इस बार ताला भी हमारा होगा और चाबी भी हमारी होगी। चंडीगढ़ स्थित पार्टी कार्यालय में नांगल चौधरी के पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह को कांग्रेस छोड़कर जजपा में शामिल कराने के बाद दुष्यंत चौटाला ने कहा कि भाजपा की सरकार जाने के बाद उन्होंने नये मुख्यमंत्री से अनुरोध किया था कि किसानों की बर्बाद फसल का पैसा उनके खातों में स्थानांतरित करा दिया जाए। मगर अब आचार संहिता लग गई है और उन्हें कई माह तक इंतजार करना पड़ेगा।

दुष्यंत चौटाला ने इस बात से इनकार किया कि जजपा का भाजपा के साथ गठबंधन सिर्फ सरकार चलाने तक सीमित था। उन्होंने ऐसा कहने वाले भाजपा नेताओं से सवाल पूछा कि यदि हमारी सरकार चलाने के साथ-साथ राजनीतिक गठबंधन नहीं होता तो फिर हमें एनडीए का हिस्सा क्यों माना गया और क्यों हमें एनडीए की बैठकों में बुलाया गया। उन्होंने कहा कि जिस तरह बाढ़ आने के बाद किसान की सारी फसल खराब हो गई, मगर अगले दिन ही नई पनीरी लगाकर उसने पहले से अधिक फसल प्राप्त की, उसी तर्ज पर हम भी जजपा को सत्ता में लाने का काम करेंगे। जजपा का संगठन धरातल पर सबसे अधिक मजबूत है। भाजपा सरकार गिरने के बाद दुष्यंत चौटाला ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल से हुई अपनी मुलाकात पर कहा कि मेरी उम्र 35 साल है और उनकी उम्र 69 साल है। हमने साढ़े चार साल एक साथ काम किया। दोनों में कभी कोई मनमुटाव नहीं हुआ। एक दूसरे से बहुत कुछ सीखा।

### सीएम नायब सैनी के बारे में अपशब्द बोलने पर की शिकायत

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

यूट्यूब पर एक व्यक्ति द्वारा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को और सैनी समाज पर आपत्तिजनक शब्द कहे जाने पर रोष प्रकट किया है। इसके विरोध में सूर्यवंशी क्षत्रिय महासभा ने पुलिस आयुक्त से शिकायत करते हुए इस मामले में कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।सूर्यवंशी क्षत्रिय महासभा के संस्थापक नन्द किशोर सैनी ने जानकारी दी है कि किसी भी समाज पर टिप्पणी करने से पहले उनके इतिहास को जानना चाहिए। सैनी समाज एक सूर्यवंशी क्षत्रिय समाज है, जिसमें भगवान श्री रामचन्द्र जी और भगवान गौतम बुद्ध जी, महावीर जी, देश के प्रथम चक्रवर्ती सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य जैसे वीर हुए हैं।

## हेल्प के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने शुरू किए हुए हैं 20 मोबाईल ऐप

**मोबाइल एप**

8 -सुविधा के लिए बनाए गए हैं मोबाइल एप, -ऑनलाईन सेवाओं को ले सकते हैं लाभ



**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं की सुविधा के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने 20 से अधिक ऑनलाईन एप शुरू किए हुए हैं। जिनका प्रयोग कर मतदाता या कोई भी उम्मीदवार अपनी समस्या का निवारण करवा सकता है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने बुधवार को बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया को सरल एवं सुविधाजनक बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने ऑफलाईन ही नहीं, बल्कि ऑनलाईन भी अनेक सेवाएं शुरू की हुई हैं।

उदाहरण के तौर पर 18 साल का कोई युवा या युवती अपना वोट बनवाना चाहता हैं तो वह वोटस.ईसीआई.इन पर ऑनलाईन आवेदन कर सकता है। यह सुविधा केवल तब तक है, जब तक कि लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू नहीं हो जाती। नामांकन पत्रों के दाखिल शुरू होने के बाद इसे बंद कर दिया जाएगा। गुरुग्राम में यह प्रक्रिया 29 अप्रैल से आरंभ होगी और 6 मई तक जारी रहेगी। इसी प्रकार निर्वाचन आयोग ने सी-विजिल के नाम से एक नया एप शुरू किया है। इस मोबाइल एप को डाऊनलोड कर कोई भी नागरिक आदर्श आचार संहिता की कहीं अवहेलना हो रही है तो उसकी फोटो या वीडियो बनाकर अपनी शिकायत भेज सकता है। जिसका निवारण निर्वाचन कार्यालय की ओर से 100 मिनट में किया जाएगा।

उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि ऑनलाईन नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए भी निर्वाचन आयोग ने कैंडीडेट नोमिनेशन ऐप्लिकेशन के नाम से एक एप बनाया है। कोई भी प्रत्याशी इस एप का प्रयोग कर अपने आवेदन को इस एप पर ऑनलाईन दर्ज करवा सकता है। इसमें आनलाईन भुगतान के माध्यम से अपनी जमानत राशि जमा करने का विकल्प प्रदान किया गया है। एक बार आवेदन दर्ज होने के बाद उम्मीदवार कैंडीडेट सुविधा एप का प्रयोग कर अपने आवेदन की आगामी कार्यवाही पर नजर रख सकते हैं। रिटर्निंग अधिकारियों के लिए आयोग ने एनकोर के नाम से एक सॉफ्टवेयर तैयार किया है। इसमें उम्मीदवारों का आवश्यक डाटा फीड रहता है। उम्मीदवारों की संपत्ति के विवरण को देखने के लिए आयोग ने शपथ पत्र पोर्टल बनाया है। इस एप पर किसी उम्मीदवार की चल-अचल संपत्ति, हलफनामे को आनलाईन देखा जा सकता है।

## जींद : धर्मनगरी बड़ौदा पहुंचे उत्तर भारतीय प्रवर्तक सुभद्र मुनि महाराज



**टीम एक्शन इंडिया/जींद**

बड़ौदी गांव से विहार करके धर्मनगरी बड़ौदा गांव पहुंचे उत्तर भारतीय प्रवर्तक गुरूदेव सुभद्र मुनि महाराज का बुधवार को भव्य स्वागत धर्म प्रेमियों, ग्रामीणों ने किया। यहां पर गांव के प्रवेश द्वार से लेकर जैन स्थानक तक महिलाओं ने कलश यात्रा गांव में सुभद्र मुनि महाराज के आगमन पर निकाली।

बीते पांच महीनों से प्रवचन को छोड़ कर मौन साधना पर सुभद्र मुनि महाराज है। बड़ौदा जैन स्थानक में अमित मुनि सहित अन्य जैन मुनि विराजमान हैं। आस-पास के क्षेत्र से श्रद्धालु सुभद्र मुनि महाराज के बड़ौदा पहुंचने की जानकारी मिलने के बाद दर्शन करने पहुंचे। सुभद्र मुनि महाराज ने कहा कि धर्म की जड़ हमेशा हरी होती है। जीवन में धर्म के कामों में रुचि लेनी चाहिए।

### रामपाल माजरा की इनेलो में वापसी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के पूर्व मुख्य संसदीय सचिव रामपाल माजरा बुधवार को फिर से इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) पार्टी में शामिल हो गए हैं। इनेलो में आते ही पार्टी ने उन्हें नफे सिंह राठी की जगह प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया है। रामपाल माजरा वर्ष 2019 में इनेलो छोडकर भाजपा में शामिल हो गए थे। कुछ ही समय बाद कृषि कानूनों को लेकर उन्होंने भाजपा को अलविदा कह दिया था। रामपाल माजरा ने इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व वाली पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर अभय सिंह चौटाला ने चंडीगढ़ स्थित इनेलो मुख्यालय में पत्रकारों बताया कि रामपाल माजरा को इनेलो का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## गुरुग्राम: स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट से उपभोक्ताओं को ओर बेहतर आपूर्ति मिलेगी



**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक पीसी मीणा ने बुधवार को स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की प्रगति समीक्षा की। उन्होंने स्मार्ट सिटी के अधिकारियों के साथ बिजली उपभोक्ताओं को दी जाने वाली स्मार्ट सुविधाओं और बाधा रहित बिजली आपूर्ति के बारे में जानकारी ली।

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के कार्यकारी अभियंता विनोद पुनिया, राहुल सांगवान और विक्रांत सांगवान ने गत सप्ताह मुंबई की बृहन मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट (बेस्ट) कंपनी को विजिट किया। उन्होंने बेस्ट द्वारा उपभोक्ताओं को दी जा रही बाधा रहित, गुणवत्ता पूर्वक विश्वसनीय बिजली आपूर्ति की जानकारी ली। इस अध्ययन के दौरान 24 घंटे बिना रुकावट की बिजली आपूर्ति तथा उपभोक्ताओं को दी जाने वाली सभी प्रकार की सुविधाओं का जायजा लिया। इस अध्ययन यात्रा के दौरान उन्होंने बेस्ट के जनरल पैरामीटर्स, नेटवर्क पैरामीटर्स, रिंग डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क, सिंगल लाइन डायग्राम ऑफ डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क, एचटी नेटवर्क, एलटी नेटवर्क का अध्ययन किया।

बेस्ट के अधिकारियों ने नेटवर्क के अनुभव सांझा किए और निरंतर रखरखाव में किए जाने वाले कार्यों का अध्ययन किया। बिजली आपूर्ति के बीच में आने वाली बाधाओं और शिकायतों तथा उनके समाधान का भी जायजा लिया। उपभोक्ताओं को दी जाने वाली अन्य स्मार्ट सुविधाओं की भी जानकारी प्राप्त करते हुए उन्होंने दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम में किये जाने वाले सुधारों से भी अवगत करवाया। इस बैठक में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के मुख्य अभियन्ता वीके अग्रवाल, अधीक्षण अभियंता एमएल रोहिल्ला, कार्यकारी अभियंता विनोद पुनिया, राहुल सांगवान एवं विक्रांत सांगवान आदि उपस्थित रहे।

## मोटरसाइकिल चोरी मामले में दो गिरफ्तार, मोटरसाइकिल बरामद

**जांच**

8 पुलिस जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी ललित उर्फ लीलू और सुशील उर्फ सीलू दोस्त है।



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में बुधवार को दो युवकों को गिरफ्तार किया है। उनसे चोरीशुदा 11 मोटरसाइकिल बरामद हुई हैं। पुलिस के अनुसार पाबड़ा निवासी ललित उर्फ लालू व खेदड़ निवासी सुशील उर्फ शीलू ने इस वर्ष 22 जनवरी की रात को सेक्टर 1-4 कम्युनिटी सेंटर के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी की थी। मुख्य सिपाही जयबीर ने बुधवार को बताया कि थाना एचटीएम में योग नगर निवासी सुरजीत ने सेक्टर 1-4 कम्युनिटी सेंटर के सामने से मोटरसाइकिल चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। इसमें उसने बताया कि 22 जनवरी की रात को वह सेक्टर 1-4 स्थित कम्युनिटी सेंटर में शादी में गया था और मोटरसाइकिल कम्युनिटी सेंटर के गेट पर खड़ा कर दिया। कुछ देर बाद बाहर आया तो मोटरसाइकिल वहां नहीं मिली।

पुलिस जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी ललित उर्फ लीलू और सुशील उर्फ सीलू आपस में दोस्त है। ललित उर्फ लीलू किराए की पिकअप गाड़ी चलाता है। 22 जनवरी को सुशील उर्फ सीलू सेक्टर 1-4 स्थिति कम्युनिटी सेंटर में वेटर के काम के लिए आया था और ललित उर्फ लीलू भी उसके साथ था। वहां से इन्होंने मोटरसाइकिल चोरी किया।

पुलिस ने आरोपियों से चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की है। इसके साथ ही पुलिस ने नई ऑटो मार्केट के पास झाड़ियों से चोरीशुदा 10 मोटरसाइकिल और बरामद की हैं। आरोपी ललित उर्फ लीलू ने ये चोरीशुदा मोटरसाइकिल राजस्थान निवासी एक व्यक्ति से 4-4 हजार रुपये में खरीदी हैं। आरोपियों को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। मामले की आगामी जांच जारी है।

## कलानौर में मजबूत संगठन दिलाएगा व्यापारियों को हक: एडवोकेट रमेश खुराना

**बैठक**

8 कलानौर में असामाजिक तत्वों पर रोक लगाने में सरकार नाकाम : एडवोकेट रमेश खुराना



**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**

कलानौर के व्यापारियों की एक अहम बैठक आज कलानौर के रुतबा बैंक्विट हॉल में राकेश बत्तरा पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका कलानौर की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य रूप से हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश महासचिव एवं जिला प्रभारी एडवोकेट रमेश खुराना के समक्ष व्यापारियों ने अपनी समस्याएं रखते हुए सरकार के प्रति रोष प्रकट किया। जिसमें वहां मौजूद व्यापारियों में सरकार के रवैया के प्रति रोष प्रकट करते हुए कहा कि कलानौर का बाजार काफी पुराना बाजार है परन्तु यहां न तो पानी निकासी की व्यवस्था है, न ही यहां पुलिस प्रशासन के द्वारा व्यापारियों को किसी प्रकार की कोई सुरक्षा व्यवस्था मुहिया कराई गई है। कलानौर के अंदर असामाजिक तत्व खुलेआम अपनी मनमर्जी करते हैं, यहां अनेकों व्यक्ति असामाजिक तत्वों का शिकार हो चुके हैं लेकिन सरकार के कान में इसके प्रति कोई जूँ तक नहीं रेंगती। यहां का व्यापारी भी किसी मजबूत संगठन के न होने के कारण संगठित नहीं है, यही वजह है कि यहां गुंडा तत्व अपनी मनमर्जी करने में व व्यापारियों के साथ अप्रिय घटनाएं करके फरार हो जाने में सफल हो जाते हैं। इस प्रकार की समस्याएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। व्यापारियों की समस्याएं सुनने के पश्चात हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश महासचिव एडवोकेट रमेश खुराना ने कहा कि कलानौर के व्यापारियों को संगठित होकर एक दूसरे का सहयोग करने की आवश्यकता है। जब तक व्यापारी संगठित नहीं होंगे तब तक न तो प्रशासन और न ही गुंडा तत्व आपकी परवाह करेंगे। व्यापारियों को मजबूत करने का क्रम प्रदेश व्यापार मंडल हमेशा करता रहा है और आगे भी करता रहेगा परंतु इसके लिए आवश्यक है कि व्यापारी संगठित होकर हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के साथ जुड़े व हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल की कलानौर इकाई की बैठक में यहां का प्रतिनिधि चुनकर व्यापार मंडल के साथ मिलकर व्यापार मंडल को मजबूत करने का काम करें।

एडवोकेट रमेश खुराना ने कहा कि जब तक कोई व्यक्ति, संस्था या संगठन जागरूक नहीं होगा तब तक उसके हको की अनदेखी की जाती रहेगी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जल्द ही हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल कलानौर इकाई का गठन करेगा व प्रदेश सरकार व प्रशासन को जागरुक करते हुए व्यापारियों की हितों की मांग को उठाने का सार्थक प्रयास करेगा। जिससे व्यापारियों के हितों की अनदेखी न हो व व्यापारी निर्भय होकर अपना व्यापार कर देश व प्रदेश की आर्थिक उन्नति में अपना योगदान दे सके।

## जींद : कॉटन फैक्टरी में लगी आग



**टीम एक्शन इंडिया/जींद**

जींद के औद्योगिक क्षेत्र स्थित कॉटन फैक्टरी में बुधवार को आग लग गई।

आग लगने की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद स्थानीय कर्मियों की मदद से आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक लाखों रुपये की कॉटन जल कर राख हो चुकी थी। आशंका जताई जा रही है कि शॉट सर्किट के कारण आग लगी है।

औद्योगिक क्षेत्र स्थित जींद सर्जिकल फैक्टरी में बुधवार अल सुबह अचानक से आग लग गई। फैक्टरी से धुआं उठता देख कर्मियों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग लगातार फैलती चली गई। इसी बीच आग की सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान फैक्टरी में रखी कॉटल जल कर राख हो गई वहीं पानी से भी कॉटन खराब हो गई। फैक्टरी मालिक सुशील गोयल ने बताया कि फैक्टरी में कॉटन स्पीनिंग का कार्य चला हुआ था। अचानक से फैक्टरी से धुआं उठा और देखते ही देखते कॉटन में आग लग गई। शॉर्ट सर्किट से उठी चिंगारी कॉटन पर गिरी है, जिससे फैक्टरी में आग लगी है। आग से उन्हें लगभग आठ लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 21 मार्च 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# महाराष्ट्र: ठाकरे बनाम ठाकरे की लड़ाई?

## भाजपा ने नई रणनीति बनाई! राज ठाकरे के महायुति में जाने की संभावना

**रणनीति**

**टूट के बाद ठाकरे परिवार के सदस्यों के बीच एक राजनीतिक द्वंद्व उत्पन्न करने की रणनीति बना रही**



**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई:** चुनावी महासमर में नेताओं के पाला बदलने और एक गठबंधन से दूसरे गठबंधन में शिफ्ट होने की दास्तां बहुत पुरानी है और पिछले कुछ वक्त से ऐसा दिखाई भी दे रहा है। जोड़-तोड़ कर जीत की संभावनाओं को खंगालते हुए फूंक-फूंककर कदम रखने वाली भाजपा और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना का मन एक-दूसरे के प्रति मिल सकता है। इस बीच, मंगलवार को मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद अटकलें तेज हो गईं कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राज ठाकरे 'राजग' खेमे में जाना चाहते हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, भाजपा मुख्य तौर पर बाला साहेब ठाकरे द्वारा स्थापित शिवसेना में टूट के बाद ठाकरे परिवार के सदस्यों के बीच एक राजनीतिक द्वंद्व उत्पन्न करने की रणनीति बना रही है। 'महायुति' में सत्तारूढ़ भाजपा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुआई वाली शिवसेना और अजित पवार की अगुआई वाली राकांपा शामिल हैं।

**ठाकरे बनाम ठाकरे:** अगर राज ठाकरे भाजपा नीत 'महायुति' में शामिल हो जाते हैं, तो मनसे मुंबई की एक सीट से चुनाव लड़ सकती है, जहां उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना वोटर्स को प्रभावित कर सकती है। ऐसे में चचेरे भाईयों के बीच दिलचस्प चुनावी लड़ाई देखने को मिल सकती है। मनसे ने 2009 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 13 विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज की थी। हालांकि, पार्टी को अब तक एक भी संसदीय सीट पर जीत नसीब नहीं सकी है।

**पवार बनाम पवार:** राज ठाकरे की बात बन गई तो ठाकरे बनाम ठाकरे के बीच जबरदस्त मुकाबला होने की संभावना है, लेकिन एक परिवार और भी है, जहां पर भाभी बनाम ननद की लड़ाई देखने को मिल सकती है। भतीजे अजित पवार राकांपा को लेकर चाचा से लड़ाई तो जीत गए, लेकिन वह इतने में ही नहीं रुकने वाले हैं। ऐसा माना जा रहा है कि अजित पवार बारामती से बहन सुप्रिया सुले के खिलाफ अपनी पत्नी सुनेत्रा को मैदान में उतार सकते हैं। अजित पवार ने पिछले साल चाचा शरद पवार द्वारा गठित पार्टी से विद्रोह कर सरकार को अपना समर्थन दिया था और बाद में पार्टी पर भी कब्जा स्थापित कर लिया।

### एनसीपी प्रमुख अजित पवार को लगा सुप्रीम कोर्ट से झटका

इस बीच, सुप्रीम कोर्ट ने अजित पवार को झटका देते हुए शरद पवार की तस्वीर का इस्तेमाल नहीं करने को कहा। इसके अलावा कोर्ट ने अजित पवार को 'घड़ी' चुनाव चिह्न का इस्तेमाल करने की अनुमति दे दी, जबकि शरद पवार की पार्टी 'राकांपा-शरदचंद्र पवार' लोकसभा चुनाव लड़ सकती हैं और कोर्ट ने 'ट्रम्पेट' चुनाह चिह्न को अपनी मान्यता दे दी, जो शरद पवार की पार्टी का चुनाव चिह्न है।

# वरुण गांधी को कांग्रेस के गढ़ से लड़ाने की तैयारी में भारतीय जनता पार्टी!

**शांति**

**मेनका को पीलीभीत तो वहां से उनके बेटे वरुण गांधी रायबरेली भेजे जा सकते हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**

**सुलतानपुर:** मेनका गांधी को पीलीभीत तो वहां से वरुण गांधी रायबरेली भेजे जा सकते। वहीं, सुलतानपुर सीट पर इस बार स्थानीय प्रत्याशी उतारने की तैयारी है। भाजपा में भीतरखाने इस बात की चर्चा तेज हो गई है। इस चर्चा को कई कोण से बल भी मिलता नजर आ रहा है, लेकिन सही तस्वीर 22 मार्च तक सामने आने की उम्मीद है।

लगातार दो चुनावों में भाजपा सुलतानपुर सीट पर अपराजेय रही। 2014 के चुनाव में यहां से वरुण गांधी तो 2019 में उनकी मां मेनका गांधी सांसद बनीं। इस बार भाजपा जीत की हैट्रिक लगाने की फिराक में है। कई स्तरों पर हुए सर्वे के बाद यह सीट पार्टी के लिए मजबूत मानी जा रही है।

**किसी स्थानीय नेता को पार्टी दे सकती है मौका:** ऐसे में यहां से किसी नए और स्थानीय चेहरे को मौका देने की तैयारी है। इसमें वरियता कुर्मी बिरादरी के दावेदार को मिलने के आसार हैं। हालांकि, अब तक यह महज संभावना है। फैजाबाद मंडल में सबसे कमजोर सीट अंबेडकरनगर मानी जा रही थी, इसके लिए भाजपा ने बसपा के वर्तमान सांसद रितेश पांडेय को पाले में कर बड़ा दांव चल दिया है। वहीं, लखनऊ मंडल में भाजपा की सबसे बड़ी कमजोरी रायबरेली है। कारण, लगातार कांग्रेस व गांधी परिवार का कब्जा है।

**वरुण गांधी को रायबरेली से टिकट दे सकती है भाजपा:** पिछली बार सांसद चुनी गईं सोनिया गांधी ने इस बार खुद को किनारे कर लिया। वह राज्यसभा के जरिए उच्च सदन में पहुंच गईं। उनकी जगह कौन लेगा, अभी यह तय नहीं हो सका।

# यूपी की हाईप्रोफाइल सीट पर हो सकता है बड़ा फेरबदल



**टीम एक्शन इंडिया**

**बरेली:** राजनीति का ऊंट कब, कहां किस करवट बैठे, यह कहना थोड़ा मुश्किल रहता है। भाजपा में भी इन दिनों यही चल रहा है। मंडल की तीन सीटों पर प्रत्याशी घोषित नहीं होने पर तमाम चचाएं सियासी गलियारों में हैं। हालांकि, अब पीलीभीत का टिकट बुधवार को घोषित होने की संभावना जताई जा रही है। वहां के टिकट पर बरेली वालों की भी निगाह है। उसी आधार पर यहां का टिकट घोषित होने की बात उठने लगी है।भाजपा ने अब तक प्रत्याशियों की दो सूची जारी कर दी है। पहली सूची में मंडल की दो सीटों आंवला पर धर्मेंद्र कश्यप और शाहजहांपुर में अरुण सागर को प्रत्याशी बनाया है। बरेली, पीलीभीत और बदायूं की सीट पर फिलहाल प्रत्याशी घोषित नहीं हुआ है। मंगलवार को नाम साफ होने की उम्मीद थी, लेकिन वह नहीं हो पाया।

**पीलीभीत में पहले चरण में होना है चुनाव :** पीलीभीत में पहले चरण में चुनाव होना है, इसके लिए वहां बुधवार से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। ऐसे में समझा जा रहा है कि बुधवार को पार्टी पीलीभीत के प्रत्याशी का नाम घोषित कर सकती है। पीलीभीत के टिकट पर ही बरेली सीट के दावेदारों की भी नजर है।

माना जा रहा है कि पीलीभीत में सात बार कुर्मी प्रत्याशी ने ही जीत हासिल की। ऐसे में वहां कुर्मी समाज से प्रत्याशी उतारा जा सकता है। ऐसे में अगर वहां से कुर्मी समाज को टिकट दिया तो बरेली सीट पर नान-कुर्मी प्रत्याशी को टिकट मिल सकता है। इसके विपरीत पीलीभीत में नान-कुर्मी प्रत्याशी होने पर बरेली में कुर्मी समाज को वरीयता दी जाएगी।

**सियासी भंवर**

**पीलीभीत में सात बार कुर्मी प्रत्याशी ने ही जीत हासिल की। वहां कुर्मी समाज से प्रत्याशी उतारा जा सकता है**

# 'कुशवाहा लैंड' पर बड़े सियासी खेल की तैयारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**दाउदनगर (औरंगाबाद):** भाजपा ने सीट शेयरिंग फॉर्मूले के तहत काराकाट की सीट राष्ट्रीय लोक मोर्चा को दी है। पार्टी से अधिक चर्चा इस बात की है कि भाजपा ने उपेंद्र कुशवाहा को ये सीट दी है। इससे यह साफ संदेश जा रहा है कि काराकाट लोकसभा सीट से एनडीए के प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा होंगे। लगातार कुशवाहा जाति के व्यक्ति के सांसद बनने से काराकाट को 'कुशवाहा लैंड' कहा जाने लगा है। ऐसी स्थिति बनते ही दो बार के सांसद रह चुके जदयू के नेता महाबली सिंह बेटिकट हो गए हैं। वह लगातार परिश्रम कर रहे थे और चुनाव जीतने की रणनीति पर काम कर रहे थे। सूत्रों के अनुसार, महाबली सिंह ने अपने खास



कार्यकर्ताओं को सक्रिय भी कर दिया था और चुनावी मैनेजमेंट के सभी आयामों पर काम करने का निर्देश दे रखा था। लगातार इलाके का दौरा कर रहे थे। सबकुछ उस वक्त धराशायी हो गया जब एनडीए में उपेंद्र कुशवाहा के लिए काराकाट सीट देने के लिए जदयू ने अपने सीटिंग सीट से समझौता कर लिया।

**2014 में पहली बार सांसद बने थे उपेंद्र कुशवाहा:** महत्वपूर्ण है कि उपेंद्र कुशवाहा पहली बार सांसद बने तो काराकाट के मतदाताओं के कारण। वर्ष 2008 में अस्तित्व में आई इस सीट पर जब 2009 में चुनाव हुआ तो राजग गठबंधन से जदयू के प्रत्याशी महाबली सिंह सांसद बने और राजद के कांति सिंह को यहां हार मिली थी। वर्ष 2014 में जब नरेंद्र मोदी भाजपा के प्रधानमंत्री चेहरा घोषित किए गए तो जदयू अलग हो गई और तब यहां से राजग का सहयोगी बनकर राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के उपेंद्र कुशवाहा चुनाव लड़े थे।

**चुनावी समर**

**लगातार कुशवाहा जाति के व्यक्ति के सांसद बनने से काराकाट को 'कुशवाहा लैंड' कहा जाने लगा**

# उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त: शिवपाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**बदायूं:** उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में दो बच्चों की हत्या के मामले में समाजवादी पार्टी के महासचिव शिवपाल यादव ने पहली प्रतिक्रिया दी है। सपा नेता ने कहा- 'उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है।' संभल के दौरे पर गए शिवपाल यादव ने इस घटना को दुखद बताते हुए पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही योगी सरकार पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा- उत्तर प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है।

**क्या है बदायूं हत्याकांड**

बदायूं जिले के बाबा कालोनी में मंगलवार शाम हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। सैलून चलाने वाले साजिद ने अपने पड़ोसी के घर में घुसकर दो सगे भाइयों की उस्तरे व चाकू से निर्मम हत्या कर मौके से फरार हो गया।

पीड़ित परिवार ने वारदात की सूचना पुलिस को दी। मामला दो संप्रदायों से जुड़ा होने के कारण इलाके में काफी तनाव था, गुस्साई भीड़ ने दो दुकानों में तोड़फोड़ भी की। वहीं पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर फरार हत्यारोपित साजिद को चार घंटे में एनकाउंटर में ढेर कर दिया।

# बिहार महागठबंधन नेचुरल एलायंस नहीं, सबके अपने एजेंडे छिपे: विजय सिन्हा

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना: बिहार में विपक्षी** दलों के महागठबंधन आईएनडीआईए में सीटों का बंटवारा क्यों नहीं हो पा रहा है? यह सवाल सभी के मन में है। कारण कि लोकसभा चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। हालांकि, इस सवाल का जवाब अब प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने दिया है। बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने बुधवार को कहा कि एक भी सीट जीतने की उनकी स्थिति नहीं बन रही है, इसलिए सीट का बंटवारा नहीं हो पा रहा है। मीडिया से बात करते हुए विजय सिन्हा ने बुधवार को कहा कि महागठबंधन के लोग नेचुरल एलायंस नहीं हैं। इन लोगों के अपने-अपने छिपे हुए एजेंडा हैं। अपना-अपना स्वार्थ है। एक सूत्री अभियान है कि मोदी को रोकना। भ्रष्टाचारयुक्त, वंशवादी-परिवारवादी लोग जब निगेटिव एजेंडा लेकर चलेंगे तो इनके स्वार्थ की टकराहट में सीट का बंटवारा क्लियर नहीं होगा। सब लोग डर रहे हैं कि कौन सी सीट लें जिसमें हमारी जीत की संभावना बन सके, क्योंकि बिहार में



एक भी सीट पर जीत की उनकी स्थिति नहीं बन रही है। इसलिए ऊहापोह की स्थिति है और इसी वजह से सीट का बंटवारा नहीं हो पा रहा है।

**बाहुबली की लालू से मुलाकात पर भी दिया जवाब:** विजय सिन्हा ने इसके बाद मीडिया के नवादा के बाहुबली की राजद सुप्रीमो लालू यादव से हुई मुलाकात को लेकर पूछे गए सवाल का भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि एक चीज मैं बता दूं कि विजय सिन्हा का राजनीति में प्रवेश बाहुबली के विरुद्ध ही हुआ है। जिन अशोक महतो को आज लालू यादव ला रहे हैं, उस अशोक महतो से विजय सिन्हा 2003 में चुनाव लड़ चुका है, तब लालू की सरकार ही थी। उस समय उनको भी पस्त किया है।

बड़े-बड़े क्रिमिनल से भी हम लोग चुनाव लड़े हैं। मुंगेर हो या चालीसों सीट बिहार की हो भाजपा के पक्ष में देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में जनता का आशीर्वाद है।

**साधा निशाना**

**एक भी सीट जीतने की उनकी स्थिति नहीं बन रही है, इसलिए सीट का बंटवारा नहीं हो पा रहा है: डिप्टी सीएम**

# बिहार: ओवैसी बिगाड़ेंगे इंडिया गठबंधन का खेल!

**टीम एक्शन इंडिया**

**बहादुरगंज (किशनगंज)**

बिहार किशनगंज लोकसभा क्षेत्र पर चुनाव दूसरे चरण में होना है। अभी तक किसी भी गठबंधन ने चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी का नाम अधिकृत रूप से घोषित नहीं किया है। एआईएमआईएम के तरफ से प्रदेश अध्यक्ष अख्तरूल इमाम का किशनगंज लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ना तय है। हालांकि, पार्टी के तरफ से अधिकृत रूप से घोषणा अभी बाकी है। इधर, एनडीए की ओर से किशनगंज लोकसभा सीट से जदयू चुनाव लड़ेगी। जदयू की तरफ से जिलाध्यक्ष मुजाहिद आलम के प्रत्याशी बनने की संभावना जताई जा रही है। एनडीए या जदयू पार्टी की तरफ से अधिकृत घोषणा का लोग इंतजार कर रहे हैं।



**जावेद अख्तर हो सकते हैं कांग्रेस उम्मीदवार:** बीते लोकसभा चुनाव 2019 में बिहार के 40 सीट में महागठबंधन की ओर से मात्र किशनगंज से डॉ. जावेद अख्तर के कांग्रेस से सांसद निर्वाचित होने पर उनका किशनगंज से फिर चुनाव लड़ना तय माना जा रहा था। मगर महागठबंधन के शीर्ष नेतृत्व के द्वारा एक-एक सीट पर चुनावी विश्लेषण कर प्रत्याशी तय करने में जुटी हुई है। इस दौरान किशनगंज सीट को लेकर महागठबंधन के बीच राजद की ओर से चर्चा की नई बात उभरकर सामने आ रही है। हालांकि अभी कोई मामले में अपना रुख स्पष्ट नहीं कर रहे हैं। बताया जाता है कि महागठबंधन में राजद परिवार अपने प्रत्याशी का नाम आगे बढ़ाकर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी है।

## विश्व गौरैया दिवस पर वितरित किये घोंसला

**पूर्वी चंपारण:** विश्व गौरैया दिवस पर डाक विभाग मोतिहारी के तत्वाधान में गौरैया सहित पर्यावरण अनुकूल अन्य पक्षियों के संरक्षण का संकल्प लिया गया। डाक अधीक्षक चंपारण प्रमंडल,डॉ. आशुतोष आदित्य एवं गौरैया संरक्षण के अभियान कर्त्ता केबीसी सीजन-5 के विजेता सुशील कुमार की उपस्थिति में डाक अधीक्षक कार्यालय, मोतिहारी में आयोजित विश्व गौरैया दिवस पर सुशील कुमार ने डाक अधीक्षक सहित अन्य डाक कर्मियो को घोंसला प्रदान किया गया। साथ ही सुशील कुमार ने आग्रह किया कि आप सभी इस मुहिम का महत्वपूर्ण हिस्सा बनकर और अपने आसपास गौरैया संरक्षण के लिए लोगो को जागरूक करे।

# जीरो टॉलरेंस वाली सरकार की नीति जीरो है : राज्यसभा सांसद रामगोपाल यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: उत्तर प्रदेश के बदायूं** जिले में दो सगे भाईयों की हुई नृशंस हत्या के मामले में अब राजनीति गर्मा गई है। कई नेताओं ने इस हत्याकांड पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। समाजवादी पार्टी के नेता और राज्यसभा सांसद रामगोपाल यादव ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया है। सपा नेता ने घटना के पीछे भाजपा पर राजनीतिक मंशा का आरोप आरोप लगाया है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने इस घटना को



सरकार और प्रशासन की लापरवाही का नतीजा बताया। उन्होंने कहा- जीरो टॉलरेंस वाली सरकार की नीति जीरो है। भाजपा हर घटना से राजनीतिक लाभ लेती है। वहीं एनकाउंटर के मुद्दे पर उन्होंने कहा- सरकार एनकाउंटर से पुलिस अपनी नाकामी छिपा नहीं सकती है। इसके साथ ही उन्होंने देवरिया हत्याकांड का भी जिक्र किया। वहीं शिवपाल यादव ने कहा- 'उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है।' संभल के दौरे पर गए शिवपाल यादव ने इस घटना को दुखद बताते हुए पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही योगी सरकार पर भी निशाना साधा है।

# सिद्धू मूसेवाला के पिता से मिले मानसा एसएसपी

## बठिंडा के अस्पताल में बंद कमरे में की बातचीत, बताया निजी मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**

**बठिंडा:** सिद्धू मूसेवाला के पिता द्वारा इंटरनेट मीडिया पर डाली पोस्ट के बाद मानसा के एसएसपी डा.नानक सिंह उनको मिलने के लिए बठिंडा पहुंचे। बठिंडा के जिंदल हार्ट अस्पताल में पहुंचे एसएसपी डा.नानक सिंह ने सिद्धू के पिता बलकौर सिंह के साथ बंद कमरा में मुलाकात की। एसएसपी नानक सिंह ने इस मुलाकात को एक निजी मुलाकात बताया है। उनका कहना है कि उनके परिवार के साथ अच्छे ताल्लुकात हैं। इसके चलते वे निजी तौर पर उनके परिवार से मिलने के लिए आए थे।



**बलकौर सिंह ने लगाए आरोप:** बता दें कि बीते दिन सिद्धू के पिता बलकौर ने इंटरनेट मीडिया के इंस्टाग्राम प्लेटफार्म पर एक वीडियो शेयर किया। जिसमें उन्होंने लिखा कि सरकार मुझसे बच्चे की कानूनी स्थिति साबित करने के लिए दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए कह रही है। मुझसे इसके बारे में पूछा जा रहा है। मैं सरकार, विशेषकर मुख्यमंत्री से अनुरोध करना चाहता हूं कि कृपया इलाज पूरा करने की अनुमति दें। मैं यहीं पंजाब में रहता हूं और जब भी जरूरत होगी मैं आऊंगा। कृपया पहले इलाज पूरा करने को प्राथमिकता दें। दिवंगत पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला के घर में रविवार की सुबह पांच बजे एक बार फिर किलकारियां गूंजीं। 58 साल की उम्र में सिद्धू मूसेवाला की मां चरण कौर ने आइवीएफ तकनीक के जरिए बच्चे को जन्म दिया था। वहीं आइवीएफ तकनीक को लेकर केंद्र सरकार ने बच्चे को जन्म देने के संबंध में पंजाब सरकार से जबाव मांगा।

**असमंजस**

## अपने गढ़ को फिर से प्राप्त करने के लिए इस बार कांग्रेस घेराबंदी में लगी हुई है

# जालंधर सीट से पूर्व सीएम चन्नी हो सकते हैं उम्मीदवार

**टीम एक्शन इंडिया**

**जालंधर:** कांग्रेस में जालंधर लोकसभा सीट से उम्मीदवार को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। अपने गढ़ को फिर से प्राप्त करने के लिए इस बार कांग्रेस घेराबंदी में लगी हुई है। इस सीट से टिकट के लिए पूर्व सांसद स्व. चौधरी संतोख सिंह की पत्नी कर्मजीत कौर और बेटे विक्रमजीत सिंह चौधरी ने पूरा जोर लगा रखा है। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को इस बार जालंधर के चुनावी दंगल में उतारने की चर्चा चल रही है। कांग्रेस के स्थानीय नेताओं के अनुसार जालंधर से चन्नी का नाम लगभग फाइनल है। केवल हाईकमान की ओर से घोषणा का इंतजार है। चन्नी अगर कांग्रेस के उम्मीदवार के तौर पर जालंधर से मैदान में आते हैं तो मुकाबला कड़ा और रोचक हो जाएगा। जालंधर लोकसभा सीट पर जो जातीय समीकरण हैं, उसे देखते हुए कांग्रेसियों को चन्नी से ही उम्मीद है। हालांकि, कांग्रेस को कुछ वरिष्ठ नेताओं की बगावत का डर भी सता रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री चन्नी कांग्रेस में बड़ा चेहरा हैं।



जालंधर लोकसभा सीट के तहत आने वाले विधानसभा हलकों में डेरों की भूमिका अहम रहती है। माना जाता है कि चन्नी की डेरों में अच्छी पैठ है। अगर कांग्रेस को आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सुशील कुमार रिंकू का मुकाबला करना है तो डेरों का साथ बहुत जरूरी हो जाता है। वैसे भी इस लोकसभा क्षेत्र में जो जातीय समीकरण हैं, वह भी चन्नी के पक्ष में जा सकते हैं। रविदासिया समाज जालंधर लोकसभा सीट के परिणाम में बड़ी भूमिका निभाता है। चन्नी और रिंकू दोनों रविदासिया समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं।

**ठोकेंगे ताल**

**कांग्रेस के स्थानीय नेताओं के अनुसार जालंधर से चन्नी का नाम लगभग फाइनल है**